सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-276 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 16 मार्च 2024
05 रमजान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

05 रमजान, 16.03.2024

सुन्नी हज़रात

सेहरी	इफ्तार
04 : 52	06 : 16

शिया हज़रात

सेहरी	इफ्तार
04 : 46	06 : 27

उमरा, ज़ियारत
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स
लखनऊ
मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी
मो. 9897328277
7905439594

एसबीआई को चुनावी बांड पर कड़ी फटकार

अवहेलना

- पूरी जानकारी न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार तक मांगा जवाब

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत को सौंपे गए चुनावी बॉन्ड पर सीलबंद लिफाफे वापस करने की मांग की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से पूछा कि उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड के नंबर्स क्यों जारी नहीं किए, जिनसे दानदाता और राजनीतिक पार्टियों के बीच का लिंक पता चल सके। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च तक एसबीआई से इस मामले पर जवाब मांगा है। चुनाव आयोग के सीलबंद लिफाफे वापस करने की मांग पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि डाटा को स्कैन और डिजिटलीकरण किया जा रहा है, इसमें एक दिन का समय लग सकता है। जैसे ही पूरा डाटा स्कैन हो जाएगा, तो मूल डाटा को चुनाव आयोग को वापस कर दिया जाएगा। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि एसबीआई की तरफ से कौन पेश हुआ है? एसबीआई ने बॉन्ड नंबर जारी नहीं किए हैं। स्टेट बैंक को इनका खुलासा करना चाहिए। स्टेट बैंक को सारी जानकारी प्रकाशित करनी होगी।

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान आज

चुनाव आयोग दोपहर 3 बजे शेड्यूल जारी करेगा, सात फेज में हो सकती है वोटिंग, दो करोड़ नए मतदाता जुड़े

हलचल

- राजनीतिक दल प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें
- 2024 लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ है वोटर्स
- वोटर्स की संख्या में छह प्रतिशत की हुई है बढ़ोतरी

नई दिल्ली। आम चुनाव 2024 और राज्य विधानसभाओं के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए चुनाव आयोग शनिवार 16 मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। यह नई दिल्ली के विज्ञान भवन में दोपहर 3 बजे से होगी। इसे चुनाव आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। कयास लगाए जा रहे हैं कि 543 सीटों के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव 7 या 8 फेज में हो सकते हैं। इसके साथ ही ओडिशा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भी होगा। इसके साथ ही पूरे देश में आचार संहिता भी लागू हो जाएगी। एक दिन पहले ही दो चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू की नियुक्ति गई है। दोनों ने शुक्रवार 15 मार्च को पदभार संभाला है। इसके बाद सीईसी राजीव कुमार समेत तीनों अधिकारियों ने चुनाव कार्यक्रम को लेकर बैठक की थी। चुनाव आयोग ने 5 फरवरी को सभी राजनीतिक दलों को सलाह दी है कि चुनाव प्रचार अभियानों में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी रूप में न करें। पार्टियों को भेजी गई एडवाइजरी में चुनाव पैनल ने पार्टियों और उम्मीदवारों से चुनावी प्रक्रिया के दौरान बच्चों से पोस्टर और पर्चे बांटने, नारेबाजी करने को लेकर जीरो टॉलरेंस जाहिर किया है। 2024 लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ लोग वोटिंग कर सकेंगे। चुनाव आयोग ने 8 फरवरी को सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के वोटर्स से जुड़ी स्पेशल समरी रिवीजन 2024 रिपोर्ट जारी की थी। आयोग ने बताया कि वोटिंग लिस्ट में 18 से 29 साल की उम्र वाले 2 करोड़ नए वोटर्स को जोड़ा गया है। 2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले रजिस्टर्ड वोटर्स की संख्या में 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

85+ उम्र के बुजुर्ग ही घर से वोट दे सकेंगे

चुनाव आयोग की सिफारिश के बाद शुक्रवार सरकार ने बुजुर्ग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलट से वोटिंग करने वाले चुनावी नियम में बदलाव किया है। अब केवल 85 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग मतदाता ही पोस्टल बैलट से वोटिंग कर सकेंगे। अभी तक 80 साल से ज्यादा उम्र के लोग इस सुविधा के पात्र थे। कानून मंत्रालय ने गजट नोटिफिकेशन में बताया कि 85 की उम्र पार चुके वोटर्स को यह सुविधा देने के लिए चुनाव संचालन नियम 1961 में संशोधन किया गया है।

ईडी की गिरफ्त में कविता

नई दिल्ली। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर की बेटी के कविता को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है।
समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक ईडी की कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई है। शुक्रवार को हैदराबाद में बीआरएस नेता के कविता के परिसरों पर तलाशी लेने के बाद कविता को पहले हिरासत में लिया गया। बाद में कविता को गिरफ्तार कर लिया गया।

नीतीश कैबिनेट का विस्तार, 21 मंत्रियों ने शपथ ली

बीजेपी से 12, जदयू से 9 मंत्रियों ने ली शपथ, भाजपा से आधे नए चेहरे

ताजपोशी

पटना। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ गठबंधन टूटने के कुछ हफ्ते बाद, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले नए मंत्रिमंडल का विस्तार 15 मार्च को हो गया। नए मंत्रियों के शुक्रवार की शाम 6:30 बजे पद की शपथ ली। नीतीश कुमार की कैबिनेट में 21 मंत्रियों ने शपथ ली।

बीजेपी से 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है। वहीं जेडीयू के कोटे से 9 मंत्री बनाए गए। यह घटनाक्रम भाजपा और जदयू नेताओं के बीच एक बैठक के बाद कई सप्ताह तक चली अटकलों के बाद आया है। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री रेणु देवी और विजय सिन्हा शामिल हुए, साथ ही जेडीयू नेता ललित सिंह, संजय झा, बिजेंद्र यादव और विजय चौधरी भी बैठक में मौजूद रहे। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी को राज्य की मंत्री के तौर पर शपथ दिलायी। बीजेपी की पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेणु देवी बेतिया विधानसभा क्षेत्र से आती हैं। बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मंत्री पद की शपथ ली। वो तीन बार विधान परिषद के सदस्य रह चुके हैं। बिहार के राजभवन में शुक्रवार शाम एक समारोह के दौरान भाजपा नेता नीरज कुमार सिंह ने राज्य के मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने बिहार के मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। जनता दल यूनाइटेट की वरिष्ठ नेता लेसी सिंह ने बिहार की मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला

जिम्मेदारी

- सहकारिता मंत्रालय के सचिव रहे हैं ज्ञानेश
- तेजतर्रार अफसरों में गिने जाते हैं डॉ. सुखबीर

नई दिल्ली। ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को चुनाव आयुक्त का पदभार संभाल लिया। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने दोनों का स्वागत किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाले चयन पैनल ने बीते दिन दोनों को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया था। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की थी। दरअसल, अनूप चंद्र पांडे के 14 फरवरी को सेवानिवृत्त होने और आठ मार्च को अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे के बाद निर्वाचन आयोग में ये पद खाली हो गए थे। निर्वाचन आयोग का नेतृत्व राजीव कुमार कर रहे हैं। ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल-कैडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं।

यूपी से मच्छर माफिया दोनों गायब: सीएम

1895 करोड़ के 551 परियोजनाओं का लोकार्पण किया

इरशाद सिद्दीकी / कैलाशनाथ द्विवेदी

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बी.एस.ए.ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 1895 करोड़ के 551 परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास व छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बी.एस.ए.ग्राउण्ड में बने हेलीपैड पर हेलीकाप्टर से पहुँचे। मंच पर मुख्यमंत्री के साथ सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक शहर पश्चिमी प्रयागराज सिद्धार्थनाथ सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती शीतल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर सहजानन्द राय, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, नगर पालिका सिद्धार्थनगर अध्यक्ष गोविन्द माधव, आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह, आई.जी. आरके भारद्वाज, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार मौजूद रहे। मुख्यमंत्री को सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा पुष्प गुच्छ एवं बुद्ध प्रतिमा देकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा धनराशि रुपये 1895 करोड़ की लागत से 551 परियोजनाओ को लाकार्पण/शिलान्यास बटन दबाकर किया गया।

- पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व देश कई ऊंचाइयों को छुआ है : सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सांसद, विधायकगण एवं पार्टी पदाधिकारी एवं भारी संख्या में उपस्थित जन समूह को बधाई देते हुए कहा कि होली से पूर्व रू 1895 करोड़ की योजनाओ के लाकार्पण/ शिलान्यास कर रहा हूँ। सीएम ने कहा कि सांसद डुमरियागंज की तरह सांसद होना चाहिए, जो अपने क्षेत्र की जनता के समस्याओं के लिए जनता से जुड़े रहते है इसके लिए मैं सांसद का अभिनन्दन करता हूँ। ऐसा सांसद मिलना मुश्किल है। जनपद सिद्धार्थनगर आंकाक्षात्मक जनपद से निकलकर अग्रणी जनपद बन रहा है। आज शासकीय योजनाओ का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिल रहा है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी विभिन्न योजनायें चलायी जा रही है। पहले माफिया गरीबो का हक निगल जाते थे। यह जनपद जे.ई./ए.ई.एस. से सबसे ग्रसित जनपद था। उन बच्चो को बचाने के लिए जब मै जब सड़क से संसद तक लड़ता था उस समय विपक्ष का एक सांसद संसद में मेरे साथ खड़ा होता था जो जगदम्बिका पाल थे। आज सिद्धार्थनगर इंसेफ्लाटिस से मुक्त है। किसी भी बच्चे की मृत्यु इंसेफ्लाटिस से नही हो रही है। हमने मच्छर और माफिया दोनों को समाप्त करने का काम किया है। जनपद पिछड़े जनपद की श्रेणी से निकलकर अग्रणी जनपद की श्रेणी में खड़ा हो रहा है। सिद्धार्थनगर में अच्छे-अच्छे विद्यालय बन गये है। जनपद में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार है, जो लोगो को अपनी सेवाये दे रहा है। ए.एन.एम., जी.एन.एम. की पढ़ाई हेतु नर्सिंग कालेज का शिलान्यास आज मैने किया है। हर घर को स्वच्छ जल मिल रहा है। सभी गांवो को अच्छी सड़को से जोड़ा जा रहा है। आज भारत बदल रहा है। भारत का सम्मान दुनिया में बढा है। भारत ने पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कई ऊँचाइयों को छुआ है। आज भारत दुनियां का नेतृत्व करता दिखायी दे रहा है। अमृत काल में ही देश दुनिया की पॉचवीं सबसे बडी अर्थव्यवस्था बने हैं। अगले तीन वर्षो में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनेगा। गरीबो को निःशुल्क खाद्यान्न दिया जा रहा है। 5 लाख तक का स्वास्थ्य हेतु आयुष्मान कार्ड, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना जैसी तमात प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। काला नमक चावल को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल जाना भारत की पहचान बनाता है। आज आस्था का भी सम्मान हुआ है। 5000 वर्षो का सपना पूरा हुआ और अयोध्या में भव्य राम मन्दिर बना उसमें रामलला विराजमान है। 23 जनवरी से 10 मार्च 2024 तक 1 करोड़ श्रद्धालुओ ने रामलला का दर्शन किया गया है। विकसित भारत हमारा संकल्प होना चाहिए। विकसित भारत के लिए विकसित उ0प्र0 होना चाहिए, विकसित उ0प्र0 के लिए विकसित सिद्धार्थनगर होना चाहिए। योजनाओ का लाभ पात्र लाभार्थियों को मिलता रहे इसके लिए डबल इंजन की सरकार आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने सभी को बधाई दी। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने मुख्यमंत्री जी का स्वागत करते हुए कहा कि आज पूरा सिद्धार्थनगर आपका स्वागत कर रहा है। मै सौभाग्यशाली हूँ कि तीसरी बार लोकसभा डुमरियागंज से भाजपा ने मुझे प्रत्याशी बनाकर मौका दिया है। पहले हम कभी कल्पना नही करते थे कि जनपद में मेडिकल कालेज होगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहला मेडिकल कालेज जनपद सिद्धार्थनगर को मिला है। जनपद में किसी को गम्भीर बीमारी होने पर मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर किया जाता था किन्तु मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद को मेडिकल कालेज की सौगात देने के बाद अब यही पर इलाज हो रहा है। इसके लिए पूरी जनता आपकी आभारी है। काला नमक चावल को ओडीओपी में चयनित किया गया है। आज कालानमक चावल की खेती 15 हजार हेक्टेयर में हो रही है। बुद्धभूमि पर विपाशना केन्द्र की सौगात मिली है। प्रत्येक विकास खण्ड में आई.टी.आई. का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक इटवा डा सतीश द्विवेदी, लोकसभा डुमरियागंज प्रभारी हरिचरण कुशवाहा, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर, पिछड़ा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनाथ चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) उमाशंकर, तथा अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, दूर-दराज से आयी जनता तथा स्कूली बच्चों आदि की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसरः रोशन जैकब

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनशिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में

शामिल है, शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कमिश्नर रोशन जैकब ने कलक्ट्रेट सभागार में शिकायतों की सुनवाई की। कमिश्नर द्वारा सुनवाई की सूचना पाकर शिकायतकर्ताओं का सैलाब उमड़ पड़ा, सुबह 11 बजे से शिकायतों की सुनवाई और उनका निस्तारण शाम चार बजे तक चला। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 223 शिकायतें सुनी गईं, इसमें से कुछ शिकायतों के निस्तारण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को भेज कर उनका निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं।जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर एसडीएम मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के कैंप लगवाएं। प्राप्त मामलों का गंभीरता से निस्तारण कराए।सुनवाई के दौरान फरियादी ने अवगत कराया कि अपर उपजिलाधिकारी न्यायालय पर बटवारा वाद विचाराधीन है, जिसमे लेखपाल पुष्पलता द्वारा कुर्रा बटवारा की आख्या नहीं भेजी जा रही। आख्या न भेजने को कमिश्नर ने गंभीरता से लेकर लेखपाल पुष्पलता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने बताया कि ,जनशिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। शिकायतकर्ताओं के संबधित जनपद में ही किया जाए, लोगों को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए बेवजह लखनऊ तक की दौड़ न लगानी पड़े। इसलिए मंडलीय जनता दर्शन को विकेंद्रीकृत कर जनपद स्तर पर किया जा रहा है। रोस्टर के मुताबिक वो जनशिकायतों को सुनने व निस्तारित करने के लिए यहां पहुंची हैं। कहा उनकी कोशिश रहेगी दर्ज की गई शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कर दिया जाए। हर स्तर पर सुनवाई बेहतर हो। अधिक संवेदना, समयबद्ध निस्तारण मौके पर और धरातल पर निस्तारण हो, इसके लिए हर अधिकारी को कोशिश करनी चाहिए। जनसुनवाई में जनशिकायतों को निस्तारित करने के लिए मंडलीय अधिकारियों के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर ने बताया कि अधिकांश शिकायतें भूमि संबधी व आपसी लड़ाई-झगड़े की आईं। तहसील स्तर पर वरासत व भूमि अभिलेखों से संबधित शिकायतें भी बहुत आईं। निर्देश दिए गए इस तरह की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से कर दिया जाए। इसके लिए तहसीलों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए। जिम्मेदारों की जबावदेही भी तय की गई। जनसुनवाई में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम सहित सभी एसडीएम, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह व विभागों के जिम्मेदार उपस्थित रहे।

बाला प्रसाद अवस्थी के इर्सानगर फार्म हाउस स्थित हवेली से करीब 50 लाख की हुई चोरी

लखीमपुर खीरी। चार बार विधायक रहे वरिष्ठ भाजपा नेता बाला प्रसाद अवस्थी के ग्राम बेलतुवा थाना इर्सानगर फार्म हाउस स्थित हवेली से बीती रात करीब 50 लाख की चोरी हो गयी पूर्व विधायक व परिवार सो रहा था सुबह 5 बजे अवस्थी की धर्मपत्नी जगीं तो देखा दरवाजे खुले हैं। ताले टूटे मिले। तिजोरी खुली थीं अवस्थी ने बताया कि करीब 30 लाख नकदी व सारे जेवर गायब थे तीनो रिवाल्वर में दो घर में व एक बाहर पड़ा मिला।करीब 50 लाख की चोरी हुई है। बेटों राजीव अवस्थी व संजीव अवस्थी की तरफ से पुलिस को तहरीर दी गयी है। सूचना मिलते ही एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके पर पहुँचे और पुलिस को अपराध वर्क आउट करने और मुल्जिमों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

लक्ष्मी प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने खोला अपना एसएसजी बिजनेस सेंटर

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। कार्यालय फूलबेहड़ ब्लाक के पास स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सफाई आदि से बने उत्पादों की ज्यादा से ज्यादा बिक्री के लिए एसएसजी बिजनेस सेन्टर खोला इस सेन्टर का शुभारम्भ करुणा फाउन्डेशन के उपाध्यक्ष चंदन लाल ने किया शुभारंभ करने के बाद चंदन लाल ने कहा कि यह अवसर बहुत ही खुशी का है। 6माह पूर्व समूह की महिलाओं को करुणा फाउन्डेशन की टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया आज मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त एन आर एल एम बीडीओ पियूष कुमार सिंह के सहयोग से जिला विकास अधिकारी के निर्देश पर समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी समस्त नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत को समूह से बने उत्पाद की खरीद के निर्देश हैं, जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि हो सके।बिजनेश सेंटर के शुभारंभ के अवसर पर संयुक्त बीडीओ लक्ष्मण प्रसाद गोंड ने कहा कि अपना ही आर्थिक उत्थान अपने ही द्वारा किया जाय उसी का नाम स्वयं सहायता समूह है। सहायक खण्ड विकास अधिकारी आईएसबी अनुराग पाण्डे ने कहा की ब्लाक के समस्त शौचालयों की सफाई के लिय लक्ष्मी प्रेरणा स्वयं सहायता समूह द्वारा बने उत्पाद को खरीदा जायेगा, एसएसजी बिजनेस सेन्टर के शुभारंभ के अवसर पर क्लस्टर इंचार्ज ब्लाक प्रबंधक प्रवीत उमराव, ब्लाक प्रबंधक धर्मेन्द्र, श्रीमती सीमा सिंह, समूह सचिव आरती, बैंक सखी सरिता, समूह सखी मंजू, अध्यक्ष सर्वजीत कौर, शकुन्तला, लालमती, जासनी देवी, कंचन, नेहा, धर्मा देवी, कुंवर आयुषमान आदि मौजूद रहे।

जापानी विशेषज्ञ पहुंचे मोक्षायतन संस्थान

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। योग की भूमिका पर जानकारी पाने की जिज्ञासा लिए

जापान के मेडिकल प्रोफेसर्स और जुटेंदो यूनिवर्सिटी के मेडिकल छात्रों का दल मोक्षायतन योग संस्थान पहुंचा। जहा उन्होंने प्रतिपादित भारत योग द्वारा योगीराज और नटराज भगवान शिव की परंपरा में भारतीय योग और शास्त्रीय नृत्य की बारीकियों को चिकित्सा विज्ञान की कसौटी पर कसने के भाव से संस्थान की निदेशक गुरु मां आचार्या प्रतिष्ठा से ज्ञान अर्जित किया। बेरीबाग स्थित संस्थान में पहुंचे दल को संस्थान की निदेशक गुरु मां आचार्या प्रतिष्ठा ने कहा कि योग आज केवल आस्था का विषय नहीं रह गया है बल्कि बुद्धिलब्धि, सृजनात्मकता, एकाग्रता सहित शरीर और व्यक्तित्व के विकास के साथ विविध रोगों के निदान में योग के प्रयोग अब शोध का विषय बन राह हैं, भारत ही नहीं जापान जैसे तकनीकी रूप से अग्रणी देशों के चिकित्सा वैज्ञानिकों की नजर भी अब योग के करिश्मों पर है, दवाओं के बोझ और भारी आर्थिक बजट को धता बताते हुए शांति व आनंद पाने के साथ ही बीमारियों से निजात पाकर आरोग्य हासिल कर लेने में योग की भूमिका पर जानकारी ली। संस्थान के नोएडा स्थित भारत योग केंद्र पर आयोजित कार्यशाला में जापान के चिकित्सा विशेषज्ञों के प्रमुख प्रो. तेकेशिता यू और प्रो कियोहाइड तोमोका ने भारतीय ऋषियों की परंपरा के भारतयोग की अवधारणा और फिटनेस के लिए प्रचलित आधुनिक योगा के अंतर को समझा।

गुरु मां आचार्या प्रतिष्ठा ने बारह वर्ष पूर्व गुरुदेव पद्मश्री भारत भूषण के संग जापान के प्रमुख नगरों टोकियो, रोपोंगी, जुशी, कमाकुरा, करविजवा आदि की मोनेस्ट्रीज में एक दशक पूर्व किए गए मंत्र ध्वनियों के स्वास्थ्य एवं आरोग्य वर्धक प्रयोगों और पूर्व में जापान की डा मिनेको कुनो और मोक्षायतन योग संस्थान के बीच हुए करार से जापानी चिकित्सा विशेषज्ञों को अवगत कराया और कोरोना काल में भारत योग के योग प्रोटोकॉल से चिकित्सा जगत को मिले सहयोग के बारे में जानकारी देते हुए विविध पैथियों को हाथ मिला कर चलने की आवश्यकता पर बल दिया।

बाल विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाये आकर्षक मॉडल

सहारनपुर। बाल विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर आगुन्तकों का मनमोह लिया। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर उनकी हौंसला अफजाही की गयी।

नुमाइश कैम्प स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित बाल विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्सव आनंद, डायट प्राचार्य एमएस सिद्दकी, मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक संजय कुमार व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.विनिता का आयोजकों द्वारा स्वागत किया गया। बाल विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपने-अपने मॉडल बनाकर उनका प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में कई स्कूल के विद्यार्थियों के मॉडल प्रदर्शित किये गये। मुख्य अतिथि उत्सव आनंद ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य है। इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से उनकी मानसिक व बौद्धिक क्षमता का विकास होता है।

नन्द घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

अवधनामा संवाददाता

नवाबगंज (गोंडा)। महंगूपुर गाँव में आयोजित भागवत कथा में शुक्रवार को कथा प्रवाचक ने कृष्ण की कथा का सुंदर वर्णन किया।

कथा प्रवाचक आचार्य राजनारायण ने कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि संसार में धर्म की रक्षा को हरि का अवतरण होता है। कंस के पापाचार को मिटाने के लिए ही कृष्ण अवतार हुआ। कंस वध कर श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा की। कथा व्यास ने कहा कि धर्म विमुख होकर कोई संसार में स्थापित नहीं हो सकता। हर मनुष्य को धर्म की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है। कलियुग में धर्म को समाप्त करने के लिए तमाम आसुरी शक्तियां निरंतर कार्यरत हैं। कथा व्यास ने राम जन्म की कथा का भी वर्णन किया। आरती के पश्चात सभी को हनुमान चालीसा पुस्तक वितरित की गयी। कथा में गिरीश चंद्र मिश्र, भानुप्रताप पांडेय, डंडेकर मिश्र, अमरनाथ पांडेय, सतीश चंद्र पांडेय, जगदेव पांडेय, अवनीद्र मिश्र, विनोद मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

मन का फेर पर चर्चा

लखीमपुर-खीरी। कई पुस्तकों के लेखक संपादक सुरेश सौरभ की श्वेत वर्णा प्रकाशन से आयी नई पुस्तक मन का फेर का चर्चा की गई। चर्चा में रामस्वरूप गौतम, जैन सिंह बौद्ध, मनोज कुमार, श्याम सिंह, रामबाबू, समाजसेवी जसपाल सिंह पाली,कवि श्याम किशोर बेचैन आदि सम्मिलित हुए। वक्ताओं ने कहा कि सुरेश सौरभ नित नई रचनाओं का सृजन कर रहे हैं, जो समाज के लिए मार्गदर्शन का कार्य कर रही हैं एक दिन लखीमपुर को दुनिया सुरेश सौरभ के नाम से जानेगी। जसपाल सिंह पाली ने कहा कि यह पुस्तक समाज के हर वर्ग के लिए उपयोगी है। इस पुस्तक से समाज को नई दिशा मिलेगी। स्वच्छता के नायक मनोज कुमार ने कहा-हमें खुशी है कि यह पुस्तक उस अंतिम तक पहुंच रही है जिस तक पहुंचना बहुत जरूरी है। कवि श्याम किशोर बेचैन ने कहा-सौरभ की यह पुस्तक मन की ग्रंथियों, मन उलझनों को सुलझाने में मदद करेगी। सुरेश सौरभ ने कहा-मेरी यह कोशिश कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक यह पुस्तक पहुंचे, क्योंकि उनकी भावनाओं, संवेदनाओं को इनमें 60 लघुकथाकारों ने पिरोया है। अंधविश्वासों रूढ़ियों और कुप्रथाओं पर केंद्रित यह संग्रह है।

अवैध तमंचा 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना भीरा पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त चाँद बाबू पुत्र शाकिर खान नि0मो0 आर्दश नगर कस्बा भीरा थाना भीरा जनपद खीरी को 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ भीरा पलिया रोड मैलानी तिराहा बह्दग्राम भीरा से गिरफ्तार किया गया उपरोक्त गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी/बरामदगी फर्द के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 107/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विकासखंड बभनजोत में विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने बकुई कुट्टी मंदिर सौन्द्रीकरण कार्य का किया शिलान्यास

गौरा चौकी गोंडा। विकासखंड बभनजोत के अंतर्गत ग्राम पंचायत जगन्नाथ ग्रांट में बहुपतिक्षित मंदिर बकुई कुटी हनुमान मंदिर धाम का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा द्वारा किया गया यह मंदिर की लागत लगभग 10.4 लाख के लागत से बनेगी यह मंदिर लोगों को आस्था से जुड़ा हुआ है मंदिर में साल भर लाखो श्रद्धालु पूजा याचना करते हैंआबादी लाभ मिलेगा।

शिलान्यास कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मुख्य रूप से श्व गंगाराम,सोहरथ वर्मा ,विक्रम संदीप,राज करन वर्मा ,अतुल नायक,भल्लू सिंह,संजय सिंह, विश्वनाथ पाठक, अंबिका वर्मा, अतीक अहमद,लालाबाबू , संजय सिंह, परशुराम निषाद, काशी राम शर्मा, साधू यादव,,भारी संख्या में आम जनमानस मौजूद रहे।

जनपद में 23 मार्च तक चलेगा पोषण पखवाडा

- **पोषण सम्बन्धी कार्यक्रम का असर नजर आए धरातल पर: जिला पंचायत अध्यक्ष**
- **कार्यक्रमों का करें सफल आयोजन और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन: विधायक**
- **पोषण सम्बन्धी जागरूकता सभी आंगनवाडी केन्द्रों पर कराई जाए: जिलाधिकारी**

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने कहा कि आगामी 23 मार्च तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से सहयोग देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का काम करें। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजनों में होने वाली चर्चा धरातल पर भी नजर आनी चाहिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में विधायक देवेन्द्र निम व जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र के साथ बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान आयोजित पोषण पखवाड़े के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विधायक देवेन्द्र निम ने कहा कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण संवाद में चर्चा के दौरान तीनों थीम पर आधारित कार्यों के सफल आयोजन और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के मानकों पर सभी की समझ मज़बूत बनाने का प्रयास किया जाए। डा. दिनेश चन्द्र ने कहा महिला एवं बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में शामिल है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजन प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्रों पर करके पोषण के प्रति आमजन को जागरूक किया जाए। उन्होने कहा किया योजनान्तर्गत मिलने वाला राशन शत-प्रतिशत विततिर किया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि चिकित्सा विभाग के समन्वय से 0-3 एवं 03-06 वर्ष के बच्चों का नियमित तौर पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। साथ ही गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार के बारे में विस्तार से बताया जाए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी नन्द लाल ने कहा कि पोषण पखवाडा पोषण भी पढ़ाई भी, पोषण के दृष्टिगत पारंपरिक एवं स्थानीय पद्धतियों का उपयोग केंद्रित संवेदीकरण, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य और शिशुओं एवं छोटे बच्चों का आहार आदि तीन थीम पर आधारित होगा। इस अवसर पर शीतल बिश्नोई, एडीआईओ मौ. दानिश सहित समस्त प्रभारी सीडीपीआ, आंगनवाडी कार्यकत्रियां एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

प्रदेशीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में बालक-बालिका टीम का चयन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। खेल विभाग के तत्वावधान में सहारनपुर में आयोजित होने वाली प्रदेशीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए सहारनपुर मण्डल की बालक-बालिका टीम का चयन किया गया। डॉ.बीआर अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम में जिला जूडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव व अन्तर्राष्ट्रीय रेफरी दीपक गुप्ता की देखरेख में आगामी 16 से 8 मार्च तक सहारनपुर में आयोजित होने वाली प्रदेशीय जूडो प्रतियोगिता के लिए मण्डलीय टीम का चयन किया गया। चयन ट्रायल में बालिका वर्ग के 40 किग्रा भार वर्ग में प्रियांशी सक्सेना सहारनपुर, 48 किग्रा में दाक्षी गुप्ता सहारनपुर, 52 किग्रा में साक्षी मु.नगर, 57 किग्रा में प्रेरणा सक्सेना सहारनपुर, 78 किग्रा में जानवी मु.नगर, 78 किग्रा से अधिक भार वर्ग में शैली धीमान सहारनपुर का चयन किया गया। जबकि बालक वर्ग के 55 किग्रा में तनुष गर्ग सहारनपुर, 60 किग्रा में युवराज चौधरी सहारनपुर, 66 किग्रा में वंश सैनी सहारनपुर, 73 किग्रा में सायन पाल व 100 से अधिक किग्रा भार वर्ग में मानव चौधरी का चयन किया गया। चयन व ट्रायल के दौरान दीपक गुप्ता, काशी नरेश यादव, दानिश असद, कमल कांत पंवार, साहिबपाल, कु.आयुषी गुप्ता, सुधीर वर्मा, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम संपन्न

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज रायबरेली। शुक्रवार को न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज सलेथू में वार्षिक प्रगति- पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया7 कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक

(लखनऊ खंड)उमेश द्विवेदी,जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, उप-जिलाधिकारी रजित राम गुप्ता ,वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र तिवारी, कार्यालय प्रमुख जिला विद्यालय निरक्षक जयेंदु मिश्रा एवं विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा, संयुक्त प्रबंधिका डॉ0 रश्मि शर्मा, तारकेश्वर सिंह,त्रिपुला ब्रांच के प्रधानाचार्य एस0एल0प्रजापति, प्रभारी प्राचार्य एन.एस.सी.एच.ई. शिव ओम श्रीवास्तव,सलेथू ब्रांच के प्रधानाचार्य राजीव सिंह, उप प्रधानाचार्या- रजनी श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन द्वारा विद्यालय में उपस्थित सभी गणमान्यों व अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम की श्रंखला में सर्वप्रथम सेजल, प्रज्ञा, संध्या, गरिमा, पंखुड़ी, अंशिका भारती ने स्वागत गीत के माध्यम से सभी का स्वागत किया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया।इसी कड़ी में प्राइमरी विंग टॉपर -उत्कर्ष सिंह, जूनियर विंग टॉपर -राजवीर सिंह, सीनियर विंग टॉपर- पलक मौर्या की घोषणा की गई जिन्हे पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में एस.ओ.एफ.सेकंड लेवल क्वालीफायर छात्रों को सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा द्वारा स्कूल टॉपर-राजवीर सिंह की घोषणा की गई तथा उसे सम्मानित किया गया, साथ ही 2023 बोर्ड परीक्षा के हाई स्कूल टॉपर रितिका पटेल व इण्टर मीडिएट टॉपर अंशिका वर्मा को सम्मानित किया गया।इसी दौरान सत्र 2023-24 में एक भी दिन अनुपस्थित न रहने वालो छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में संस्थापक प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा जी ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम इन छोटे बच्चों की प्रस्तुति को सराहा और कहा कि अभिभावकों के सहयोग व छात्र - छात्राओं के परिश्रम और विद्यालय के सामूहिक प्रयास के प्रतिफल स्वरूप इन बच्चों की प्रस्तुति इतनी शानदार हो सकी। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में समान प्रतिभा होती है और बच्चों की प्रतिभा को परखना ही एक शिक्षक का कार्य होता है।

दुकानों के निर्माण का नारियल फोड़ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज रायबरेली। कस्बे के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा चार इंटरलाकिंग मार्ग सहित पांच दुकानों के निर्माण का नारियल फोड़ शुभारंभ किया। प्रभात साहू ने कहा की नगर की जनता कों होली से पूर्व सड़कों की सौगात देने का कार्य किया गया हैं क्यूंकि जनता के आशीर्वाद के बदौलत ही लगातार चार बार से वह अध्यक्ष पद का चुनाव जीतते आए हैं। विकास कार्य कों हमेशा गति देना ही उनका उद्देश्य रहा हैं। इस दौरान प्रभात साहू एवं दसों सभासदों द्वारा आर्य नगर के घेरा स्थित मनीष से अजय के मकान तक इंटरलाकिंग, आजाद नगर में धनी के घर से रामगोपाल व रामगोपाल के मकान से सतगुरु के दरवाजे तक इंटरलाकिंग, शांति नगर में राजू पान की दुकान से हनुमान मंदिर तक इंटरलाकिंग व कवर्ड नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ फावड़ा मार कर किया गया। इस दौरान विस्तारित क्षेत्र के पूरे सुखई मेला मैदान पर पांच दुकानों के निर्माण का भी शुभारंभ किया गया। इस दौरान ईओ अपर्णा मिश्रा, सभासद ऊषा त्रिपाठी, शिवकुमार, जमुना प्रसाद, रामकुमार, नुरुल, मुस्ताक, विनीत, अलीम, कमलेश, धर्मेंद्र सहित नगर पंचायत लिपिक रामचंद्र, जमुना प्रसाद सहित नगर वासी मौजूद रहे।

आगामी चुनाव को लेकर पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल ने किया फ्लेग मार्च

अवधनामा संवाददाता

गुरुबक्शगंज, रायबरेली। आगामी लोकसभा चुनाव को

देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव के के पूर्व ,होली और रमजान पर्व को देखते हुए गुरुबक्शगंज सर्किल पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड़ पर आ चुकी है जिसको संज्ञान में लेकर हाल ही में पीस कमेटी की मीटिंग ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य धर्मगुरुओं के साथ बैठक भी आयोजित की गई थी,जिसमें त्यौहारों पर चर्चा की गई थी।इसके बाद अब रमजान का महीना शुरू होते ही गुरुबक्शगंज के थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पुलिस टीम और अर्धसैनिक बल के जवानों ने मिलकर गुरुबक्स गंज कस्बे के विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम ने गुरुबक्शगंज,सतांव,कोरिहर डाकिया चौराहा सुल्तानपुर खेड़ा खेड़ा,गोझरी,अमवन सहित कई गावों में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया।बताते चलें कि पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश यह संदेश देना था कि यदि कोई अराजक तत्व चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो उसके लिए ठीक नहीं होगा थाना अध्यक्ष ने लोगों से यह भी अपील की आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता कभी भी लागू हो सकती है सभी लोग आदर्श आचार संहिता का पालन करें किसी भी असंवैधानिक गतिविधि मे भाग ना ले कोई भी असंवैधानिक गतिविधि अगर आपको नजर आती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

राष्ट्रीय सेवा योजना का हुआ उद्घाटन

जालौन अवधनामा संवाददाता। सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम व द्वितीय का शिविर नीलकण्ठेश्वर मन्दिर मुहल्ला मुरलीमनोहर में आयोजित किया गया है। शिविर का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा मित्तल ने फीता काट कर किया। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा मित्तल व डॉ अवनीश दीक्षित कार्यक्रम अधिकारी ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलन कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर शुभारंभ के अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ नितिन मित्तल, चन्द्रभान मिश्र, श्रीमती कुसुमलता, वीरेंद्र नायक, चन्द्रभान सेंगर, रामकुमार, अवधेश दीक्षित, विनय कुमार, मनीष, शालू पटेल, गिरिजा शरण, मयंक छात्रों में मुस्कान, रितिक कश्यप, शारिक मंसूरी, सौम्या मिश्रा, सरिता गुप्ता, आंचल तिवारी, रिषिता आदि उपस्थित रहे।

न्यायालय सूचना

सभी को सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र मौ0 आजम व श्रीमती इकरा की शादी दि. 20.11.2022 को हुई थी श्रीमति इकरा शुरू से ही घर मे क्लेश पैदा करती चली आ रही है उसका पति भी उसका साथ देता है दोनों हमे तंग परेशान करते हैं इकरा धमकिया देती है कि मैं तुम्हे झूठे मुकदमात में फंसाने दूंगी विवश हो कर मैने 28.2.24 को पुत्र और पुत्र वधु से सभी संबंध विच्छेद कर उनको अपनी कुल चल अचल संपत्ति से भी बे दखल कर दिया है अपने किसी भी कार्य और लेन देन हेतु दोनों खुद ज़िम्मेदार होंगें।

मो. इस्लाम पुत्र अब्दुल मजीद नि. फैसल टाउन, गली न. 24, खाता खेड़ी, थाना मंडी, सहारनपुर

न्यायालय सूचना

विक्रय की उद्घोषणा (आ0 21 का नि0 66)

न्याय. मा.अपर जिला जज कक्ष संख्या 1. सहारनपुर। इजराये स01 सन 2019 मूल वाद स0 341 सन 2008 स्टेट बैंक आफ इण्डिया की कि एक कॉर्पो0 है जिसका गठन स्टेट बैंक आफ इण्डिया एक्ट 23/1955 के तहत हुआ है जो अपना व्यवसाय विभिन्न स्थानों पर करती है जिनमें से एक शाखा कोर्ट रोड,सहारनपुर है द्वारा शाखा प्रबन्धक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डिक्रीदार... बनाम 1. मुकेश कुमार जैन पुत्र श्री प्रकाश जैन, श्रीमति सुनीता जैन पत्नी श्री मुकेश कुमार जैन निवासीगण चौक माली गेट, पुल खुमरान, सहारनपुर. मदयूनान. 1- सहारनपुर के न्यायालय प्रथम अतिरिक्त जनपद न्यायाधीश कक्ष सं01 द्वारा विनिश्चित 2008 के 341 संख्याक वाला वाद जिसने भा.स्टेट बैंक यादी था और मुकेश कुमार जैन सुनिता जैन प्रतिवादी थे। यह सूचना दी जाती है कि इस न्यायालय ने उपाबद्ध अनुसूची में वर्णित कुछ सम्पतित का पार्श्व में वर्णित वाद (1) में डिक्रीदार के दावे की जो खर्चों और विक्रय की तारीख तक के ब्याज सहित 28.20.172 रूपये की राशि का है, तुष्टि में विक्रय करने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 और आदेश 21 के नियम 64 के अधीन आदेश दिया गया है। विक्रय लोक नीलाम द्वारा किया जाएगा और सम्पति अनुसूची में विनिर्दिष्ट जाटों में विक के लिए रखी जाएगी। विक्रय उत्सा निर्मात अनीयों की उस सम्पत्ति का होगा जो निम्नलिखित अनुसूची में वर्णित है और उक्त सम्पत्ति से सलंग्न दायित्व और दारे, जहाँ एक कि उनका अभिनिश्चय किया जा सका है. से है जो हर एक लाट के सामने अनुसूची में विनिर्दिष्ट है। जब तक मुलावी करने का श्रादेश न किया जाए यह विक्रम तारीख 22.3.2024 को 11 बजे से सायं 4 बजे तक दिन में प्लॉट नम्बर-25 लक्षय विहार कालोनी, ग्राम बादशाहपुर, जिला सहारनपुर में प्रारम्भ होने वाले मासिक विकय में न्यायालय द्वारा नियुक्त अमीन द्वारा किया जाएगा किन्तु यदि ऊपर विनिर्दिष्ट ऋश और विक्रय के खर्चे किसी लाट के लिए बोली अन्तिम होने के पूर्व निविदत्त या संदला कर दिए जाते हैं तो विक्रय बन्द कर दिया जाएगा। विक्रय में सर्व साधारण को या तो स्वयं या सम्यक् रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा बोली लगाने के लिए निमन्त्रित किया जाता है। किन्तु उपरिवर्णित निर्णीत लेनदारी द्वारा या उनके निमित लगाई गई कोई भी बोली स्वीकार नहीं की जाएगी और न्यायालय द्वारा पहले से दी गाई अभिव्यका अनुहा के बिना उनको किया गया विकय विधिमाला न होगा। विक्रय की अतिरिक्त शर्ते निम्नलिखित है **विक्रम की शर्ते....**

1- निम्नलिखित अनुसूची में विनिर्दिष्ट विशिष्टियां न्यायालय की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार लिखी गई है. किन्तु इस उद्घोषणा में किसी गलती, बशुद्ध कथन या लीप के लिए न्यामालय उत्तरदायी नहीं होगा।

2- वह रकम जितनी से बोलिया बढ़ाई जानी है विक्रय संचालित करने वाले अधिकारी द्वारा अवधारित की जाएगी। यदि लगाई गई बोली की रकम के बारे में या बोली लगाने वाले के बारे में कोई विवाद पैदा होता है तो वह लाट तुरना पुनः नीलाम पर बढ़ाया जाएगा। 3- किसी भी लाट की सबसे ऊँची बोली लगाने वाला व्यक्ति उस लाट का केता घोषित किया जाएमा, परन्तु यह तब जब कि वह बोली लगाने के लिए वैद्य रूप से अहित हो, यह बात न्यायालय के या विक्रय करने वाले अधिकारी के विवेकाधिकार में होगी कि वह सबसे ऊँची बोली को स्वीकार करने से उस दशा में इन्कार कर दे जिसमें लगाई गई कीमत स्पष्टतः इतनी अपर्याप्त प्रतीत हो कि ऐसे इन्कार करना वांछनीय हो जाता है। 4- विक्रय संचालित करने वाले अधिकारी के विवेकाधिकार में यह बात होगी कि ऐसे कारणों नी, जो अभिलिखित किए जाएंगे वह विक्रय की आदेश 21 के नियम 10 के उपबनयों के अधीन रहते हुए स्थगित कर दे। 5- जंगम सम्पत्ति की दशा में हर एक लाट की कीमत विक्रय के समय या उसके इतने शीघ्र पश्चात, जितना विक्रय करने वाला अधिकारी निदिष्ट करे, दी जाएगी और संदाय में व्यक्तिक होने पर सम्पत्ति तत्काल पुनः नीलाम पर चढ़ाई जाएगी और उसका पुनः विक्रय किया जाएगा। 6- स्थावर सम्पत्ति की दशा में, वह व्यक्ति, जो कंता घोषित किया गया है उस घोषणा के पश्चात् अविलम्ब अपने कयधन की रकम का पच्चीस प्रतिशत विक्रय संचालित करने वाले अधिकारी के पास डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा निक्षिप्त कर देगा और ऐसा निशेप करने में चूक होने पर सम्पत्ति तत्काल पुनः नीलाम पर चढ़ाई जाएगी और उसका पुनः विकय किया जाएगा। 7- केता द्वारा कय धन की पूरी रकम सम्पत्ति के कय दिन को छोडकर सम्पत्ति के विक्रय के पश्चात पन्द्रहवें दिनया यदि पन्द्रहवां दिन इतवार हो वा अन्य अवकाश दिन हो तो पन्द्रहमें दिन के पश्चात कार्यालय खुलने के पहले दिन न्यायालय के बन्द होने के पूर्व संदत्त कर दी जाएगी। 8-कय घन की बाकी रकम का संदाय अनुज्ञात अवधि के अन्दर करने में चूक होने पर सम्पत्ति का पुनः विकय, विक्रय की नई अधिसूचना निकाली जाने के पश्चात किया जाएगा। यदि न्यायालय ठीक समझे तो निक्षेप, उसमें से विक्रय के व्ययों को काट लेने के पश्चात सरकार के पक्ष में समपहृत कर लिया जाएगा और व्यतिक्रम करने वाले कंता के सम्पत्ति पर या जिस राशि के लिए वह सम्पत्ति बाद में बेची जाए उस राशि के किसी भी भाग पर सब दावे समपहृत हो जाएंगे, यह आज ता 15.3.24 को मेरे हस्ताक्षर में और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई। सम्पत्ति की अनुसूची....सम्पति जिसका विवरण नीचे दिया निर्णीत ऋणनी के नाम 1. मुकेश कुमार जैन 2. श्रीमति सुनीता जैन उक्त संपत्ति डिक्रीडार एस बी आई के पास बंधक है डिक्रीदार द्वारा यथाकथित संपत्ति का मुल्य 16,50, 000 है।

सम्पत्ति विवरण नीलामी तलब

एक किता मकान रकबई 116.53 वर्ग गज यानि 97.53 वर्ग मीटर जो कि प्लाट संख्या 25 पर निर्मित है तथा वर्तमान में मौके पर प्लाट है बपैनायश पूरब 6.40 मीटर, पश्चिम 6.40 मीटर उत्तर में 15.24 मीटर दक्षिण में 15.24 मीटर मुतालिक खसरा नम्बर 64 मि0 वाके लक्ष्य विहार ग्राम बादशाहपुर, परगना, तहसील व जिला सहारनपुर। जिसकी सीमाये निम्न प्रकार है-पूरब में भूमि दीगर शख्स पश्चिम में रास्ता 23 फिट बौडा, उत्तर में भूमि दीगर शख्स, दक्षिण में प्लाट नम्बर 26 आज्ञा से अपर ज़िला जज कक्ष न0 1 सिविल कोर्ट, सहारनपुर

न्यायालय सूचना

सभी को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र अजीत आयु 23 वर्ष मेरे कहने सुनने में नहीं है उसकी संगत गलत हो गई है हमारे साथ उसका आचरण भी अच्छा नहीं रहा है अतः आज मैनें पुत्र अजीत से अपने सभी संबंध विच्छेद कर उसको अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर दिया है अपने किसी भी कार्य और लेन देन हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगा। मांगे राम पुत्र श्री राम दास नि0 गांव लाडवा, तह. और ज़िला सहारनपुर कोतवाली देहात, सहारनपुर

न्यायालय सूचना

न्याया. मा. प्रथम अपर सिविल जज सी.डी÷सहारनपुर ने मा.उच्च न्याया.इलाहाबाद में लम्बित द्वितीय अपील संख्या 822/2023 राजकुमार 1/sश्रीमती सुमन देवी के वाद में आदेशित किया कि तह0 सहारनपुर के प्र0 हरौडा के ग्राम चौरादेव के ग्राम सभा भवन में 21 .3.24 को प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक गन्ना एवं बरसीन नीलामी की प्रक्रिया सम्पादित कराई जायेगी, प्रथम अपर सिविल जज सीडी सहारनपुर

फार्मा सेक्टर का उपभोक्ता था यूपी, अब बनेगा उत्पादक और निर्यातक : सीएम

अवधनामा संवाददाता

- एमएमएमयूटी में फार्मेसी बिल्डिंग का शिलान्यास एवं टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह
- यूपी में लोग और मशीनरी वही, कार्य संस्कृति बदली तो परिणाम सबके सामने

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फार्मा सेक्टर में उत्तर प्रदेश पहले कंज्यूमर (उपभोक्ता) स्टेट था। दवाएं व अन्य जरूरी मेडिकल उत्पाद बाहर से आते थे। अब यूपी फार्मा सेक्टर का उत्पादक और निर्यातक बन जाएगा। इसके लिए सरकार 2000 एकड़ में फार्मा पार्क बना रही है। यूपी में मेडिकल डिवाइस पार्क भी बन रहा है। इससे फार्मेसी के क्षेत्र में युवाओं को भी व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

सीएम योगी शुक्रवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 24.69 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फार्मेसी बिल्डिंग के शिलान्यास एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 4000 विद्यार्थियों के टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 15 विद्यार्थियों को अपने हाथों से टैबलेट और स्मार्टफोन दिया। सीएम योगी ने कहा कि आज से सात साल पहले भी यूपी में सबकुछ था लेकिन आगे बढ़ने के संकल्प का अभाव था। प्रदेश वही है, लोग वही हैं, मशीनरी भी वही है लेकिन कार्य संस्कृति बदली तो परिणाम सबके सामने है। आज उत्तर प्रदेश नया और बदला हुआ उत्तर प्रदेश नजर आता है। यह प्रगति और निवेश का प्रदेश बन गया है। यहां हरेक सेक्टर में पर्याप्त अवसर और आगे बढ़ने की संभावनाएं हैं। युवाओं को प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में असंभव कुछ भी नहीं है। यह शब्द उनके लिए है जिन्हें कुछ नहीं करना है। जिनके पास सामर्थ्य, विश्वास और साहस है उनके लिए सबकुछ संभव है। सीएम ने कहा कि जहां चुनौतियां होंगी, वहीं संभावनाएं भी होती हैं। संभावनाओं और अवसर से कभी चूकना नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना से स्मार्टफोन और टैबलेट से आच्छादित कर यूपी के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी रूप से सक्षम होकर युवा आगे बढ़ेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देंगे।

टीवी रोगियों को पोषण की पोटली देना पुनीत कार्य: डीटीओ

अवधनामा संवाददाता

पड़रौना, कुशीनगर। शुक्रवार को निश्चय दिवस के अवसर पर जिला क्षय रोग केंद्र पर 24 टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों द्वारा गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली दी गई। पोषण वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन. त्रिपाठी ने कहा कि टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार देना पुनीत का कार्य है। टीबी रोगी दवा के साथ प्रोटीनयुक्त आहार खाकर शीघ्र स्वस्थ हो जाते है। गोद लेने वालों में प्रमुख रूप से डीटीओ द्वारा 13 टीबी रोगियों को, समाजसेवी कमलापति दीक्षित द्वारा 1 मरीज को एवं एजेडी टी वी एस मोटर छावनी के प्रोपराइटर दिनेश पांडेय जी द्वारा 5 टीबी रोगियों को तथा चमन ऑटोमोबाइल के प्रोपराइटर जसमीत सिंह द्वारा 5 रोगियों को पोषण पोटली दी गई। जिसमें प्रोटीनयुक्त आहार जैसे- गुड़, भुना चना, मूँगफली का दाना, सत्तू,गजक एवं प्रोटीनयुक्त पाउडर सम्मलित रहा। कार्यक्रम का संचालन एसटीएल एस विशाल जयसवाल ने किया। आगन्तुको के प्रति आभार जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र ने व्यक्त किया। इस दौरान नितेश राय, राकेश सिंह, विवेक कुमार, अविनाश कुमार गुप्ता, दीपक दुबे, अरमान अहमद, कमल शंकर पांडे, राजा, विद्या आदि सभी उपस्थित रहे।

गन्ने की फसल को बढ़ावा दे किसान

अवधनामा संवाददाता

अहिरौली बाजार, कुशीनगर। सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र के पिपराइच चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम छपिया में शुक्रवार को जीएम ने किसान गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमे पिपराईच चीनी मिल के जीएम अरविंद कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई वैज्ञानिक विधि से गन्ने का बुआई करके अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

चीनी मिल किसानों को गन्ना बुआई को बढ़ावा देने के लिए प्रेशमड खाद, दवा, कृषि यंत्र आदि अनुदान पर दे रहा है। गन्ना अब नकदी फसल बन गई है। अन्य फसलों के सापेक्ष गन्ने की सहफसली खेती कर दो गुना से अधिक कमाई भी किया जा सकता है। गन्ना ही एक ऐसी फसल है जिसमें सूखा बाढ़ जैसे आपदाओं का खतरा नहीं के बराबर होता है। जबकि धान, गेहूं आदि फसलों के पैदावार में बीज निकलना भी कठिन होता है। गन्ना एक बार बोकर तीन फसल काट सकते हैं।बसंत कालीन गन्ना बुआई के साथ प्याज, भिंडी, लोबिया आदि की खेती करने से जहां गन्ने का लागत मूल्य मुफ्त हो जाएगा। उपज बढ़ेगा तथा गन्ने में लगने वाले कीटाणु भी नहीं लगेगा। वरिष्ट गन्ना अधिकारी सुनील यादव ने कहा की मृदा परीक्षण के साथ कृषकों को फसल चक्र अपनाने तथा गहरी जुताई करने की सलाह दी और गन्ना बुवाई के समय सीड ट्रीटमेंट जरूर करे किसान भाई अपने खेत में बुवाई के पहले ट्राइकोडर्मा का भू उपयोग जरूर करें जिस खेत में रेड रॉड नामक बीमारी लगी हो उस खेत में गन्ना बुवाई न करे, केन मैनेजर मनोज तिवारी ने कहा किसानों के मांग के सापेक्ष गन्ने की नयी प्रजाति की उन्नतशील बीज जैसे को. 0118, 98014, को.शा. 8272 को. एल. के.14201आदि चीनी मिल द्वारा दिया जा रहा है। नई किस्मों के गन्ने की बुआई कर बेहतर उपज लिया जा सकता है। वही किसान गोष्ठी में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। किसानों ने पर्ची की समस्या को अधिकारियो के समक्ष रखा तो उन्होंने जल्द से जल्द इस इस समस्या का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

पुलिस के रडार पर बदमाश, चुनाव में संरक्षण देने वालों पर भी होगी कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

> चुनाव प्रभावित करने वालों की सूची बनाकर कार्रवाई की जा रही है। सभी थानाध्यक्षों को बूथों पर पहुंचकर वोटरों से मिलकर चुनाव से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी के लिए निर्देश दिए गए हैं। कुछ बदमाशों की हिस्ट्रीशीट भी खोली जा सकती है। उनके खिलाफ कार्रवाई चल रही है। आठ पर जिला बदर की कार्रवाई हुई है। चुनाव के दौरान बदमाशों को संरक्षण देने वाले सफेदपोशों पर भी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **अभिनव त्यागी एएसपी दक्षिणी**

कुशीनगर। शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। पिछले लोकसभा चुनाव से अब तक उभरे बदमाशों की कुंडली खंगाली जा रही है। जिला बदर और हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की गतिविधियों की जानकारी जुटाने के साथ ही पुलिस गांवों में जाकर चुनाव प्रभावित करने वाले संदिग्ध लोगों की भी सूची तैयार कर रही है। चुनाव से पहले 20 से अधिक बदमाशों की हिस्ट्रीशीट भी खोली जा सकती है। चुनाव प्रभावित कर सकने वाले आठ बदमाशों पर पुलिस ने जिला बदर की कार्रवाई की है। एएसपी दक्षिणी अभिनव त्यागी ने बताया कि चुनावी फायदे के लिए में बदमाशों को संरक्षण देने वाले सफेदपोशों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

बिहार से सटा होने के कारण जिले में बिहार के बदमाश भी चुनाव में दखल देते हैं। ये बदमाश सफेदपोशों के संरक्षण में भ्रमण कर वोट प्रभावित करने का कार्य करते हैं। पुलिस के रिकार्ड के अनुसार, अभी 80 हिस्ट्रीशीटर जिले से बाहर हैं। इनमें अधिकतर कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं। बीट सिपाही और हलका दरोगा इनसे संपर्क करते रहते हैं और मोबाइल पर बातचीत के बाद परिजनों से मिलकर इनके घर आने-जाने की जानकारी ले रहे हैं। वर्ष 2014 और 2017 के चुनाव में कुशीनगर जिले में कई स्थानों पर छोटी-छोटी बातों को लेकर प्रत्याशियों के समर्थकों में विवाद हुए थे। इस चुनाव में किसी तरह का कोई विवाद न हो, इसे ध्यान में रखकर पुलिस कार्रवाई कर रही है। अपराध से नाता रखने वाले 20 बदमाशों के नाम सामने आए हैं। पुलिस इनकी हिस्ट्रीशीट खोलने की तैयारी में है। एसपी की ओर से बार्डर क्षेत्र से जुड़े थानाध्यक्षों को गांव के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर ऐसे बदमाशों की सूची बनाने और गांव में आने-जाने वाले बाहरी व्यक्तियों की जानकारी लेने के आदेश दिए गए हैं। बूथों पर भी पुलिस पहुंच रही है। लोगों से संपर्क कर गांव की गतिविधियों की जानकारी ले रही है। पुलिस 107/16 में लोगों को पाबंद करना भी शुरू कर दिया है। पाबंद लोगों के घर न सिर्फ नोटिस भेजा जाएगा, बल्कि पुलिस उनके घर पहुंचेगी और चुनाव में शांति व्यवस्था के लिए लोगों की अपील करेगी।

ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण समारोह का हुआ आयोजन

कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता। ब्लाक संसाधन केंद्र पर स्थापित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर मे शुक्रवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी सीपी गौंड की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा नेता बागीश चंद्र द्विवेदी गरजन, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे व बीडीओ आलोक कुमार पंकज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता बागीश चंद्र द्विवेदी गरजन ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षको के कठिन परिश्रम से बेसिक शिक्षा में बड़ा बदलाव आया है। जिसका उदाहरण ग्राम पंचायतो के विभिन्न स्कूलों पर देखने को मिल रहा है। भाजपा सरकार ने कायाकल्प योजना चला कर सभी मूलभूत सुविधा मुहैया करा दी है। शिक्षा क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निपुण अभियान चलाकर बच्चों को निपुण किया जा रहा है। अब परिषदीय विद्यालय किसी कानवेंट से कम नही है। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे ने कहा कि विद्यालय के विकास में ग्राम प्रधान की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान का आपस में सामंजस विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है।

उपजिलाधिकारी ने बालू के चार ट्रकों पर की कार्यवाही

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। आटा इटौरा मार्ग पर बालू भरे ओवरलोड ट्रकों का आवागमन थम नही रहा है। दिन रात बालू के ओवरलोड ट्रक चलने से आटा इटौरा मार्ग का ध्वस्तीकरण हो गया है। इस कारण ट्रक चलने से सड़क किनारे रह रहे ग्रामीणों को धूल से जीना मुहाल भी हो रहा है। जब भी कोई अधिकारी ट्रकों पर कार्यवाई करने के लिए आटा इटौरा मार्ग पर जाता है तो माफियाओ का तंत्र ट्रकों के आवागमन को रुकवा देता है या फिर ट्रक सड़क पर बालू डालकर भाग जाते है। जिससे राहगीरो को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उपजिलाधिकारी कालपी हेमंत पटेल ने आटा इटौरा मार्ग पर सुबह चार ओवरलोड ट्रकों पर कार्यवाही की। जिससे बालू माफियाओ में हड़कंप मच गया और बालू माफियाओं ने अपने अपने ट्रकों का आवागमन रोक दिया।जो ट्रक आटा इटौरा मार्ग ओर आ रहे थे उन्होंने रास्ते मे ही अपनी बालू डालकर वापिस हो गए।बीच सड़क में बालू डालने से आटा इटौरा मार्ग पर आवागमन करीब 9 बजे से लेकर 12 बजे तक प्रभावित रहा। लगभग दो किलोमीटर तक सड़क के दोनों तरफ जाम लग गया। इसके बाद आटा पुलिस ने पहुचकर बालू को ग्रामीणों की मदद से सड़क किनारे कराकर यातायात को सुचारू कराया।

जालौन में प्रत्येक लाभार्थी तक हमें पहुंचना है

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी जालौन नगर के द्वारा बूथ सशक्तिकरण एवं लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत बूथ नंबर 22 मोहल्ला मुरली मनोहर में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित और जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह सेंगर उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्रीमती उर्विजा दीक्षित में कार्यकर्ताओं से कहा कि जनपद जालौन में प्रत्येक लाभार्थी तक हमें पहुंचना है। केंद्र सरकार व प्रदेश की योगी सरकार की जनकल्याण की योजनाएं जन जन तक पहुंचना है। जो भी लाभार्थी है उनके पास पहुंचकर मोदी जी द्वारा किए गए जन कल्याण के कार्यक्रमों के बारे में उनके विचारों से और जन कल्याण की योजनाओं से उन्हें अवगत कराना है।जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव हेतु संकल्प पत्र हेतु सुझाव भी मांगे।

अपने पूर्वजों की विरासत को सहेजना होगा: एस एम मासूम

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। देश के मशहूर ब्लॉगर और लेखक एस एम मासूम ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कल्चरल क्लब अव जनसंचार द्वारा आयोजित कार्यशाला में अपने व्याख्यान के दौरान जौनपुर की सांस्कृतिक विरासत पर विस्तार से चर्चा की। अपने सांस्कृतिक मूल्यों को स्थापित करना और सांस्कृतिक पहचान को कायम रखने की जिम्मेदारी युवाओं की है. उन्होंने कहा कि जौनपुर जनपद की सांस्कृतिक विरासत बहुत ही समृद्ध रही है इसे सहेजना बहुत मुश्किल नहीं है. अपने पूर्वजों की विरासत को बस सहेजना और इसका प्रचार प्रसार करके विश्व तक पहुंचना होगा । उन्होंने जौनपुर जनपद के ऐतिहासिक स्थलों के बारे में विस्तार से बताया। विरासत सिर्फ स्मारकों या कला वस्तुओं के संग्रहण तक ही सीमित नहीं होता है। इसमें उन परंपराओं एवं प्रभावी सोचों को भी शामिल किया जाता है जो पूर्वजों से प्राप्त होते हैं ओर अगली पीढ़ी को प्राप्त होते हैं जैसे- मौखिक रूप से चल रही परंपराएं, कला प्रदर्शन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव और परंपरागत शिल्पकला। आज तक जो हमे हमारे पूर्वजों से मिला और हमने उसमे समाज अनुसार थोड़े बदलाव के साथ अपनाया लेकिन आज वैश्वीकरण के कारण हम अपनी इन विरासतों को बचा नहीं पा रहे। हम अपनी पहचान खोते जा रहे हैं। आसान शब्दों में कहा जाय तो पश्चिमी सभ्यता का इतना असर हम पे होता जा रहा है की हम अपनी विरासतों को भूलते जा रहे है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर मना निक्षय दिवस

टीबी जागरूकता समुदाय बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

- छह सम्भावित व्यक्तियो के बलगम के नमूने जांच हेतु लिए गए

कसया, कुशीनगर। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह 15 तारीख को जनपद के समस्त सीएचसी,पीएचसी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर निक्षय दिवस का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जाता है।

इसी क्रम में स्थानीय सीएचसी के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मिश्रौली में निक्षय दिवस का आयोजन कर ग्रामीणों को टीबी रोग के बारे में जागरुक किया गया तथा छः लक्षणयुक्त सम्भावित व्यक्तियों बलगम के नमूने एकत्रित कर जांच हेतु ट्रांसपोर्टर के माध्यम से सीएचसी पर ले गए। समुदाय बैठक को सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने कहा कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो जीवाणु के द्वारा होती है। यह रोगी के खाँसने और छीकने से एक दूसरे में फैलती है। इस रोग को लेकर समाज मे अनेक भ्रांतिया भी व्याप्त है। इस बीमारी का उपचार पूर्ण रूप से सम्भव है तथा निःशुल्क भी है। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शाहिद अंसारी ने कहा कि जिनको भी दो सप्ताह से अधिक की खाँसी, खाँसी के साथ बलगम आना,शाम को बुखार होना आदि लक्षण दिखे तो तुरंत अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर से सम्पर्क कर अपनी जाँच कराये। सीएचओ स्मिता मौर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत के तहत 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाना है। यह आप के सहयोग से ही सम्भव हो पायेगा। अतः आप सभी से अपील है कि इस कार्यक्रम में सहयोग करे एवं लक्षणयुक्त व्यक्तियों को जाँच हेतु अवश्य भेजे।

टीवी के बारे में जानकारी देते चिकित्सक

पल्सर सवार के खिलाफ केस दर्ज

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के बड़गहन निवासी प्रेमा देवी पत्नी छोटेलाल 55 वर्ष वृहस्पतिवार खेत में गई थी। घर वापस लौटते समय उसको अज्ञात पल्सर सवार ने ठोकर मार दिया था। जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। जिसका गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। वहीं इलाज के दौरान प्रेमा की मौत हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात पल्सर सवार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सूचना

मैं मोहम्मद असलम हाशमी पुत्र याकूब हुसैन निवासी 500/56 क कुतुबपुर डालीगंज लखनऊ का हूं। पहले मेरा नाम मोहम्मद असलम हाशमी था अब मैंने अपना नाम बदलकर सैय्यद मोहम्मद असलम रख लिया है अब भविष्य में मुझे सैय्यद मोहम्मद असलम (SYED MOHAMMAD ASLAM) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 1699/EE-8/नि. दिनांक : 15.03.2024

(अल्पकालीन निविदा-सूचना)

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दि0 22/03/2024 अपराह्न 2:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 22/03/2024 को अपराह्न 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सम्बन्धित कार्य के निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, जोन-1. जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (नॉन रिफंडेबल) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लेखित है, जोकि भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी दशा में समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा शुल्क	धरोहर राशि	कार्य अवधि
1	जोन-1 के अन्तर्गत मीराबाई पम्पिंग स्टेशन के सी.डब्ल्यू.आर पर लगे 12.5 एच.पी के.आर.टी.यू मड़पम्प की मरम्मत का कार्य।	रु0 100/-	रु0 1800/-	15 दिवस

अधिशासी अभियन्ता, जोन-1
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

अयोध्या में 32 पार्कों का हुआ लोकार्पण, 600.12 लाख की लागत पार्कों का कायाकल्प

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत 32 पार्कों का लोकार्पण शुक्रवार को किया गया। अमानीगंज फेस-1 में समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि

सांसद लल्लू सिंह और महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने आधुनिक सुविधाओं से लैस इन पार्कों का उद्घाटन किया। 600.12 लाख की लागत से सभी पार्कों का निर्माण किया गया है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से नगर निगम अयोध्या का विकास किया जा रहा है। ÷अयोध्या सुंदर दिखाई दे, इसके लिए यहां के पार्कों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। पहले चरण में 32 पार्कों का सुंदरीकरण किया जा चुका है। पार्कों में जन सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। 600.12 लाख की लागत बनने वाले पार्कों में पैदल चलने के पथ, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, शौचालय और औषधीय फूल और पौधे लगाए गए है। 32 पार्कों में लाइटिंग, बाउंड्री वॉल, गेट ,वाकिंग पथ, बैठने के लिए सीट समेत सुंदर गार्डन बनाए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत 32 पार्कों में लाइटिंग, बाउंड्री वॉल, गेट ,वाकिंग पथ, बैठने के लिए सीट समेत सुंदर गार्डन बनाया गया है। साहबगंज वार्ड के मो वैदेही नगर में ट्यूबवेल वाले पार्क, बहादुरगढ़ वार्ड में गीता त्रिपाठी पार्क, अमानीगंज वार्ड के मो रोहिणी कालोनी में ट्यूबवेल वाले पार्क, अमानीगंज वार्ड के मो अमानीगंज में शिव मंदिर पार्क, अवधपुरी में ओवरहेड टैंक का पार्क, अमानीगंज वार्ड में अवधराज सिंह के मकान के सामने का पार्क । अवधपुरी में शास्त्री पार्क, अमानीगंज में रेखा श्रीवास्तव के मकान के सामने का पार्क, अमानीगंज में अवध यादव के मकान का पार्क, बालगंगाधर तिलक वार्ड में कंचन जैसवाल के मकान के सामने का पार्क, अवधपुरी में श्रीवास्तव के मकान के सामने पार्क का निर्माण किया गया है। वहीं बालगंगाधर तिलक वार्ड में दिलीप सिंह के मकान के सामने का पार्क, बालगंगाधर तिलक वार्ड में आलू गोदाम के सामने का पार्क, बालगंगाधर तिलक वार्ड में पप्पू के मकान के सामने वाले पार्क का निर्माण कार्य हुआ है। बालगंगधर तिलक वार्ड में मकान हश. - 1406 के सामने वाला का पार्क, अश्वनीपुरम वार्ड में मालती शुक्ला के मकान के सामने वाले का पार्क, अवधपुरी वार्ड में प्यारे लाल यादव के मकान के सामने वाले पार्क का लोकार्पण किया गया है।

एयरो सिटी योजना को लेकर सैकड़ों किसान ने किया विरोध प्रदर्शन

पूराबाजार-अयोध्या। एयरो सिटी योजना को लेकर विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। दो दिनों पहले कमिश्नर और जिलाधिकारी के कार्यालय में प्रदर्शन करने के बाद शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में किसान और ग्रामीण अयोध्या विकास प्राधिकरण के कार्यालय आ धमके। आक्रोशित किसानों ने

कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन और घेराव करते हुए नारेबाजी की।हालांकि किसानों के तेवर देख सचिव सत्येंद्र सिंह ने अपने कक्ष में बुलवा कर बातचीत की। इसके बाद भी प्रभावित होने वाले किसान नहीं माने। उनका कहना है कि जब तक योजना में स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं होगा एक इंच भी भूमि नहीं देगें। किसानों का आरोप है कि प्राधिकरण द्वारा गुपचुप ढंग से एयरो सिटी को लेकर पांच मार्च को शुरू कर दिया गया और सर्वे के नाम पर झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि तहसील से सूचना भी जारी करा दी गई कि कुशमाहा, ददेरा, अटरावां, बैसिंह और सरेठी भी कोई जमीन की खरीद फरोख्त न हो जबकि कोई सार्वजनिक गजट नहीं कराया गया। मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा एडवोकेट ने बताया कि सचिव को ज्ञापन दिया गया। उन्होंने बताया कि सचिव ने कहा कि अभी तो मात्र हम सर्वे करेंगे। सर्वे के बाद जमीन लेने की बात होगी।

विकासखंड क्षेत्र में गौशालाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है: हरिश्चंद्र सिंह

अवधनामा संवाददाता

बीकापुर- अयोध्या। विकासखंड बीकापुर के 3 ग्राम पंचायतो तोरोमाफी दराबगंज, खिदिरपुर तथा कोछा ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन तीन गौशालाओं का शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा और खंड विकास अधिकारी द्वारा हरिश्चंद्र सिंह द्वारा फीता काट कर लोकार्पण किया गया इस दौरान गौ पूजा करते हुए गायों को गुड़ चना और हरा चारा खिलाया गया। इसे ग्रामीणों को सौंपा। खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि शासन की प्राथमिकता में शामिल विकासखंड क्षेत्र में गौशालाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित गौशालाओं में भंडारण, पेयजल के साथ गौशालाओं में रहने वाले पशुओं के खाने के लिए चरही के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। तोरो माफी दराबगंज में ग्राम प्रधान अहमद रजा, सचिव अंशु यादव ,खिदिरपुर में ग्राम प्रधान फूला देवी, सुनील कुमार छोटू, ग्राम सचिव राजेश चौधरी, कोछा बाजार में ग्राम प्रधान

हेमंत यादव तथा सचिव अवधेश प्रताप सिंह, सहायक विकास अधिकारी रवींद्र वर्मा, अवनीश शुक्ला, बद्रीनाथ पांडे सहित तमाम ग्रामीण और ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे। गौशाला में पूजा अर्चना करवाने के बाद गौशाला में उपस्थित गौ को चारा व गुड़ खिलाकर विधिवत संचालन का शुभारंभ किया गया। एडियो बद्रीनाथ पांडे ने बताया कि पहले चरण में विकास खंड क्षेत्र की सात बड़ी ग्राम पंचायत में गौशाला निर्माण का कार्यक्रम चल रहा है शुक्रवार को तीन गौशाला का लोकार्पण किया गया है। ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि गौशालाओं के निर्माण से गोवंश संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा छुट्टा पशुओं की समस्या से किसानों को निजात मिलेगी।

झोला वितरण कर संस्था ने पर्यावरण बचाओ जागरूकता फैलाई

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मां शांति सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष नेहा कुमारी ने संरक्षक बसंत राम के नेतृत्व में श्री बिंदेश्वरी मंदिर के प्रांगण में क्षेत्र

वासियों को पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत पन्नी हटाओ थैला अपनाओ स्लोगन से लिखा हुआ थैला वितरण किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ संतोष कुमार पांडे एवं दिलीप यादव पूर्व पार्षद द्वारा किया गया। संरक्षक बसंत राम ने बताया कि आज पन्नी के उपयोग से पर्यावरण का बड़ा नुकसान हो रहा है। यदि हम जल्द ही सचेत नहीं हुए तो विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बच नहीं सकते। धर्म सेना संस्थान की सचिव प्रज्ञा श्रीवास्तव ने झोले में लैया चना मिष्ठान डालकर वितरित किया। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि सेवा कार्य अत्यंत जरूरी है साथ ही प्रकृति बचाव के लिए समय-समय पर लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना भी अत्यंत जरूरी है। इसीलिए संस्था द्वारा निशुल्क झोला वितरण किया गया। संस्था सेवा कार्य के प्रति तत्पर है कार्यक्रम में दिलीप यादव, सारस्वत श्रीवास्तव, रवि कुमार, सूरज चौधरी, रोली श्रीवास्तव सहित तमाम लोग शामिल रहे।

जगद्गुरू परमहंसाचार्य ने महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट के खिलाफ खोला मोर्चा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। आचार्य पीठ तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरू स्वामी परमहंस आचार्य ने महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रस्ट अयोध्या में रोहिंग्या, जेहादी मुसलमानों को जमीनें बेंच रहा है। इससे अयोध्या में अशांति फैलाने की एक बड़ी साजिश रची जा रही है। शुक्रवार को स्वामी परमहंसाचार्य ने अपने अयोध्याधाम स्थित तपस्वी छावनी आश्रम रामघाट पर मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट ने अयोध्या में धर्म के नाम पर संतों से जमीनें लिया था। लेकिन वह उसका अनुपालन ठीक से नही कर रहा है। विद्यापीठ ट्रस्ट रोहिंग्या, जेहादी मुसलमानों को अयोध्या में जमीनें बेंच रहा है। यह राष्ट्र विरोधियों, पत्थरबाजों और देश जलाने वाले इन जेहादियों को अयोध्या में बड़े पैमाने पर बसाने की तैयारी है। हमारी शासन-प्रशासन से मांग है कि इस मामले की जांच की जाए। क्योंकि यह बहुत ही गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि जैसे ही मुझे इसका सबूत मिला एवं पता चला। वैसे ही मैंने इसके खिलाफ तुरंत आवाज उठाई। आगे भी इस पर सख्त कदम उठाऊंगा। क्योंकि अयोध्या में किसी भी तरीके से अशांति का माहौल नही पैदा होने दिया जायेगा। पैसे की लालच में महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट तगड़ा फंडिंग लेकर जिस तरह से संतों की जमीनें जेहादी मुसलमानों को बेंच रहा है। वह अयोध्या में अशांति फैलाने की एक बड़ी साजिश हो रही है। इस पर सबको चौकन्ना होने की जरूरत है। अगर शासन-प्रशासन इसे नजर अंदाज करेगा। तो आने वाले समय में अयोध्या में शांति का माहौल नही रह जायेगा। इसलिए हमने महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट द्वारा बेंची गई जमीनों का सबूत निकाला। जो जेहादी मुसलमानों को बेंची जा रहा है। इस पर मैं आगे भी चुप नही बैठूंगा। जिन लोगों ने महर्षि को जमीनें धर्म के नाम पर कौड़ियों के भाव दिया है। उन सबकी जमीनें वापस होनी चाहिए। उसमें जो पैसा महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट ने लोगों को दिया है। हम वह पैसा ट्रस्ट को वापस करेंगे। वह जमीनें जिसकी हैं महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट उसे तत्काल वापस करे।

वर्ल्ड स्लीप डे पर डाक्टर ने शुगर एवं बीपी के मरीजों को दिए कुछ जरूरी सुझाव

अयोध्या। नींद का महत्व समझाने और नींद से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को दूर करने के मकसद से वर्ल्ड स्लीप डे मनाया जाता है। यह हर वर्ष मार्च माह के तीसरे शुक्रवार को मनाया जाता है। वर्ल्ड स्लीप डे पर कलावती मेडिकल सेन्टर के प्रभारी व जिला अस्पताल में फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जितना जरूरी है अच्छा खाना, उतना ही जरूरी है नींद पूरी होना। आज हमारी जैसी लाइफस्टाइल हो गई है, उसमें शायद ही कोई व्यक्ति होगा जो अपनी नींद पूरी कर पाता है।

सपा कार्यालय पर मनाई गई मान्यवर काशीराम जयंती

अयोध्या। समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर मान्यवर कांशीराम जी की जंयती मनाई गई।। महानगर कार्यालय पर मान्यवर कांशीराम जी की जंयती मनाई गयी, जयंती के मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि कांशीराम

भारतीय राष्ट्रीय राजनीति के परिदृश्य में एक चमकता हुआ सितारा थे। उन्होंने दलित राजनीति में एक विशिष्ठ स्थान बनाया. वे अपनी राजनीति से ज्यादा दलितों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि कांशीराम ने सादगी अपनाते हुए दलितों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था. उन्होंने खुद को अपने परिवार से पूरी तरह से अलग कर दिया था. उन्हें हमेशा बसपा सुप्रीमो कहा जाता था. वास्तव में वे जमीनी कार्यकर्ता थे और हमेशा लोगों को अपने आंदोलन में जोड़ने की कोशिश करते थे महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया . इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, जिला सचिव अंसार अहमद बब्बन, महानगर उपाध्यक्ष संजय सिंह,जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा दान बहादुर सिंह,महासचिव डा घनश्याम यादव, महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, प्रदेश सचिव मजदूर सभा अखिलेश चतुर्वेदी, राजेश कोरी इत्यादि लोग मौजूद थे।

सांसद ने किया इंटरलाकिंग कार्यों का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। विकास खण्ड हैदरगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबीसी में चौबीसी से चक गाँव तक तथा ग्राम पंचायत टिकरहुआँ में बड़ी मेहदिया से पुरे बडबन तक इंटरलाकिंग कार्यों का लोकार्पण सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के द्वारा क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत की उपस्थिति में किया गया। उक्त दोनों मार्ग सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के द्वारा लिखे गए पत्र के बाद किये गए प्रयास से त्वरित आर्थिक विकास योजना से शासन से स्वीकृति मिलने के उपरान्त ग्रामीण अभियंत्रण विभाग बाराबंकी के द्वारा लगभग 61 लाख रूपये की लागत से किया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राम सागर मौर्य कृष्ण कुमार सिंह मुन्नू भैय्या, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह राम देव सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान द्विवेदी, रंजित महंत गौरव सिंह रविन्द्र सिंह सोनू सिंह, रामानंद सिंह, नीरज वर्मा, बब्लू सिंह सुनील रावत, अतुल रावत, राहुल बाजपेयी, पिंकू सिंह, वीरेंद्र सिंह, शिवम यादव, अनिल रावत, धनेद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएम ने किया संवाद

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय बालिका विद्यालय में कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम फार गर्ल्स के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को कॅरियर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन किया और परिश्रम को ही सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने सफलता के कुछ टिप्स भी बच्चों को बताए। इस दौरान माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवम नोडल शिक्षकों से संवाद स्थापित कर कार्यक्रम में सहभागिता की गयी। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, कॉलेज की प्रधानाचार्या के अलावा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

किसान पथ पर मिला अज्ञात महिला का शव

बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र में किसान पथ मार्ग पर सड़क किनारे एक 35 वर्षीय महिला का शव पड़ा मिला। इस महिला की पहचान नही की जा सकी है। घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

जानकारी के अनुसार थाना कुर्सी क्षेत्र स्थित ग्राम गंगौली में किसान पथ बीकेटी की तरफ जाने वाली रोड के किनारे अज्ञात महिला उम्र करीब 35 वर्ष का शव मिला। काफी प्रयास के बाद भी मृतका की पहचान नही की जा सकी। इससे साफ हुआ कि महिला आस पास के क्षेत्र की नही है। शव को देखते हुए अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। थानाध्यक्ष का कहना है कि थाना पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है। उक्त शव के सम्बन्ध में किसी को जानकारी हो तो सूचित किया जा सकता है।

बाल विवाह एवं मतदाता जागरूकता जनसंवाद का हुआ कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रसार संस्था के द्वारा अयोध्या के बरवा गांव स्थित के एल विद्या इंटर कॉलेज में बाल विवाह एवं मतदाता जागरूकता जन संवाद का कार्यक्रम हुआ मुख्य अतिथि के रूप में साधवी अलका दीदी, विद्यालय की प्रधानाचार्य विद्या वर्मा, प्रसार संस्था के सचिव शिशु पाल यादव और ग्राम प्रधान लक्ष्मण यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं से शिवपाल यादव ने बताया कि महिलाओं की सशक्तिकरण एवं बेटियों को शिक्षित करें बाल विवाह बाल यौन शोषण बाल श्रम न करने के लिए प्रेरित करें और महिलाओं को स्वास्थ्य शिक्षा एवं ग्रामीण क्षेत्र में उनकी भागीदारी के लिए सहयोग करें वही अवधेश कुमार ने कहा कि महिलाओं को अपने मान सम्मान और हक की लड़ाई खुद लड़नी होगी ताकि वह समझ में अपना मुकाम हासिल कर सकें और महिलाओं का घर से लेकर बिजनेस और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान रहा है हमारे देश की महिलाओं ने अपनी लगन और मेहनत के बल पर मुकाम हासिल किया है महिला परिवार बनती है और परिवार

से घर बनता है और घर से समाज बनता है समाज से ही देश का निर्माण होता है। इसका सीधा-सीधा अर्थ है की महिलाओं का योगदान हर जगह है महिला की क्षमता को नज़रंदास करके समाज की कल्पना करना व्यर्थ है शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के बिना परिवार और समाज में देश का विकास नहीं हो सकता। वही प्रसार संस्था की काउंसलर भारती सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन प्रसार संस्था के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है भारती सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम 5 ब्लॉक 50 गांव में बाल विवाह बाल शोषण और बाल श्रम मुक्त भारत पर चल रहा है हम लोग घर-घर जाकर और स्कूलों में जाकर बच्चों को जागरुक कर रहे हैं की 18 वर्ष से कम बेटियों और बच्चों की शादी ना करें और अपने आसपास बाल शोषण के शिकार हो रहे बच्चों की कंप्लेंन हम लोगों को करें और सरकारी टोल फ्री नंबर पर भी कर सकते हैं।

हाईमास्ट लाइट से रोशन होगा बंनटांगिया और मुसहर गांव

अवधनामा संवाददाता

महाराजगंज। भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मंडल की ओर से कारपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत

महाराजगंज जनपद के बंनटांगिया और मुसहर गांव में 30 हाई मास्ट लाइट लगाए जाने हेतु 89 लाख 95 हजार रुपए स्वीकृत किया गया है। चेक वितरण कार्यक्रम के लिए आयोजित भारतीय स्टेट बैंक का सिटी ब्रांच महाराजगंज में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और डीजीएम संजीव कुमार के हाथों भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के सचिव विमल कुमार पांडे को 89 लाख 95 हज़ार का चेक सौपा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार बनटांगिया गया गांव के विकास के लिए संकल्पित हैं ।राष्ट्र की मुख्य धारा से बनटांगिया गांव को जोड़ने के लिए सरकार ने विकास के अनेक कार्य किए हैं इसी क्रम में भारतीय स्टेट बैंक की ओर से हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की योजना निश्चित रूप से सराहनीय है भारतीय स्टेट बैंक के सिटी ब्रांच प्रायोजित चेक वितरण समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बनटांगिया गांव के बिजली, सड़क, पानी सहित राजस्व गांव का दर्जा दिए जाने के क्रम में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम संजीव कुमार, आरएम अभय श्रीवास्तव, बीएम पीयूष कुमार ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री को प्लांट देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पीजी कॉलेज के डॉक्टर शांतिशरण मिश्र ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जयसवाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री ओमप्रकाश पटेल, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल, मनोज वर्मा, सुनील कुमार मिश्र, विश्वशर्मा पटेल, संजीव शुक्ला, जगदीश मिश्रा,नूर मोहम्मद, शैलेंद्र निषाद, विश्वकर्मा प्रसाद शर्मा, गोविंद जायसवाल, अतुल पटेल उपस्थित रहे।

बिजली उपकेन्द्र में खराबी के चलते दो फीडर के सैकड़ा गांव अंधेरे में

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। मसौली बिजली उपकेंद्र में लगे ट्रांसफार्मर में गुरुवार की रात अचानक खराबी भी आ गई। जिसके कारण मसौली और सहादतगंज फीडर की आपूर्ति ठप हो गई। मसौली कस्बे समेत करीब सौ गांव में बिजली आपूर्ति ठप है। खराबी को ठीक करने के लिए कर्मचारी जुटे हुए हैं। उपकेन्द्र मसौली से गुरुवार की रात को बिजली आपूर्ति अचानक खत्म हो गई। रात को परेशान उपभोक्ताओं द्वारा लगातार फोन किया गया मगर उपकेंद्र में किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। सुबह कर्मचारियों ने खराबी चक्की तो पता चला कि उपकेंद्र में लगा एक ट्रांसफार्मर काम नहीं कर रहा है जिसके कारण मसौली और सहादतगंज फीडर में बिजली आपूर्ति ठप है। दोनों फीडरों के बंद होने से मसौली कस्बे समेत 100 से अधिक गांव की बिजली आपूर्ति गुरुवार की रात से ही ठप पड़ी हुई है। बिजली न होने के कारण रोजेदारों को सहरी के समय परेशानी का सामना करना पड़ा। वही सुबह बिजली न होने के कारण घरों में पानी का भी संकट खड़ा हो गया। बिजली उपकरण के अधिकारियों का कहना है कि कर्मचारी ट्रांसफार्मर शुरू की जाएगी। कर्मी खराबी को दूर करने के लिए जुटे हुए हैं।

जिला पंचायत परिसर में 150 फिट ऊंचाई पर लहराया तिरंगा

बाराबंकी। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला पंचायत परिसर में 150 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। उसके बाद राष्ट्रगान हुआ। यहां पर प्रत्येक दिन शान से नियमों के तहत तिरंगा लहराएगा। रेलवे स्टेशन परिसर के बाद जिला पंचायत परिसर में लहराने वाला तिरंगा लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करेगा। जिला पंचायत बाराबंकी परिसर में करीब 50 लाख रुपए से पार्क और तिरंगा फहराने के लिए प्लेट फार्म और 45 मीटर (150 फिट) की ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज के लिए स्तम्भ बनाया गया है। शुक्रवार को राजकीय नियमों के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने तिरंगा फहराकर इसका उद्घाटन किया। समारोह में जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार ने कहा कि इतनी ऊंचाई पर तिरंगा लहराते हुए आने जाने वाले लोगों की नजर पड़ेगी तो जरूर उनमें देशभक्ति की भावना जाग्रत होगी।

अत्याधुनिक सीसी कमरे से होगी कस्बे की निगरानी

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। ठूठीबारी कस्बे की सुरक्षा को लेकर कोतवाली पुलिस सजग हो गया है। ठूठीबारी कस्बा बहुत जल्द ही अत्याधुनिक सीसी कैमरों से लैस

होगा। थानेदार की इस पहल की व्यापारियों ने सराहना की है। वहीं कस्बे के चौराहे, तिराहे, गलियों के साथ एनएच के मुख्य मार्ग पर कैमरे लग जाने से सुरक्षा व्यवस्था के लिए त्रिनेत्र का काम करेगा। दिन गुरुवार की शाम प्रभारी कोतवाल नीरज राय मय हमारहियो के साथ कस्बे चन्ने चौराहा,शांतिनगर, कालीगंज ठूठीबारी नौतनवा तिराहा सहित झरही नदी बाई पास तिराहे के किनारे बसे दुकानदारों से अत्याधुनिक कैमरे लगवाने के लिए जागरूक किया। सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन की इस पहल का व्यापारियों ने खुले दिलसे समर्थन किया। प्रभारी कोतवाल नीरज राय ने बताया कि वर्तमान में कोतवाली क्षेत्र में कुल 117 सीसी कैमरे लगाए गए है जो दिखाने मात्र के लिए है। इस कैमरों कीक्वालिटी विकसित न होने के कारण फुटेज स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे हैं। जिससे अपराध के साथ साथ अन्य तमाम जरूरी जांच प्रभावित हो रही है। अत्याधुनिक कैमरे की निगरानी से जांच में काफी मदद मिलेगी।

लोकसभा चुनाव की लेकर आयुक्त ने किया बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं आईजी आरके भारद्वाज, जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) उमाशंकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह को जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 2178 बूथ बनाये गये है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदशील बूथो को चिन्हित कर लिया गया है। सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट की के सथ बैठक कर ली गयी है। वाहन अधिग्रहण हेतु प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है। फोर्स के ठहरने हेतु विद्यालयो को अधिग्रहित कर लिया गया है। मतदान कार्मिको को प्रशिक्षण देने के लिए रोस्टर तैयार करा लिया गया है। समय से प्रशिक्षण करा दिया जायेगा। आयुक्त ने निर्देश दिया कि जिन मतदान केन्द्रो पर मूलभूत सुविधाये पूर्ण नही है वहां पर उपजिलाधिकारीगण निरीक्षण कर उन्हें समय से पूर्ण करा ले। आदर्श आचार संहिता लगते ही होर्डिंग हटवा ले। आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाये। आईजी आरके भारद्वाज ने समस्त पुलिस विभाग के

जनपद में बनाये गये हैं 2178 बूथ, संवेदनशील एवं अतिसंवेदशील बूथों को कर लिया है चिन्हित : डीएम

अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को भयमुक्त, शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूरी तत्परता से कार्य करे। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशो का अनुपालन कराना सुनिश्चित करे। किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष तथा अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डुमरियागंज में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यशाला का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रांगण में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय ÷हमारा आंगन हमारे बच्चे÷ कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले प्रत्येक विद्यालय से एक-एक बच्चे को बैग देकर प्रोत्साहित किया गया।

पूर्व प्राथमिक शिक्षा के प्रयासों हेतु जन समुदाय जागरूकता उत्सव के तहत आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार व बाल विकास परियोजना अधिकारी डुमरियागंज अभय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अपने संबोधन में खण्ड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने कहा कि शिक्षा का माहौल बनाने के लिए दोनों विभागों के कर्मचारियों का सहयोग आवश्यक है। एक ही कैंपस में सार्थक पहल करने पर ही उद्देश्य की प्राप्ति हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि प्री प्राइमरी व प्राइमरी स्कूल के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए इस अभियान की शुरुआत की गई है। इस मौके पर सीडीपीओ अभय प्रताप सिंह ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती निष्ठा पूर्वक कार्य करें जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके। नई शिक्षा नीति के आधार पर तालमेल स्थापित करते हुए 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आगामी सत्र के लिए तैयार तैयार करना होगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए ट्रेनर तारिक मुस्तफा ने कहा कि पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के संचालन को लेकर एक बड़ी

परिषदीय विद्यालयों के निपुण बच्चे हुए पुरस्कृत

जिम्मेदारी का निर्वहन सभी शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को करना होगा। कार्यशाला में डुमरियागंज विकासखंड से कुल 50 विद्यालयों से चिन्हित एक-एक बच्चे जो निपुण लक्ष्य हासिल किए थे उन्हें बैग देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नफीस हैदर ने किया। इस मौके पर एआरपी मुश्ताक अहमद, प्रधानाचार्य नसीम अहमद, दिनेश सिंह, तिलकराम, बसीर फारुकी, गणेश गौड़, मोहम्मद सादिक, मोहम्मद नदीम, राममिलन, अमृतलाल, सज्जन हैदर, अभिषेक सिंह, विजय श्रीवास्तव, अदनान, राहतजहां, राधा, रेहाना आदि सहित तमाम शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

जोगिया बुजुर्ग को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। मिठवल ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जोगिया बुजुर्ग को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार से नवाजा गया। जनपद में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु चयनित पांच ग्राम पंचायतों में से जोगिया बुजुर्ग ग्राम पंचायत को बतौर पुरस्कार 20 लाख रुपये शासन द्वारा अतिरिक्त विकास कार्यों के लिए ग्राम पंचायत के खाते भेज दिया गया है। इस धनराशि से ग्राम पंचायत स्वविवेक से अतिरिक्त विकास कार्यों को कराने के लिए स्वतंत्र होगी। पुरस्कार से संबंधित सूचना प्राप्त होते ही ग्राम प्रधान श्रीमती रीता व उनके पति प्रेमचंद मौर्या सहित पंचायत सदस्यों के खुशी का ठिकाना न रहा। प्रधान श्रीमती रीता ने अपनी पंचायत की ओर से प्रदेश के मुखिया के प्रति आभार प्रकट करते हुए सादर धन्यवाद दिया। प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद के विभिन्न ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटिया को प्रथम पुरस्कार के तहत 35 लाख रुपये, चौखडा ग्राम पंचायत को द्वितीय पुरस्कार के तहत 30 लाख रुपये, भटर्गवा ग्राम पंचायत को चौथे पुरस्कार के तहत 15 लाख रुपये तथा 10 लाख रुपये की धनराशि बतौर पुरस्कार पंचपेंडवा ग्राम पंचायत के खाते में भेज दिया गया है।

सात वर्षीय अर्शू ने रमज़ान के पहले जुमे को रखा रोज़ा

इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। पवित्र रमजान के पहले शुक्रवार को सात वर्षीय छोटे बच्चे ने भी रोज़ा रख परिवार के साथ इफ्तार किया। मुकद्दस रमजान के पहले जुमे को परिजनों के साथ 7 वर्ष के अरसलान सिद्दीक़ी (अर्शू) ने भी रोजा रखने की जिद की और रमजान के पहले जुमे को शहरी खाने के बाद रोजा रख लिया शाम को खुशी-खुशी परिजनों के साथ 7 वर्षीय अरसलान सिद्दीकी ने अफ्तार किया। इटवा नगर पंचायत निवासी एजाज़ सिद्दीकी के 7 वर्षीय बेटे अरसलान सिद्दीकी मुकद्दस रमजान के पहले दिन जुम्मे के रोजे रखने की माता-पिता से जिद की। माता-पिता बेटे को बहुत समझाया लेकिन बालक अर्शू रोजा रखने की जिद पर अड़ा रहा। बालक की जिद के आगे परिजनों ने हार मान रोजा रखने की इजाजत दे दी उन्होंने परिवार के साथ सेहरी कर रोजा रखा। रोजा रखने से बच्चे के चेहरे पर भूख प्यास का असर साफ दिखाई दिया। अर्शू ने रमजान के पहले जुमे को अपना पहला रोजा पूरा किया। घर वालों ने अर्शू की अफ्तारी के लिए विशेष पकवान बनवाए। और परिजनों में साथ में रोजा इफ्तार किया बच्चे के रोजा रखने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल बना रहा और बालक भी) रोजा रखकर काफी खुश दिखाई दिया। नशरह, समरा, मआज़ आदि ने सात वर्षीय अरसलान अर्शू के उज्जवल भविष्य की कामना कर दुआएं दीं।

शिद्दत के साथ याद किये गये बहुजन नायक काशीराम

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। सामाजिक परिवर्तन के महानायक बामसेफ डीस-4 और बीएसपी के संस्थापक कांशीराम के 90 वीं जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी में पूर्व सांसद व बसपा मंडल प्रभारी घनश्याम चंद्र खरवार ने कहा कि बहुजन समाज को हुक्मरान बनाना ही कांशीराम का लक्ष्य था। उन्होंने लंबा संघर्ष करके दलितो शोषितों पिछड़ों को राजनीतिक भागीदारी देने के उद्देश्य से बहुजन समाज पार्टी की स्थापना किया। श्री खरवार ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता लंबे समय से समाज के सभी वर्गों में भाईचारा पैदा करके संगठन को मजबूत कर रहे हैं। जिसका लाभ चुनाव में निश्चित रूप से मिलेगा। गोष्ठी की अध्यक्षता मंडल प्रभारी बलराम निषाद व संचालन जिलाध्यक्ष सुनील सावंत ने किया। जिसमें अयोध्या मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने कहा कि आज वे लोग भी बाबा साहब और कांशीराम को याद कर सियासी खेल-खेल रहे हैं जो कभी दलितों पिछड़ों को देखना भी पसंद नहीं करते थे। गोष्ठी में मोहम्मद कलाम शाह, जिला प्रभारी अरविंद कुमार गौतम, दयाराम राजभर, डॉ राजेश सिंह, कमर हयात, सुनील मौर्य, रोहित प्रजापति, गप्पू चौधरी, दयानंद मौर्य, निरपति अंबेश, सभाजीत, छेदीराम मौर्य, आशीष अंबेडकर, तिलकधारी गौतम, राम नयन निर्दोष सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

थानाध्यक्ष प्रियंका को बुके भेंटकर दी गयी विदाई

जलालपुर अम्बेडकरनगर। देर रात पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ द्वारा तबादला किए जाने के बाद नवनियुक्त प्रभारी द्वारा अपना कार्यभार ग्रहण करने का कार्य प्रारंभ हो गया है जिस क्रम में मालीपुर थाना परिसर में स्थानांतरित थानाध्यक्ष की विदाई व नए थानाध्यक्ष के सम्मान को लेकर विदाई थाने में कार्यरत कर्मचारियों तथा क्षेत्र की जनता द्वारा की गई।इस क्रम में स्थानांतरित थानाध्यक्ष प्रियंका पांडे को गणमान्य लोगों द्वारा बुके व उपहार देकर विदाई दी गई। वहीं नए थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इनका कार्यकाल सराहनीय है जो कभी भुलाया नही जा सकता। नए थानाध्यक्ष से भी अपराध पर अंकुश लगाए रखने की उम्मीद सबों ने की। थाने का कार्य भार ग्रहण करने के पश्चात थाना अध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी द्वारा अपने कार्यालय में जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम में जनसुनवाई की।उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके आवेदन को लेकर न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

प्रतियोगिता में भैसहवा, चकईजोत और देवरा चौधरी के बच्चों ने किया टॉप

अवधनामा संवाददाता

बर्डपुर सिद्धार्थनगर। विकास क्षेत्र बर्डपुर के पूर्व माध्यमिक एवं कंपोजिट विद्यालय के बच्चों का ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता, बुद्ध विद्यापीठ इण्टर कॉलेज में सम्पन्न हुआ, जिसमे ब्लॉक के कुल 172 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में टॉप 10 बच्चों को खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, व प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने शिक्षण सामग्री, प्रशस्ति पत्र, मेडल तथा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विज्ञान, गणित के प्रति अभिरुचि पैदा करने के उद्देश्य से क्षेत्र के सभी पूर्व माध्यमिक एवं कंपोजिट विद्यालय के कक्षा 6,7,8 में पढ़ने वाले कुल 172 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। परीक्षा दो पालियों में लिखित रूप से होने के बाद टॉप 30 आने वाले बच्चों का मौखिक साक्षात्कार खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य, ब्लॉक समन्वयक गुणवत्ता एआरपी द्वारा लिया गया। उनमें टॉप 10 आने वालों में पूर्व माध्यमिक विद्यालय भैसहवा के छात्र आनन्द कुमार ने प्रथम, चकईजोत के छात्र राहुल ने दूसरा, देवरा चौधरी के छात्र विक्रम चौहान ने तीसरा, मधुबेनिया की छात्रा साक्षी ने चौथा, बूडा की छात्रा कशिश ने पांचवां, बसावनपुर के छात्र अमित कुमार ने छठां, पिपरी की छात्रा मुराती ने सातवां, बर्डपुर की छात्र अवंतिका प्रभा ने आठवां, परसा बेलहरी की छात्रा नसरीन बानो ने नवां, संग्रामपुर शिवम प्रजापति ने दसवां स्थान हासिल किया। इसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी के छात्र विक्रम चौहान ने लगातार दो साल से टॉप थ्री में स्थान बनाकर अपनी मेधा का परिचय दिया। सभी टॉप 10 में आने वाले सभी छात्र छात्राओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कॉपी, कलम, पेंसिल, रबर, कटर, कलर, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो तथा 1200 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। तथा जिला स्तर की प्रतियोगिता में भी सफल होने की शुभ कामना दी।

प्रश्नपत्र बनाने वाले एक जिम्मेदार द्वारा अपने मोबाइल में फोटो लेने तथा अपने गोद लिए विद्यालयों तथा कुछ खास चहेते शिक्षकों के मोबाइल पर भेज कर पेपर लीक होने की अंदेशा को देखते हुए पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा कराने हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने स्वयं तत्काल दूसरा प्रश्नपत्र तैयार कर निष्पक्ष एवं पूरे पारदर्शी तरीके से अपनी देखरेख में पूरी परीक्षा एवं मूल्यांकन का कार्य संपन्न कराया। परीक्षा के सफल आयोजन में ब्लॉक समन्वयक गुणवत्ता आशीष सिंह, लेखाकार अभिनव श्रीवास्तव कक्ष निरीक्षक के रूप में लगे प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

परीक्षा के समय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र, हरिमोहन सिंह, राम निवास यादव, सुनील कुमार गौतम, संघशील बौद्ध, लोकेंद्र कुमार, अब्दुल अजीज, ओम प्रकाश त्रिपाठी, किरण पांडेय, उमा, पंकज यादव, मोहम्मद काशिफ, प्रमिला कन्नौजिया, शमा परवीन, सालिक राम चौधरी, आरती सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। तौफीक मेमोरियल डिग्री कालेज बयारा सिद्धार्थनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (स्वामी विवेका नन्द) का सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवें दिन समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डुमरियागंज विधायक श्रीमती सैय्यदा खातून रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य जहीर अहमद मलिक ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मे समाज-कार्य एवं समाज सेवा में अन्तर स्पष्ट करते हुए युवाओं को मौलिक कर्तव्य के प्रति जागरूक रहने का आवाहन किया। प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी स्वयं सेवकों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को अपने जीवन में धारण करने को कहा उन्होंने कहा कि भारत की अधिकांश जनसंख्या युवा है और ऐसी स्थिति में देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने में उनकी भूमिका अति महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी साजिद गुफरान ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रवक्ता राकेश कुमार कुमार चौबे, नीलम यादव, सोनी, इज़हार हुसेन, धर्मेन्द्र कुमार, लारैब फातिमा, रिया श्रीवास्तव, रितेश कुमार वर्मा धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

पर्यावरण पृथ्वी पर जीवन का आधार है

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज,भसड़ा टांडा अंबेडकर नगर राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण पर जन-जागरूकता रैली कार्यक्रमाधिकारी (प्रथम इकाई) डॉ0शिवानी श्रीवास्तव (द्वितीय इकाई) डॉ0अभिषेक पांडेय मुख्यनियंता डॉ0सुशील कुमार , श्री राहुल कुमार, सुश्री एकता सिंह आदि प्राध्यापक/ प्राध्यापिकाओं के निर्देशन व देख-रेख एवं अंजू, अनामिका,शिखा, ज्योति,बबीता, प्रिया पटेल, नीलम चौरसिया, रमेश, सूरज, साक्षी, आभा, महक आदि स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं ने चयनित ग्राम भसड़ा व पहाड़पुर में ग्रामवासियों को पर्यावरण के विभिन्न महत्व को समझाया । पर्यावरण प्रदूषण के विभिन्न कारकों को भी समझाने का प्रयास किया पर्यावरण के लाभ को बताते हुए लोगों से उसे बचाने के लिए आवाह्न किया तथा बताया कि यदि पर्यावरण को हम लोगों ने नहीं बचाया तो वह दिन दूर नहीं जब इस हरित पृथ्वी पर जीवन बचाना संभव नहीं हो पाएगा ।भारत सरकार का हर घर सुरक्षित पेयजल पहुंचाने की योजना पर्यावरण संरक्षण की तरफ ही एक कदम है। रैली के उपरांत स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के वृक्षों का वृक्षारोपण किया। बौद्धिक सत्र में दहेज 21 वीं सदी और विकसित भारत की संकल्पना पर एक कलंक विषय पर स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं तथा उपस्थित प्राध्यापक/ प्राध्यापिकाओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया ।

डबल डेकर बसों की फिटनेस कराने के लिये बिचौलिये अधिकारी के ऊपर बना रहे दबाव

बस्ती अवधनामा संवाददाता। नियमों को दरकिनार कर बिहार से दिल्ली संचालित की जा रही डबल डेकर बसों की फिटनेस कराने के लिये बिचौलिये अधिकारी के ऊपर दबाव बना रहे हैं। मुंहमागी रकम देने की कोशिश की जा रही है। आरआई संजय कुमार दास ने यूपी 51 एटी 8109 का फिटनेस प्रमाण पत्र देने से मना कर दिया। बस का संचालन मानकों पर नही हो रहा है। ऐसे अनेक मामले हैं जिसमे फिटनेस न होने के कारण बसें या तो संचालित नही हो पा रही हैं अथवा उनका चालान हो रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट के प्रदेश मीडिया प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आर आई संजय कुमार दास जैसे अफसरों की जरूरत है। विभाग में ऐसे अफसरों की बहुलता हो जाये तो निःसंदेह भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा बस्ती में लगभग 5 दर्जन डबल डेकर बसें पंजीकृत हैं किन्तु उनके स्वामी गैर प्रान्तों के हैं। अफसरों और बसमालिकों की मिलीभगत से अवैध रूप से कमाई गई मोटी रकम आपस में बांटी जा रही है।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण रेंजर्स कार्यक्रम का समापन

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अम्बेडकरनगर में त्रिदिवसीय रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 मार्च से 15 मार्च तक चला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने सफल प्रशिक्षण शिविर की बधाई देते हुए कहा कि शिविरार्थी छात्राएं प्रशिक्षण में जो कौशल प्राप्त की हैं उससे स्वयं उनको तथा समाज को लाभ बहुत लाभ होगा। रेंजर प्रभारी चन्द्रभान ने प्रशिक्षण के दौरान हुए क्रियाकलापों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन वालेन्तिना प्रिया ने किया। प्रशिक्षक के रुप में बलराम राजभर एवं आंचल पाण्डेय ने भूमिका निभाई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान शिविरार्थी छात्राओं ने प्राथमिक चिकित्सा, शीटी संकेत, कैम्प क्राफ्ट, गांठें बनाना, बिना बर्तन के खाना बनाना एवं टेण्ट बनाना सीखा। समापन समारोह में प्रो. अरविन्द कुमार वर्मा, प्रो. सुधा, प्रो. विश्वनाथ द्विवेदी, प्रो. अरुण कांत गौतम, डॉ. सीमा यादव, डॉ. अतुल कनौजिया, डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डा. पूनम, डॉ महेंद्र यादव, रविंद्र कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, डॉ राजेश यादव, विजय लक्ष्मी यादव, डॉ सुनीता सिंह, डॉ. अनूप पाण्डेय, कुंवर संजय भारती, डॉ. सतीश उपाध्याय, डॉ भानु प्रताप राय, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत महाविद्यालय की छात्रा मान्या, खुशी, प्रतिभा और आस्था के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

भाजपा में ही पिछड़ो का हितः सहजा नंद

अवधनामा संवाददाता

कुदरहा। नगर पंचायत गायघाट में महादेवा विधानसभा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ बुधवार को भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय और लोकसभा प्रभारी सेतुभान राय ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सहजानंद राय ने कहा की हर कार्यकर्ता को हरीश द्विवेदी बनाकर लोगों से वोट मांगना है। घर घर जाकर कार्यकर्ता संपर्क करें और सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं से सबको परिचित कारये। उन्होंने लोगों से कहा कि अबकी बार 400 सीट जीतकर मोदी सरकार बनेगी उसमें से एक सीट बस्ती की भी होगी। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि 10 सालों में देश और प्रदेश के साथ बस्ती का भी कायाकल्प हुआ है। जितना विकास 65 वर्षों में पिछली सरकारों के द्वारा किया गया था उससे कई गुना काम सिर्फ 10 सालों में किया गया है। कार्यक्रम आयोजक ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे व नगर पंचायत प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी पिंटू ने आए हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन विनोद शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रवि सोनकर, चंद्रशेखर मुन्ना, राणा दिनेश प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा हरैया विधायक अजय सिंह नें संबोधित किया। पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देव, बनकटी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद पाल, ब्लॉक प्रमुख बनकटी प्रतिनिधि रघुनाथ सिंह, महादेवा विधानसभा के सभी मंडलों के अध्यक्ष, दिलीप पांडे प्रदीप पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, संजय पांडेय, मनीष त्रिपाठी, आलोक त्रिपाठी, पंकज शुक्ला, राम प्रकाश यादव, सच्चिदानंद यादव, ओमकार चौधरी, सुग्गन सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

चौथा रमजानः इस माह में खुल जाते हैं जन्नत के दरवाजे, हर दुआ होती है कुबूल : उसमान अलीमी

रोजा रखकर भूख प्यास से इंसान के शरीर के सभी पार्ट्स रिफ्रेश, व ताज़गी होती है महसूसः मौलाना उस्मान अलीमी

एजाज़ सिद्दीक़ी

इटवा सिद्धार्थनगर। जिस तरह से ईस्वी कैलेंडर में 12 माह होते हैं उसी तरह से इस्लामिक कैलेंडर में भी 12 महीने होते हैं। जिसकी शुरुआत मुहर्रम माह से होती है और समाप्त ज़िलहिज्जा में होता है। इन महीनों में से एक महीना रमज़ान का भी है, जिसके बारे में सभी लोग जानते हैं कि रमज़ान में इस्लाम धर्म का अनुसरण करने धर्मावलंबी अपनी इबादतों में इजाफा (बढ़ोतरी) करते हैं और रमज़ान के रोज़े रखते हैं। लेकिन इसकी शुरुवात कबसे और कैसे हुई और क्या-क्या इसकी फज़ीलत (श्रेष्ठता) है इसके बारे में बहुत ही कम लोग जानते हैं।

खुजूर से ही क्यों खोलते हैं रोजा

रमजान में इस दौरान दुनिया भर के मुसलमान 30 रोजे रखते हैं. इस्लाम को मानने वाले लोग रमज़ान के दौरान सुबह सहरी करते हैं और फिर पूरे दिन रोज़े रखने के बाद शाम को अपना रोज़ा खोलते हैं। रोज़ेदार इफ्तार की शुरुआत खजूर से करते हैं, इसके पीछे धार्मिक के साथ-साथ वैज्ञानिक कारण भी हैं। इस्लाम में खजूर को सुन्नत माना गया है और यह पैगंबर हज़रत मुहम्मद का पसंदीदा फल था। पैगंबर मुहम्मद खजूर खाकर ही रोज़ा खोलते थे। इसलिए आज भी रोज़ेदार खजूर खाकर ही रोज़ा खोलते हैं।

रमज़ान के महीने को 3 बराबर हिस्सों में बांटकर गिना जाता है. हर हिस्से में दस- दस दिन गिने जाते हैं. हर दस दिन के हिस्से को अशरा कहकर संबोधित किया जाता है, जिसका मतलब अरबी भाषा में 10 होता है।

रमजान में ही नाज़िल हुआ क़ुरआन

रमजान को लेकर इटवा के सुन्नी रज़ा जामा मस्जिद के इमाम मौलाना उस्मान अलीमी ने बताया कि, रमजानुल मुबारक की इब्तिदा यानी कि शुरुवात पैगंबर (हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलेशलैहि वसल्लम) जब हिजरत (एक जगह से दूसरी जगह जाना) फरमाकर मदीना मुनव्वरा तशरीफ ले गए, उसके दो साल के बाद सन दो हिजरी में इसके ताल्लुक (संबंध) में क़ुरआन की आयत नाज़िल हुई। अगर हम इसे ईस्वी कैलेंडर के अनुसार देखें तो 622 ईस्वी में आपने हिजरत की और 624 ईस्वीं में रमज़ानुल मुबारक और उसके रोज़े का दौर शुरू हुआ, और इस वर्ष जो रमज़ान आ रहा है ये 2024 ईस्वी चल रहा है, और जब से ही रमजान और उसके रोज़े रखने का सिलसिला चला आ रहा है।

मौलाना इमाम उस्मान अलीमी ने बताया कि मुसलमान रखते हैं 30 रोज़े

वैसे ये कोई नई बात नहीं है कि रोज़ा सिर्फ इसी उम्मत (पैगंबर के अनुयायियों) के लिए ही फर्ज़ हुआ, क्योंकि क़ुरआन ए पाक में कहा गया है कि, ए ईमान (अल्लाह पर यकीन रखने) वालों हमने रोज़े को तुम पर फर्ज़ (जरूरी) किया, जैसा कि तुमसे पहली उम्मत (अन्य पैगंबर के अनुयायियों) पर भी फर्ज़ किया गया था। मालूम हुआ कि, इससे पहले भी रोज़ा होता था, और लोग रोज़ा रखते थे, और आज भी मुसलमानों के अलावा दूसरे धर्म के लोग भी रोज़ा रखते हैं। जिसे अलग अलग नामों से जाना जाता है।

रोज़ेदार की कमाई में होती है बरकत

वहीं, इमाम मौलाना उस्मान अलीमी रोज़े का मकसद (उद्देश्य) बताते हुए कहते हैं कि, रोज़े का मक़सद खुद अल्लाह (ईश्वर) रब्बुल इज़्ज़त ने क़ुरआन पाक में फरमाया (बताया) है कि, ताकि तुम लोगों के अंदर तक़वा (अल्लाह के आदेश का पालन, और जिन बातों से मना किया गया है उसे छोड़ना) पैदा हो जाए, ताकि तुम नेक बन जाओ और जब इंसान के अंदर तक़वा आ जाता है तो उसके लिए क़ुरआन कहता है कि तीन फायदे उसको मिलते है, अल्लाह (ईश्वर) उसके लिए आसानी पैदा कर देता है, जो व्यक्ति रोज़ा रखता है, तकवा जिसके दिल के अंदर आता है और मुत्तकि बनता है उसको अल्लाह (ईश्वर) अपने खज़ाना ए गैब (अदृश्य खज़ाना) से बेशुमार दौलत अता फरमाता है,और उसकी ज़रूरत पूरी हो जाती है। तक़वे का फायदा ये है कि अल्लाह उसके लिए मामलात को आसान कर देता है, उसके मसाइल (समस्याएं) आसान कर देता है, जो काम दूसरे लोगों के लिए भारी होते हैं मुश्किल होते हैं वो एक रोज़ेदार के लिए, मुत्तकी के लिए तक़वे वालों के लिए, आसान हो जाते हैं।

रोज़ा गुनाह से तौबा की एक ट्रेनिंग

इमाम ने कहा कि इसी तरह से तीसरा फायदा यह है कि, जो शख़्स तक़वा इख़्तियार करता है तो अल्लाह उसके गुनाहों (पापो) को मिटा देता है, और उसको सवाब मिलता है। ये तक़वा असल है और रोज़ा एक ट्रेनिंग भी है, रोज़े के जरिए एक ट्रेनिंग दी जाती है, वो इस बात की होती है की,बंदा भूखा प्यासा होता है. हालांकि उसके पास पानी मौजूद है, जिसे कमरे के अंदर कोई देखने वाला नहीं है, इसके बावजूद भी बंदा एक घूँट पानी नहीं पीता, वो इसलिए क्योंकि अल्लाह (ईश्वर) उसको देख रहा है, ये कैफियत उसके दिल में होती है, कि अल्लाह देख रहा है इसलिए वो पानी नहीं पीता।

इस तरह पूरे महीने उसको ट्रेनिंग दी जाती है कि,अल्लाह देख रहा है, अब जब वो तैयार हो जाता है तो, जब वो बाहर की दुनिया में जाता है समाज के अंदर अगर वो रिश्वत लेने वाला होता है तो उसके दिल के अंदर ख्याल आता है की अल्लाह मुझे देख रहा है तो वो रिश्वत से रुक जाए।

अगर में झूठ बोलूंगा तो अल्लाह मुझे देख रहा है, किसी को परेशान करूंगा अल्लाह मुझे देख रहा है। इन तमाम बुराइयों से बच जाए इसकी ट्रेनिंग ये रोजा है।

रोजे रखने के बेशुमार फायदे

साथ ही इमाम ने रोजे की फजीलत (श्रेष्ठता) और अहमियत के साथ साथ उसके आखिरत (मौत के बाद आने वाली जिंदगी) और दुनियावी जिंदगी में होने वाले फायदे के बारे में भी बताया, और कहा की, रोजा रखकर भूखे और प्यासे रहने से इंसान के जिस्म को भी फायदा पहुंचता है, और उसके शरीर के सभी पार्ट्स रिफ्रेश हो जाते है, जिससे बंदे को एक अलग ही ताजगी महसूस होने लगती है, और कैंसर का खतरा भी न के बराबर हो जाता हैं। ऐसे कई मेडिकल साइंस से संबंधित फायदे हैं जो शारीरिक तौर पर भी रोजेदार को मिलते हैं।

वायनाड प्यार या मजबूरी

कांग्रेस ने भाजपा के पहली लिस्ट के जवाब में जिसमें 195 उम्मीदवार है अपनी पहली लिस्ट 39 उम्मीदवारो की निकाली है। राहुल जो कांग्रेस के स्तम्भ माने जाते है जिस पर कांग्रेस अपने पूरा दांव लगा रक्खा है फ़िर से दूर दराज के वायनाड से चुनाव लड़ने के लिये नामित किये गये है। वह वही से चुनाव जीत कर सांसद बने है। अमेठी से चुनाव लड़कर भाजपा के स्मृति इरानी से चुनाव हार चुके है। अभी अटकले है कि वह अमेठी से भी चुनाव लड़ सकते है पर इसकी उम्मीद कम दें।

वही नेता दूरदराज के इलाके से चुनाव लड़ते है जिन्हें अपनी जीत के बारे में आशंका रहती है आत्मविश्वास की कमी रहती है। मेरा कहना है जिस नेता पर कांग्रेस अपने सब कुछ लगा रक्खी है जिसे प्रधानमंत्री बनाने का ख्वाब कबसे पाले हुये उसके जीत के लिये अश्वस्त न होकर वायनाड भेज देती है। राहुल वायनाड से प्यार में गिरफ्तार होकर नहीं जा रहे है बल्कि अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिये जा रहे है।

चुनाव के माहौल में वे बड़ी बड़ी घोषणाये कर रहे है युवाओं को रोजगार किसानों को राहत, गरीबी का निवारण स्त्रियों को सुरक्षा और मोदी सरकार की निरंकुशता उनका मुख्य विषय रहता है। सभी जानते है इस चुनाव में उनकी पार्टी और विपक्ष को मौका नहीं मिलने वाला है। राहुल की भाषा भी प्रधानमंत्री के पद के अनुरूप न होकर अपमान जनक रहती है। जिसके लिये उन्हे चेतावनी भी दी जा चुकी है। मोदी के लिये अभद्र भाषा का प्रयोग करते है। उनकी न्याय यात्रा को उनकी पार्टी बहुत बढ़ा चढ़ा कर पेश कर रही है। पार्टी किसकों न्याय दिलवा रही है वह खुद ही जानती होगी। अभी पश्चिम बंगाल में सन्देशखाली में महिलाओं पर हो रहे अन्याय पर पार्टी और वे खुद चुप क्यों है। जहां महिलाओं पर घोर अत्याचार हुआ है, सेक्स उत्पीड़न हुआ है। जबकि अपने चुनाव में अभियान में सबको न्याय दिलाने और महिलाओं को इज्जात दिलाने का वादा कर रहे है। क्या उनको यह अन्याय नहीं लग रहा है। कांग्रेस घोषित नामों में अन्य पार्टियों की तरह सन्तुलन बनाये हुये है। नौजवान, उम्रदराज, आदिवासी, पिछड़ी जाति, आम पिछड़ा वर्ग, महिलाओं को अपनी लिस्ट में शामिल किया है। चुनाव के परिप्रेक्ष में यह बहुत बड़ी पार्टी की छोटी लिस्ट है। पार्टी छोड़कर जाने वालो का डर भी उसे सता रहा है। अभी प्रियंका के नाम का संशय बना हुआ है वह कहां से चुनाव लड़ती है। अमेठी से लड़ने की उनके नाम की भी चर्चा है पर वहां से राहुल को भी उतारने की चर्चा है।

इस चुनाव में सन्देशखाली बड़ा मुद्दा बनकर उभर रहा है। ममता इसे लेकर परेशान है कि क्योकि वहां का खलनायक उनका करीबी बताया जा रहा है। उनके द्वारा उठाये गये कदमों से इसकी पुष्टी भी होती है। भाजपा वहां पहुच कर लोगो से मिल रही है। सन्त्वना दे रही है सही कदम उठाने का वादा भी कर रही है। खुद प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल जा चुके है। हालात को जान ठोस कार्यवाई के लिये अश्वस्त कर रहे है। पर कांग्रेस के युवराज क्यों वहां जाने से डर रहे है। इस अन्याय की अनदेखी क्या ममता की डर से कर रहे है। वहां दोनो में सीटशेयरिग को लेकर बातचीत चल रही है। सभी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार है। राहुल प्रधानमंत्री के उम्मीदवार है उन्हें उसी के अनुरूप कदम आगे बढ़कर उठाना चाहिये। पर वह तो पीछे दबे हुये लगता वायनाट से जीत की जुगत में लगे हुये है। प्रधानमंत्री के उम्मीदवार को इतना भरोसा होना चाहिये कि जनता खुद उन्हें जितायेगी। मोदी के वाराणसी सीट का जवाब राहुल और कांग्रेस को नहीं दिख रहा क्या हार जीत तो लगी रहती है पर आचरण और व्योहार तो प्रधानमंत्री का ही होना चाहिये।

सीखने की कोई उम्र नहीं होती

उमेश कुमार सिंह

हिन्दी भाषा स्वयं में सपूंर्ण भाषा है। लोगों का यह कहना कि हिन्दी अत्यन्त कठिन भाषा है, सर्वथा अनुपयुक्त है। हिंदी विश्व की प्रमुख भाषाओं में से एक है तथा भारत की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। हिन्दी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यूँ तो भारत में उत्तर प्रदेश में सबसे शुद्ध हिन्दी भाषा बोली जाती हैं। काशी, इलाहाबाद, अवध शुरू से ही हिन्दी भाषा का केन्द्र बिन्दु रहे हैं। जिस प्रकार तैरना सीखना है तो पानी में रहना पड़ेगा, वैसे ही किसी भी भाषा में प्रवीणता पाने के लिए उस भाषा में अधिकतम व्यवहार और जुड़ाव स्थापित करना होगा, फिर वह आपका अभिन्न अंग हो जाएगी और आपका उस पर अधिकार हो जाएगा। इसमें वक्त लगेगा, और यह आपकी तल्लीनता, जुड़ाव और अभ्यास पर निर्भर करेगा, कि आप कब और कितना अधिकार उस भाषा पर बना पाएंगे।

डायमण्ड बुक्स द्वारा प्रकाशित बुक 'हिन्दी स्वयं शिक्षक' जिसके लेखिका है चित्रा गर्ग। 'हिन्दी स्वयं शिक्षक' उन सभी पाठकों को ध्यान में रखकर लिखी गई है जो हिन्दी में थोड़ी बहुत बात कर सकते हैं, थोड़ी हिन्दी समझते भी हैं, हिन्दी भाषा की फिल्मों का वे भरपूर आनन्द भी लेते हैं, लेकिन हिन्दी लिखने-पढ़ने में उन्हें कठिनाई होती है। वे अपनी हिन्दी में सुधार करना चाहते है। वे सही तरह हिन्दी सीखना व समझना चाहते है। ऐसे हिन्दी भाषियों को सही हिन्दी को सिखाने वाला कोई भी शिक्षक उपलब्ध नहीं होता। चित्रा गर्ग के अनुसार हिंदी सुनकर हमारे मन में यह प्रश्न खड़ा होता है कि हिंदी बोलना कैसे सीखें। क्या आपने एक बात पर गौर किया है कि कोई भी व्यक्ति अपनी मातृभाषा को सीखने नहीं जाता? मातृभाषा सीखने के लिए कोई किसी प्रकार का कोर्स नहीं करता। हमने हमारी हिन्दी भाषा को इंटरनेट पर नहीं सीखा है। हम हमारी मातृभाषा सीखने के लिए ना ही स्कूल गए, ना ही इंटरनेट पर सीखी, ना ही हमने कोई कोर्स किया। सामान्य रूप से हम बिना सीखे ही उसे समझने लगते है, बोलने लगते हैं। इस पुस्तक द्वारा सभी उम्र के पाठकों को हिन्दी सीखना आसान होगा।

यूँ तो सीखने की कोई उम्र नहीं होती, सीखने का क्रम हर व्यक्ति के पूरे जीवन भर चलता है। अतः हर व्यक्ति चाहे वह किसी भी उम्र का हो, महिला हो या पुरुष, इस पुस्तक द्वारा अच्छी हिन्दी सीख सकते हैं और अपने हिन्दी ज्ञान में सुधार कर सकते हैं। भारत में अनेक भाषाएं प्रचलित है। अलग-अलग क्षेत्रें में स्थानीय भाषाएं बोली जाती हैं। हिन्दी सर्वाधिक बोली जाने वाली और स्वीकार्य भाषा है। अनेक व्यक्ति बड़े-बड़े पदों पर आसीन होते हैं लेकिन हिन्दी लिखने व पढ़ने में अक्सर गलतियां करते है। वे अपनी इस समस्या का जिक्र किसी से करना नहीं चाहते और सही हिन्दी आसानी से सीखना चाहते हैं।

अनेक लोग इस बात से अनभिज्ञ होते है कि वे गलत लिख या बोल रहे हैं, जबकि अनेक लोग अपनी गलती जानते हुए भी हिन्दी भाषा पर अपनी पकड़ मजबूत नहीं बना पाते। जो भारतीय विदेशों में बसे हुए हैं वे व उनके बच्चे वहाँ के माहौल के अनुरूप सामान्य रूप से अंग्रेजी में बात करते है, इस कारण वे चाहते हुए भी अपने बच्चों को हिन्दी भाषा का सही ज्ञान नहीं दे पाते। ऐसे सभी लोगों के लिए हिन्दी स्वयं शिक्षक महत्वपूर्ण पुस्तक है। 'हिन्दी स्वयं शिक्षक' जैसा कि नाम से स्पष्ट हैं, आपको स्वयं हिन्दी सीखने में मदद करती है। इस पुस्तक द्वारा आप हिन्दी ज्ञान में सुधार ला सकते हैं। इसमें आसान भाषा में हर बात को भली भांति समझाया गया हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

सीएए के कारण भले ही तथाकथित अराष्ट्रवादी ताकतें एवं विपक्षी दल हिंसा एवं अराजकता का माहौल बना सकते हैं, लेकिन यह कानून एक आदर्श नागरिकता कानून है, लम्बे समय से इस कानून की जरूरत को महसूस करते हुए अनेक नागरिक घुटन एवं असंतुलित नागरिकता कानून के दंश को भोग रहे थे। व्यक्ति जिस समाज में जीता है, उसकी व्यवस्थाओं, नीतियों और परम्पराओं में जब घुटन का अनुभव करता है तो वह किसी नए मार्ग का अनुसरण करता है। आज आजादी के बाद की राजनीतिक विसंगतियों से पनपी ऐसी ही घुटन से नागरिकों को बाहर निकालने के प्रयत्न वर्तमान सरकार द्वारा हो रहे हैं।

सीएए नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून

संसद में 11 दिसंबर, 2019 को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम अर्थात सीएए पारित होने के लगभग चार वर्ष के इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने इसे लोकसभा चुनाव से पूर्व देश भर में लागू करके न केवल अपने राजनीतिक आलोचकों को अचंभित किया है, बल्कि देश अपने लोगों की न्यायपूर्ण नागरिकता सुनिश्चित करने की जरूरी दिशा में बढ़ चला है। यह कानून भारत की नागरिकता को संतुलित, औचित्यपूर्ण एवं समतामूलक बनाने की दिशा में साहसिक कदम है। इस नए कानून का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से आने वाले मुस्लिमों को अब भारत में सहजता से नागरिकता नहीं मिलेगी, जबकि इन देशों से आने वाले हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों को सहजता से नागरिकता हासिल हो जाएगी। कानून के तहत पात्र लोग नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। गौर करने की बात है कि पिछले दिनों से विपक्षी दलों के अनेक नेता सीएए को लागू करने का विरोध करते हुए एक वर्ग-विशेष के लोगों को अपने पक्ष में करने की कुचेष्ठा कर रहे हैं। जबकि भाजपा सरकार एवं उससे जुड़े शीर्ष नेतृत्व इसे लागू होने के संकेत दे रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि आम चुनाव से पहले ही सीएए को लागू कर दिया जाएगा और जो कहा, उसे कर दिखाया है। चुनाव की घोषणा के ठीक पहले सीएए को लागू कर सरकार ने अपना एक वादा पूरा कर दिया है। अब इसे लागू करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से एक सार्थक पहल का सूत्रपात किया है।

ललित गर्ग

सीएए पारित हो गया था और इस कानून को अधिसूचित भी कर दिया गया था, पर इसके लिए लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले देश में नागरिकता नियम तय नहीं हुए थे। कानून बन जाने के बाद नियम तय करना जरूरी होता है और नियम तय करने के लिए सरकार लगातार समय ले रही थी। इस वजह से सरकार की आलोचना भी हो रही थी। बहरहाल, नियम न तय होने से आगे नई लोकसभा में तकनीकी परेशानियां आ सकती थीं, अतः केंद्र सरकार ने चुनाव से ठीक पहले इस कार्य को अंजाम देकर एक तरह से अपना ही अधूरा काम पूरा किया है, एक साहसिक एवं समयोचित कदम उठाया है। यह पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं बंगलादेश से आये हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों के लिये एक नये सूरज का उदय है। आगामी चुनाव एक तरह से सीएए पर जनमत संग्रह जैसा होगा। यहां यह याद करने की बात है कि सीएए लागू करने का वादा पिछले लोकसभा चुनाव और पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से उठाया गया प्रमुख मुद्दा था और इससे भाजपा को चुनाव में बहुत फायदा भी हुआ था। सीएए के सन्दर्भ में राजनीति से अलग होकर सोचना ज्यादा जरूरी है। जो मजबूर लोग पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश से भारत में आए हुए हैं, उनकी समस्याओं का समाधान देश के लिए प्राथमिकता होनी ही चाहिए। भूलना नहीं चाहिए, नागरिकता का तार्किक व मानवीय दृष्टिकोण इस देश की 'वसुधैव कुटुंबकम्' की संस्कृति का अंग है।

सीएए के कारण भले ही तथाकथित अराष्ट्रवादी ताकतें एवं विपक्षी दल हिंसा एवं अराजकता का माहौल बना सकते हैं, लेकिन यह कानून एक आदर्श नागरिकता कानून है, लम्बे समय से इस कानून की जरूरत को महसूस करते हुए अनेक नागरिक घुटन एवं असंतुलित नागरिकता कानून के दंश को भोग रहे थे। व्यक्ति जिस समाज में जीता है, उसकी व्यवस्थाओं, नीतियों और परम्पराओं में जब घुटन का अनुभव करता है तो वह किसी नए मार्ग का अनुसरण करता है। आज आजादी के बाद की राजनीतिक विसंगतियों से पनपी ऐसी ही घुटन से नागरिकों को बाहर निकालने के प्रयत्न वर्तमान सरकार द्वारा हो रहे हैं। ऐसा ही एक विशिष्ट उपक्रम है सीएए। इसको लेकर भी गुमराह किया जा रहा है, राष्ट्र की एकता को विखंडित करने के प्रयास हो रहे हैं। सीएए को लेकर मुस्लिम समाज को भ्रमित करने की साजिश हुई है और चुनावी माहौल में यह और तीव्रता से होने की संभावना है। राजनीतिक लोग सीएए को मुस्लिम विरोधी बताने में लगे हुए हैं। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं हो सकती कि जिस कानून का किसी भारतीय नागरिक से कोई लेना-देना नहीं, उसे लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों को सड़कों पर उतार दिया गया या फिर से उतारने के स्वर गूंजने लगे हैं। एक सुनियोजित साजिश के तहत लोगों को गुमराह किया गया है, यह साजिश जिस किसी ने भी रची हो, लोगों और खासकर मुस्लिम समाज को भड़काने का काम अनेक विपक्षी दलों ने किया। इनमें कांग्रेस सरीखे वे दल भी थे, जो एक समय इस कानून में वैसे ही संशोधन करने की मांग कर रहे थे, जैसे किए गए। राजनीतिक दलों के साथ-साथ तथाकथित सेक्युलर तत्वों और वामपंथी बुद्धिजीवियों ने भी यह भ्रम फैलाया कि सीएए कुछ लोगों की नागरिकता छीनने का काम कर सकता है, जबकि यह कानून तो नागरिकता देने के लिए है।

सीएए का विरोध करने वाले राजनेताओं एवं उनके उकसाये लोगों को देश से जैसे कोई मतलब नहीं, इन्हें सिर्फ अपना जनाधार चाहिए। वोट चाहिए। वोटों की संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीति के चलते राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को तार-तार किया जा रहा है? इन कानूनों में किसी के अहित की बात नहीं है, बल्कि जिनका अहित हुआ है, उनका हित निहित है, फिर क्यों बवाल है? पहले किसी भी गलत बात के लिए ÷विदेशी हाथ÷ का बहाना बना दिया जाता था। अब कौन-सा हाथ है? कौन चक्र चलाता है? कौन विरोधी स्वर घोलता है? आश्चर्य की बात यह कि जब पिछले दिनों सीएए-एनआरसी को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ तो एक सुर में कहा गया कि यह कांग्रेस ही है जो लोगों को भड़का रही है। यानी यह तो तय है कि कांग्रेस की उपस्थिति देश भर में है और उसका असर जनता के एक बड़े तबके पर है। इस बात को स्वीकारते हुए कांग्रेस की ताकत को इग्नोर करना राजनीति अपरिपक्वता को ही दर्शाता है। कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत कर रही है, धीरे-धीरे वह अपनी खोई प्रतिष्ठा एवं जनाधार को हासिल करने में लगी है। इन स्थितियों को पाने के लिये वह सभी हदें पार कर रही है, मूल्यों एवं नीतियों को भी नजरअंदाज करने में भी उसे कोई संकोच एवं परहेज नहीं है। भारत का विभाजन मुस्लिमों की अलग राष्ट्र की मांग की वजह से हुआ था, अतः जिन मुस्लिमों ने भारत छोड़कर अलग देश में रहना चुना, उन्होंने भारत की नागरिकता मांगने का हक खो दिया। दूसरी ओर, सीएए का विरोध करने वालों का कहना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के मुस्लिमों के साथ भारतीय नागरिकता देने में भेदभाव नहीं होना चाहिए। एक तर्क यह भी है कि धर्मनिरपेक्ष भारत में नागरिकता का फैसला किसी की आस्था के आधार पर नहीं होना चाहिए। बहरहाल, अपने देश में धर्म की राजनीति नई नहीं है, इसके पक्ष और विपक्ष में लगभग हर पार्टी राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

किशोरियों को नहीं, साइबर क्राइम को रोकना होगा

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2023 के आंकड़ों के अनुसार साल 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं और किशोरियों के साथ साइबर अपराध में वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार साल 2021 में जहां 52,974 मामले साइबर क्राइम के थे वहीं 2022 में यह आंकड़ा बढ़ कर 65,893 पहुंच गया। इसमें अकेले यौन शोषण के 3648 मामले दर्ज किये गए थे। अकेले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2021 के 345 की तुलना में 2022 में साइबर क्राइम के 685 मामले दर्ज किये गए।

अनीता (बदला हुआ नाम) राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर इलाके की रहने वाली एक 20 वर्षीय लड़की है, जो अपनी पढ़ाई के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी बहुत सक्रिय रहती है। उसे फोटो तथा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करना अच्छा लगता है। एक दिन जब वह अपने फोन पर इंस्टाग्राम चला रही थी, तभी किसी अनजान व्यक्ति का मैसेज आता है। वह व्यक्ति उसे दोस्ती करने के लिए जोर देता है, परंतु अनीता उसे साफ मना कर उसे ब्लॉक कर देती है। कुछ दिन बाद उसे दोस्तों द्वारा पता चलता है कि अनीता के नाम से ही एक अन्य अकाउंट बनाया गया है जिस पर उसकी फोटो लगी हुई थी और बायो में अश्लील शब्दों के साथ उसका मोबाइल नंबर भी लिखा हुआ था। जिसे देख अनीता काफी डर जाती है। वह डर के कारण किसी को नहीं बताती है। इस घटना के बाद वह लगातार सहमी रहने लगी थी।

ज्योति

अनीता किशोरी सशक्तिकरण से जुड़ी संस्था प्रोत्साहन इंडिया फाउंडेशन में पढ़ने आती है। जहां उसकी टीचर को वह कुछ विचलित नजर आती है। क्लास खत्म होने के बाद जब टीचर ने उससे अकेले में बात की तो उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। अनीता की टीचर ने उसे साइबर सेल या ऑनलाइन शिकायत करने का सुझाव दिया। परंतु उसने यह कहते हुए शिकायत दर्ज कराने से मना कर दिया कि मम्मी पापा को पता चल जाएगा तो वह मुझे मारेंगे। हालांकि संस्था के सहयोग से इसकी शिकायत साइबर सेल में की गई। साइबर सेल की सक्रियता से अनीता के नाम से बनाए गए फेक अकाउंट को बंद कर दिया गया। यह सिर्फ एक अनीता का पहला मामला नहीं है, बल्कि उसकी जैसी हज़ारों ऐसी लड़कियां हैं, जिसके नाम से सोशल मीडिया पर फेक और अश्लील अकाउंट बनाया जाता है। एक तरफ तो उन्हें इस प्रकार से उत्पीड़न और ऑनलाइन दुर्व्यवहार झेलनी पड़ती है वहीं दूसरी ओर उनके अपने घरवालों को भी उनपर यकीन नहीं हो पाता है। इस वजह से बहुत सारी किशोरियां अपने साथ हो रही इस प्रकार की ऑनलाइन घटनाओं को न तो कभी पुलिस को बताने की हिम्मत जुटा पाती हैं और ना ही अपने घरवालों के साथ शेयर कर पाती हैं। जिससे उनकी दिक्कतें और बढ़ जाती हैं।

इस संबंध में प्रोत्साहन इंडिया फाउंडेशन की कॉउंसलर सोनी कुमारी बताती हैं कि ÷जब तक किशोरियों के माता-पिता उन पर विश्वास नहीं करेंगे, इस प्रकार के साइबर क्राइम के केस दिन-प्रतिदिन बढ़ते जायेंगे। इसके लिए किशोरियों के साथ साथ माता-पिता की काउंसलिंग कर उन्हें भी जागरूक करने की आवश्यकता हैं।÷ सोनी कहती हैं कि यथार्त दुनिया में हो रहे तेजी से डिजिटलीकरण इस बात का प्रतीक है कि वर्तमान के समय मे हमारे पास दो प्रकार की दुनिया बन चुकी है। जिसमें एक ऑनलाइन तथा दूसरा ऑफलाइन है। प्रश्न यह उठता है कि यह दोनों ही किशोरियों के लिए कितना सुरक्षित है? अगर हम ऑफलाइन दुनिया की बात करें तो बस या मेट्रो आदि में किशोरियों को अक्सर शारीरिक रूप से अश्लील कमेंट्स, छेड़छाड़ या अन्य प्रकार के यौन शोषण का शिकार होना पड़ता है। परन्तु ऑनलाइन एक नई दुनिया है, जो हमें सुरक्षित लगती है। किशोरियों को ऐसा लगता है कि यहां वह खुलकर जी सकती हैं। उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं हैं। उन्हें यहां कोई परेशान नहीं करेगा। परन्तु यहां भी देखा जाये तो उन्हें छेड़छाड़, गलत कमेंट तथा डर का सामना करना पड़ता है, जो साइबर क्राइम के नाम से जाना जाता है। साइबर क्राइम का मतलब है कंप्यूटर, नेटवर्क या इंटरनेट के माध्यम से किसी के साथ दुर्व्यवहार करना या किसी को नुकसान पहुंचाना। हाल के दिनों में साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़े हैं। महिलाओं और किशोरियों के साथ होने वाले साइबर क्राइम में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। जिस तेजी से किशोरियों में सोशल मीडिया का क्रेज बढ़ता जा रहा है, उतनी ही तेजी से उनके साथ होने वाले साइबर अपराध के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2023 के आंकड़ों के अनुसार साल 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं और किशोरियों के साथ साइबर अपराध में वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार साल 2021 में जहां 52,974 मामले साइबर क्राइम के थे वहीं 2022 में यह आंकड़ा बढ़ कर 65,893 पहुंच गया। इसमें अकेले यौन शोषण के 3648 मामले दर्ज किये गए थे। अकेले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2021 के 345 की तुलना में 2022 में साइबर क्राइम के 685 मामले दर्ज किये गए। जबकि 2020 में केवल 166 मामले दर्ज किये गए थे।

इस संबंध में दिल्ली गर्ल्स स्कूल, शाहदरा में सामाजिक विज्ञान की वरिष्ठ शिक्षिका यासमीन खान कहती हैं कि जैसे जैसे हमारा जीवन डिजिटल होता जा रहा है, वैसे वैसे खतरों का स्वरूप न केवल बदल गया है बल्कि पहले से अधिक खतरे और बढ़ गए हैं। इसके माध्यम से वैयक्तिक और आर्थिक जानकारी के निजी स्वरूप को नुकसान पहुंचाने के लिए साइबर अपराधियों के लिए नई और सटीक अवसर भी उत्पन्न हो रहे हैं। इसमें सबसे अधिक खतरा किशोरियों के लिए बढ़ता जा रहा है। जिस प्रकार से किशोरियों में इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया का क्रेज बढ़ रहा है, इसका इस्तेमाल उन्हें काफी सतर्कता से करने की जरूरत है। वह कहती हैं कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना किशोरियों का भी अधिकार है। यह वह मंच है जहां वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं। लेकिन उन्हें इसका इस्तेमाल करते समय सतर्क और निडरता से करनी चाहिए।

यासमीन खान किशोरियों को सलाह देते हुए कहती हैं कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय किसी भी अनजान नंबर या व्यक्ति चाहे वह किसी महिला अथवा किशोरी की ही प्रोफाइल क्यों न हो, यदि आप उसे नहीं जानती हैं तो उससे बात न करें। दूसरी बात निडरता इसलिए जरूरी है कि यदि कोई आप को परेशान कर रहा है तो आप डरने की जगह बेखौफ होकर अपने परिवारजनों को इसके बारे में बताएं और साइबर सेल में इसकी शिकायत अवश्य दर्ज कराएं ताकि समय रहते ऐसे अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाया जा सके। हालांकि डिजिटल दुनिया एक असीमित जाल है, लेकिन कई बार लड़की के परिचित ही उसकी गलत आईडी बना कर उसे बदनाम या ब्लैकमेल करने का प्रयास करते हैं। ऐसे अपराधियों को साइबर सेल की मदद से आसानी से पकड़ा जा सकता है। वह कहती हैं कि डिजिटल दुनिया से किशोरियों को नहीं बल्कि उनके विरुद्ध होने वाले साइबर क्राइम को रोकने की जरूरत है ताकि हम लड़कियों के लिए भी सुरक्षित डिजिटल दुनिया तैयार कर सकें। यह आलेख संजॉय घोष मीडिया अवार्ड 2023 के तहत लिखा गया है। (चरखा फीचर)

रोज़गार से वंचित महिलाएं मजदूरी को मजबूर

इस संबंध में सिलोरा पंचायत स्थित गोदियाना गाँव की 38 वर्षीय संजू देवी बताती हैं कि मेरे पति कुछ वर्ष पूर्व तक मिनरल्स इकाई में काम करते थे। जहां वह सिलिकोसिस बीमारी से ग्रसित हो गए और उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मौत के बाद घर की आमदनी के लिए कई दिनों तक मैंने भी उसी जानलेवा इकाई में काम किया था। जहां पैसे कम और खतरा अधिक था। एक दिन मुझे ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था के सदस्यों द्वारा राजीविका के संबंध में न केवल जानकारी दी गई बल्कि संस्था के सहयोग से में उससे जुड़ भी गई।

हमारे देश में आबादी के अनुपात में रोजगार प्राप्त करना सबसे बड़ी चुनौती है। चीन को पछाड़ कर हम आबादी के मामले में भले नंबर एक हो गए हों, लेकिन रोजगार के मामले में हमारी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। शहरों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में यह समस्या और भी तेजी से बढ़ती नजर आ रही है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकतर पुरुष रोजगार के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन करते हैं। जहां पहुंच कर भी उन्हें प्रतिदिन रोजगार के लिए संघर्ष करनी पड़ती है। गाँव से पलायन करने वाले अधिकतर पुरुष शहरों में दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं। कई बार पुरुष अकेले ही शहर कमाने आता है तो कई बार परिवार समेत शहर पलायन कर जाता है। ऐसे में इस बात का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि इन सब में महिलाओं की क्या स्थिति होती होगी?

महेश कुमार योगी

गाँव में ही रहकर महिलाओं को भी एक बेहतर रोजगार प्राप्त करना बहुत मुश्किल होता है। कई बार उन्हें केवल दैनिक मजदूरी ही मिलती है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने से महिलाओं को आमदनी हो जाती है। इसके अलावा सरकार द्वारा भी विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। जिससे महिलाओं को काफी लाभ हो रहा है। इसका एक उदाहरण राजस्थान के अजमेर जिला स्थित सिलोरा गांव भी है। जहां महिलाएं मजदूरी करने पर विवश होती हैं। हालांकि विभिन्न योजनाओं से जुड़कर वह आर्थिक रूप से सबल हो रही हैं। किशनगढ़ तहसील से करीब 15 किमी दूर और अजमेर जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर इस गाँव की आबादी लगभग 5526 है। सिलोरा पंचायत भी है, जिसके अंतर्गत 5 गाँव हैं। गाँव के अधिकतर पुरुष रोजगार के लिए पड़ोसी राज्य गुजरात के बड़ौदा, सूरत या अहमदाबाद पलायन करते हैं। कुछ स्थानीय मिनरल्स ग्राइंडिंग यूनिट (पत्थर के खदान) में भी काम करते हैं।

जिन घरों के पुरुष पलायन करते हैं, उन घरों की महिलाएं इन्हीं यूनिट्स में काम करने को मजबूर हैं। जहां उन्हें प्रतिदिन 300 से 350 रुपए मिलते हैं। हालांकि यह यूनिट स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत ही खतरनाक होता है। इससे प्रभावित अधिकतर मजदूर एक जानलेवा सिलिकोसिस नामक बीमारी से घिर जाते हैं। जिसमें उनके फेफड़े प्रभावित हो जाते हैं। यह एक प्रकार की लाइलाज बीमारी है। जिससे ग्रसित मरीजों का अंत निश्चित है। इसमें मरने वाले मजदूरों के परिवार वालों को कोई मुआवजा भी नहीं मिलता है। हालांकि स्थानीय एनजीओ ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था के दखल के बाद से कई महिलाओं ने इस काम को छोड़कर आजीविका के अन्य साधन को अपना लिया है। इसमें राज्य सरकार द्वारा संचालित राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना (राजीविका) प्रमुख है।

इस संबंध में सिलोरा पंचायत स्थित गोदियाना गाँव की 38 वर्षीय संजू देवी बताती हैं कि मेरे पति कुछ वर्ष पूर्व तक मिनरल्स इकाई में काम करते थे। जहां वह सिलिकोसिस बीमारी से ग्रसित हो गए और उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मौत के बाद घर की आमदनी के लिए कई दिनों तक मैंने भी उसी जानलेवा इकाई में काम किया था। जहां पैसे कम और खतरा अधिक था। एक दिन मुझे ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था के सदस्यों द्वारा राजीविका के संबंध में न केवल जानकारी दी गई बल्कि संस्था के सहयोग से मैं उससे जुड़ भी गई। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा जागरूकता से जुड़े कई ऐसे कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं जिससे कि इन इकाइयों में काम कर रहे मजदूरों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियाँ प्राप्त हो सकें। संजू देवी बताती हैं कि पिछले दो वर्षों में लगभग 15 से 20 मजदूरों की सिलिकोसिस के कारण मौत हो चुकी है। अभी भी इस क्षेत्र में 20 से 22 श्रमिक इस गंभीर बीमारी की चपेट में हैं। जिनके इलाज का कोई साधन उपलब्ध नहीं है और वह धीरे धीरे मौत की तरफ बढ़ रहे हैं। घर में पैसे के लिए अब महिलाएं और बच्चे इस जानलेवा इकाई में काम करने को मजबूर हैं।

हालांकि संस्था के प्रयास का प्रभाव धीरे धीरे दिखने लगा है। कई महिलाएं राजीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। राज्य सरकार द्वारा राजीविका के माध्यम से महिलाओं को साबुन बनाना और सेनेटरी नैपकिन बनाने के काम दिए जाते हैं। इसमें महिलाएं समूह बनाकर इस कार्य को करती हैं। जिसमें उन परिवार की महिलाओं को शामिल करने का प्रावधान है जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। इस संबंध में परियोजना के बीपीएम धर्मराज सिलोरा बताते हैं कि वर्तमान में यह परियोजना किशनगढ़ तहसील के 8 ग्राम पंचायतों डिंडवाड़ा, सिलोरा, बरना, काढ़ा, सरगांव, मालियों की बाड़ी, बांदरसिंदरी और टिकावड़ा स्थित 30 गांवों उदयपुर कल्ला, सिलोरा, काचरिया, उदयपुर खुर्द, गोदियाना, मालियों की बाड़ी, ढाणी पुरोहितान, जोगियों का नाडा, रारी, बीती, सरगांव, काढ़ा, मुंडोलाव, बालापुरा, गोरधनपुरा, टिकावड़ा, भुवाड़ा, रघुनाथपुरा, बांदरसिंद्री, खंडाच, खेड़ा कर्मसोतान, खेड़ा टिकावड़ा, कदमपुरा और रामपुरा की ढाणी में संचालित किया जा रहा है। जिससे बड़ी संख्या में महिलाएं जुड़कर न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं बल्कि मिनरल्स इकाई जैसी जानलेवा काम से भी मुक्त हो रही हैं।

लेकिन सरकार द्वारा आजीविका का यह माध्यम भी अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है। इस संबंध में संस्था के एक सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि कई बार महिलाओं को काम के बाद भी उन्हें पैसा नहीं दिया जाता है। जो महिलाएं पैसे के बारे में मांग करती हैं तो उन्हें समूह से निकालने की धमकी दी जाती है। जिससे महिलाओं की आवाज़ बाहर निकल कर सामने नहीं आ पाती है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है बल्कि महिलाओं के रोजगार से भी जुड़ा हुआ एक गंभीर मसला है। यदि सरकार द्वारा संचालित इस परियोजना को भ्रष्टाचार मुक्त नहीं बनाया गया तो एक बार फिर से यह महिलाएं मिनरल्स जैसी जानलेवा इकाई में काम करने को मजबूर हो जाएंगी। (चरखा फीचर)

सामाजिक रिश्ते हैप्पीनेस की उड़ान में पंख की मानिंद

लखनऊ। टीईडीएक्स स्पीकर, इकोनोमिस्ट, हैप्पीनेस रिसर्चर एंड ट्रेनर डॉ. प्रभात पंकज बोले, सामाजिक रिश्ते हैप्पीनेस की उड़ान में पंख की मानिंद हैं। हैप्पीनेस एक पॉजिटिव इमोशन है। हैप्पीनेस के अनेक सबब होते हैं। एडल्ट डवलपमेंट, सोशल, फिजियोलॉजी, इकोनोमिक्स के शोध यह बताते हैं कि हैप्पीनेस के जरिए हम अपने और दूसरों के जीवन को संवार सकते हैं।

अनेक बार जब हम एकांत में होते हैं तो हमें महसूस होता है कि जीवन में खुशी का अभाव है। केवल प्रतिष्ठा, धन, पद, पॉवर आदि हैप्पीनेस के मानक नहीं हो सकते। विज्ञान ने स्पष्ट किया है, हैप्पीनेस के लिए जीवन का एक निश्चित उद्देश्य होना जरूरी है। हमारे सामने अहम सवाल यह है, क्या हम अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं? इसके लिए मेरी बड़ी हां है। रिसर्च प्रोजेक्ट और व्यवहार से भी यही निष्कर्ष निकलता है। इसके लिए हमें नए तरीकों को अपनाना होगा। अब हमें इस आदत को छोड़ देना चाहिए कि देर हो चुकी है। मसलन जब जागो तभी सवेरा है। डॉ. प्रभात तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से आयोजित लीडरशिप टाक सीरीज में लर्निंग टु बी हैप्पी- एविडेंसिस फ्रॉम न्यूरोसाइंस पर बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व डॉ. प्रभात पंकज ने बतौर मुख्य वक्ता, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की मेंबर ऑफ गवर्निंग बॉडी सुश्री नंदिनी जैन ने बतौर विशिष्ट अतिथि, टाक सीरीज की कन्वीनर एवम् डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डीन लॉ कॉलेज प्रो. हरबंश दीक्षित, डॉ. गीतान्शु डावर आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके टाक सीरीज का शुभारम्भ किया। मेंबर ऑफ गवर्निंग बॉडी सुश्री नंदिनी जैन ने मुख्य वक्ता का बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनन्द ने किया। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने इस बात पर चिंता जताई, वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स 2023 में 136 देशों में भारत 126वीं पॉजिशन पर है। यह विचारणीय सवाल है, हम ताली बजाएं या संजीदगी से लें।

बज्म ए खवातीन के तत्वावधान में सलातुत तस्बीह और सामूहिक रोज़ा इफ्तार का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आज बज्म ए खवातीन के तत्वावधान में रमज़ान मुबारक के मौके पर नमाज़ सलातुत तस्बीह और सामूहिक रोज़ा इफ्तार का आयोजन ज़नाना पार्क अमीनाबाद में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। नमाज़ आलिमा फ़ौजिया बानो ने पढ़ाई।बज्म की सदर बेगम शहनाज सिदरत की सदारत में हुआ जिसमे सुश्री रोशियोपेरिश मैक्सिको, शाहीन सिद्दीकी सिद्दीकी, डॉ मंजू दीक्षित, शाहीन बेगम, सबीहा खां, रूखसाना अब्बासी,नाज़्मा साहिबा, रिजवाना मजीद,सोफिया खातून एवं अनवर जहां सहित भारी संख्या में महिलाओं ने शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत के साथ हुआ। नबी की सीरत पर प्रकाश डालते हुए समाज में भाई चारे व सभी के साथ अच्छे व्यवहार करने, उनकी जरूरतों और भावनाओ का सम्मान करने की बात कही गई। वक्ताओं ने भी समाज मे सभी धर्मो के लोगों में आपस मैं समान सद्भाव बनाए रखने की बात पर जोर दिया ताकि देश तरक्की की राह पर अग्रसर हो। खासकर महिलाओं से अपील की वही घर के सदस्यों और फिर समाज और देश को एक रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है और इसके लिए उन्हें स्वतः ही आगे आकर अपना कर्तव्य निर्वहन करना होगा।इस कार्यक्रम में बोलते हुए बज्म की सदर बेगम शाहनाज सिदरत ने कहा की आज का विषय ही लोगो में इंसानियत और मानवता को बढ़ावा देना है जो की बज्म पिछले 90 सालो से कर रही है। प्यारे नबी ने भी यही फरमाया था जिससे लोगो में भाई चारा बढ़े।नवी ने समाज से गैर बराबरी को खत्म किया था और उन्होंने महिलाओं को हक दिलाया अल्लाह ने हमे अनुशासित करने के लिए और जीवन जीने लोगो के साथ अच्छा व्यवहार करने का भी हक़ दिया है।हिंसा ब नफरत की कुरान पाक में भी कही जगह नहीं है और कहा गया है की गोया एक निर्दोष की हत्या सारे इंसानियत की हत्या है ऐसे में इस्लाम में हिंसा घृणा और आतंकवाद की कोई जगह नही है । उन्होंने इसराइल और फिलीस्तीन के बीच चल रहे युद्ध को मानवता विरोधी बताया जहा निर्दोष लोग मारे जा रहे है और इसे फौरी तौर पर रोकने के लिए हमारे प्रधान मंत्री जी भी अपनी कूटनीतिक कोशिशें कर हिंसा बंद कराए ये मेरी उनसे अपील है हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं है।

कैसे सभी विद्यार्थियों को समय के साथ अपग्रेड रहने की आवश्यकता

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में इंटरएक्टिव सेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से डा. तनु डंग द्वारा विद्यार्थियों से बातचीत कर उनके प्रश्नों के उत्तर दिये गए।

उन्होंने विद्यार्थियों को उनके भविष्य में आने वाली चुनौतियों से अवगत कराते हुए बताया कि कैसे सभी विद्यार्थियों को समय के साथ अपग्रेड रहने की आवश्यकता है, और कैसे टेक्नोलॉजी को जीवन में प्रयोग करते हुए प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस सीखना चाहिए। इसी के साथ मीडिया तकनीक आदि जैसी अनेक ज्ञानवर्धक बातें भी साझा की। इस मौके पर विद्यार्थियों में कुछ नया सीखने की चाह नज़र आई। कार्यक्रम में विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, डॉ काजिम असगर रिज़वी, डा. शचींद्र शेखर, डा. नसीब, सुश्री चितवन मिश्रा, श्री सैयद मोहसिन हैदर , सुश्री मुस्कान अंसारी तथा भारी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

टीएमयू इंटर कॉलिजिएट क्रिकेट चैंपियन ट्राफी पर पैरामेडिकल कॉलेज का कब्जा

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से आयोजित टीएमयू इंटर कॉलिजिएट प्रतियोगिता के क्रिकेट की फाइनल प्रतियोगिता में पैरामेडिकल कॉलेज ने मेडिकल कॉलेज को 16 रनों से हराकर एक बार फिर क्रिकेट चैंपियन की ट्राफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में मेडिकल कॉलेज रनरअप, जबकि फिजिकल एजुकेशन कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। क्रिकेट के समापन समारोह में पैरामेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार बतौर मुख्य अतिथि और फिजिकल एजुकेशन के प्रिंसिपल प्रो. मनु मिश्रा, फॉरेंसिक के एचओडी श्री रवि कुमार आदि मौजूद रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। समापन समारोह के दौरान डॉ. योगेन्द्र शर्मा, श्री तौहीद अख्तर, श्री उनमेश उथासैनी, श्री यशचन्द्र गंगवार के संग-संग बीपीएड, एमपीएड और बीपीईएस के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पैरामेडिकल कॉलेज की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए पैरामेडिकल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 08 विकेट खोकर 150 रन बनाए। 151 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेडिकल की टीम निर्धारित 20 ओवर में 07 विकेट खोकर 133 रन ही बना सकी और 16 रनों से मुकाबले को हार गयी। मुकाबले में मेडिकल कॉलेज के बल्लेबाज अभय कुमार ने 44 गेंदों में सर्वाधिक 48 रन बनाए, जबकि पैरामेडिकल के गेंदबाज अमन पाशा ने 04 ओवर में 13 रन देकर सर्वाधिक 03 विकेट चटकाए।

सीएए को लेकर गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी

लखनऊ। भाकपा (माले) ने कहा है कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध रोकने के लिए सरकार दमन पर उतारु है। वह लोकतंत्र की हर आवाज को दबा देना चाहती है। शुक्रवार को भी प्रयागराज में गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी रहा। आइसा और इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के तीन और नेता जेल भेज दिए गए। इसके पहले, गुरुवार को आइसा के दो नेता जेल भेजे गए थे।

अब तक पांच युवा नेता जेल भेजे जा चुके हैं। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा कि ये गिरफ्तारियां केंद्र सरकार के इशारे पर की गई हैं। केंद्र के इशारे पर ही योगी सरकार सीएए के खिलाफ हर आवाज कुचल देना चाहती है। शुक्रवार को गिरफ्तारियां तब की गईं, जब ये युवा नेता पहले से गिरफ्तार अपने दो साथियों को छुड़वाने के लिए जिला कचहरी गए थे। पुलिस ने तीनों नेताओं - आइसा उपाध्यक्ष मनीष, राहुल सरोज व आरवाईए सहसचिव सोनू यादव को कचहरी से ही गिरफ्तार कर आनन फानन में जेल भेज दिया।

एबेकस प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र चैम्पियन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-6 के छात्र अर्णव पाण्डेय ने एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन ट्राफी अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2024 के अन्तर्गत आयोजित की गई। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उक्त जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस के इस मेधावी छात्र ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे है।

जूनियर इंजीनियर की भर्ती में बीटेक, बीई डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को अर्ह नहीं माना

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। केन्द्र सरकार व अन्य कई राज्यों में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से स्नातक में डिप्लोमा को बी0टेक डिग्री के समकक्ष माना गया है। बी0टेक/बी0ई0 उच्च स्तर एवं गुणवत्ता का पाठ्यक्रम है, इसलिए केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित एस.एस.सी.-जे.ई., आर.आर.बी.-जे.ई. तथा अन्य सरकारी विभागों एवं उपक्रमों में बी0टेक/बी0ई0 की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों को अर्ह माना जाता है। देश के अनेक राज्यों यथा-राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, हरियाणा, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, हिमांचल प्रदेश, अरूणांचल प्रदेश आदि में भी जूनियर इंजीनियर की भर्ती में बी0टेक/बी0ई0 की योग्यता प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया जाता है। मा0 उच्चतम् न्यायालय द्वारा भी विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-सी 001746/2020 में बी0टेक अभ्यर्थियों को जूनियर इंजीनियर के पदों पर भर्ती में शामिल करने का आदेश पारित किया गया है, परन्तु उत्तर प्रदेश में जूनियर इंजीनियर की भर्ती में बीटेक/बीई डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को अर्ह नहीं माना गया है।

इस सम्बन्ध में प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, उप्र लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने पत्र संख्या-34 कैम्प-प्रअविकास/07 प्रस/24 दिनांक 12.03.2024 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से अवर अभियंता भर्ती हेतु नियमावली-2014 में उल्लिखित 'समकक्ष योग्यता' का आशय बी0टेक0 डिग्रीधारी को अवर अभियंता भर्ती हेतु अर्ह मानते हुए अपनी संस्तुति शासन को प्रेषित कर दी गयी, जिसके आधार पर जूनियर इंजीनियर की भर्ती में बीटेक/बीई डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश जारी किये जाने हेतु ग्रेजुएट इंजीनियरिंग स्टूडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन उप्र द्वारा मुख्य मंत्रीउ0प्र0, मंत्रीगण, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन प्रेषित किया गया है, परन्तु अभी तक इस सम्बन्ध में शासन द्वारा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है।

भाजपा को हराने के लिए अखिलेश ने मुझे यहां भेजा है : शिवपाल सिंह

लखनऊ। सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव ने बदायूं में चुनाव प्रचार अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को जनता से सीधा संवाद किया। घोसी चुनाव की याद दिलाते लोगों से कहा कि जैसे वहां की जनता ने भाजपा को बेईमानी नहीं करने दी, वैसे ही आप भी एकजुटता दिखाइए क्योंकि 2024 का चुनाव भाजपा को हराना बहुत जरूरी हो गया है। बदायूं से गुन्नौर जाते समय सहसवान में कार में खड़े होकर वह लोगों से रूबरू हुए। शहबाजपुर पुलिस चौकी के सामने एकत्र लोगों ने शिवपाल सिंह यादव का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि भाजपा को हराने के लिए अखिलेश यादव ने उन्हें यहां भेजा है। फिर मुलामय सिंह यादव का नाम लेकर उन्होंने मतदाता से अपना रिश्ता जोड़ा। शिवपाल यादव ने कहा कि नेता जी को आपने एक बार नहीं कई बार जिताया। एमएलए व एमपी बनाया। रामगोपाल यादव और फिर धर्मेंद्र यादव को भी जिताया।

ट्रांसपोर्ट एजेंसी के पूर्व कर्मियों ने लीक किया था सिपाही भर्ती का पेपर

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले गैंग के तीन लोगों को एसटीएफ ने गाजियाबाद से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। तीनों पेपर लाने वाली ट्रांसपोर्ट कंपनी के पूर्व कर्मचारी हैं, जिन्होंने मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा के साथ मिलकर वेयरहाउस से पेपर की फोटो खींची थी और इसे लाखों रुपए लेकर बेचा था।

एसटीएफ आरोपी राजीव की अभी तलाश कर रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार और एडीजी कानून व्यवस्था एवं एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि प्रयागराज के अभिषेक कुमार शुक्ला, मिर्जापुर के शिवम गिरि और भदोही के रोहित कुमार पाण्डेय अहमदाबाद की टीसीआई एक्सप्रेस कंपनी के पूर्व कर्मचारी हैं। उन्होंने वेयरहाउस में रखे पेपर के बक्से का कब्जा खोलकर आईफोन से फोटो ली थी। राजीव नयन ने बक्सा खोलने में माहिर पटना निवासी डॉ. शुभम मंडल को बुलाया था जिसे एसटीएफ हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

वहीं राजीव नयन मिश्रा ने अपने साथी रवि अत्री के साथ पेपर को विक्रम पहल, मोनू ढाकला, विक्रम दहिया, महेन्द्र शर्मा, गौरव चौधरी, मोनू पंडित, सतीश धनकड (नेचर वेली रिसोर्ट का मालिक), नीटू, धीरज उर्फ गोल्डी (वालीबुड रेस्टोरेंट सोनीपत हरियाणा का मालिक) आदि को दिया था। राजीव नयन पहले भी कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कर चुका है। उसा नाम हाल ही में आयोजित आरओ/ एआरओ परीक्षा का पेपर लीक करने में भी आया है। डीजीपी ने बताया कि सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में अब तक 396 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें से 54 को एसटीएफ ने पकड़ा है।

लोगो किसी ब्रांड की पहचान

लखनऊ। तीर्थकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स के 2011 बैच के एल्युमिनाई श्री आसिम मेंहदी ने कहा, लोगो किसी व्यवसाय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि यह बताता है कि कंपनी क्या है? वे कौन से उत्पाद या सेवाएं बेचते हैं? इससे उपभोक्ता को क्या लाभ होता है? एक लोगो किसी ब्रांड की पहचान का केंद्र है और इसे व्यवसाय के संदेश के अनुरूप डिज़ाइन किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि कोई कंपनी कंप्यूटर बेचती है, तो लोगो को कंप्यूटर की कार्यक्षमता और उद्देश्य को प्रतिबिंबित करना चाहिए। एक कंप्यूटर निर्माता एक लोगो का उपयोग करेगा, जो कंप्यूटर के विभिन्न कार्यों, जैसे मेमोरी, प्रोसेसर और डिस्क ड्राइव को दर्शाता है। ब्रांडिंग कंपनी की कॉर्पोरेट छवि है। यह आमतौर पर एक प्रतीक और रंग है, जो ध्यान आकर्षित करता है और कंपनी को यादगार बनाता है। श्री मेंहदी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स में एल्युमिनाई रिलेसन्स सेल-एआरसी की ओर से लोगो और कॉर्पोरेट आइडेंटिटी पर आयोजित वर्कशॉप में बोल रहे थे।

खेल प्रतियोगिता में खुशबू और अमित रहे अव्वल

अवधनामा संवाददाता

आशियाना के महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ वार्षिक क्रीड़ा समारोह

लखनऊ। महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय-आशियाना परिसर, में शुक्रवार 15 मार्च को वार्षिक क्रीड़ा समारोह आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुमन गुप्ता ने किया।

क्रीड़ा प्रभारी डॉ. गुंजन शाही ने पुष्प गुच्छ देकर प्राचार्य का स्वागत किया। छात्र छात्राओं ने क्रीड़ा परम्परा का निर्वहन मार्च पास्ट करके किया। पूर्व चैम्पियन ने मशाल दौड़ लगाकर वार्षिकोत्सव का आगाज किया। स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष अतुल विश्वकर्मा द्वारा स्पोर्ट्स के प्रतिभागियों को शपथ ग्रहण कराया गया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. गुंन्जन शाही द्वारा वार्षिक क्रीड़ा गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य ने वर्ष पर्यन्त हुई क्रीड़ा गतिविधियों के चित्र संकलन खेल चित्र पत्रिका ऊर्जा का विमोचन किया। प्राचार्य प्रो. सुमन गुप्ता ने वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव की उदघोषणा की।

प्राचार्य प्रो. सुमन गुप्ता ने बताया कि स्वस्थ खेल भावना से ही क्रीड़ा महोत्सव की उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है। खेल आज शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है क्योंकि खेल से ही स्वस्थ शरीर और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता हैं। शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए मॉडल की प्रदर्शनी का अनावरण प्राचार्य द्वारा किया गया। प्राध्यापकों ने मॉडल की प्रशंसा की। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी ने प्राचार्य प्रो. सुमन गुप्ता को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। वार्षिक क्रीड़ा समारोह के अंतर्गत हुई चक्र प्रक्षेपण प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में खुशबू रावत बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस क्रम में विनीता देवी बी.ए. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान और लक्ष्मी रावत बी.ए. तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित अतिरिक्त होली स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

09003/09004 मुम्बई सेंट्रल - दिल्ली सराय रोहिल्ला - मुम्बई सेंट्रल सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन

रेलगाड़ी सं. 09003 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09003 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 09004 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09004 प्रस्थान
–	16:00	मुम्बई सेंट्रल	15:25	--
14:25	–	दिल्ली सराय रोहिल्ला	--	17:25

चलने की तिथि: 09003 मुम्बई सेंट्रल से दिनांक 22.03.2024 एवं 29.03.2024 को **और 09004 दिल्ली सराय रोहिल्ला** से दिनांक 23.03.2024 एवं 30.03.2024 को।
स्थान : प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बोरीवली, सूरत, वड़ोदरा, अहमदाबाद, आबू रोड, मारवाड़ जं., अजमेर, फुलेरा, रीगंस, रेवाड़ी, गुड़गॉव और दिल्ली कैंट स्टेशन।

04022/04021 आनन्द विहार (ट.) - मुजफ्फरपुर - आनन्द विहार (ट.) होली स्पेशल ट्रेन

रेलगाड़ी सं. 04022 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04022 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04021 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04021 प्रस्थान
–	23:35	आनन्द विहार टर्मिनल	23:30	--
21:30	–	मुजफ्फरपुर	--	23:00

चलने की तिथि: 04022 आनन्द विहार (ट.) से दिनांक 21.03.2024 को **और 04021** मुजफ्फरपुर से दिनांक 22.03.2024 को।
स्थान: 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : मुरादाबाद, चंदौसी, लखनऊ जं., बाराबंकी, गोरखपुर, छपरा, छपरा ग्रामीण और हाजीपुर स्टेशन।

04731/04732 श्रीगंगानगर - आगरा कैंट - श्रीगंगानगर होली स्पेशल ट्रेन

रेलगाड़ी सं. 04731 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04731 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04732 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04732 प्रस्थान
–	14:30	श्रीगंगानगर	00:50	--
04:50	–	आगरा कैंट	--	07:05

चलने की तिथि: 04731 श्रीगंगानगर से दिनांक 20.03.2024 एवं 27.03.2024 को **और 04732 आगरा कैंट** से दिनांक 21.03.2024 एवं 28.03.2024 को।
सीन : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : अबोहर, मलोट, गिदड़बाहा, बठिण्डा, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी, अलवर और मथुरा जं. स्टेशन।

01431/01432 पुणे - गोरखपुर जं. - पुणे सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन

रेलगाड़ी सं. 01431 आगमन	रेलगाड़ी सं. 01431 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01432 आगमन	रेलगाड़ी सं. 01432 प्रस्थान
–	16:15	पुणे	06:25	--
15:38	15:40	लखनऊ	04:00	04:10
21:00	–	गोरखपुर जं.	--	23:25

चलने की तिथि: 01431 पुणे से दिनांक 22.03.2024 को **और 01432 गोरखपुर जं.** से दिनांक 23.03.2024 को।
स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव : दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल जं., खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, गोंडा, मनकापुर, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन।

09603/09604 उदयपुर सिटी - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - उदयपुर सिटी होली स्पेशल ट्रेन

रेलगाड़ी सं. 09603 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09603 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 09604 आगमन	रेलगाड़ी सं. 09604 प्रस्थान
–	23:00	उदयपुर सिटी	15:10	--
03:20	–	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	--	10:50

चलने की तिथि: 09603 उदयपुर सिटी से दिनांक 19.03.2024 एवं 26.03.2024 को **और 09604 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 21.03.2024 एवं 28.03.2024 को।
स्थान: 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : राणा प्रताप नगर, मावली जं., चन्देरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर जं., दौसा, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, चरखी दादरी, भिवानी, हांसी, हिसार, लुधियाना जं., जलंधर कैंट और जम्मू तवी स्टेशन।

01083/01084 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस - गोरखपुर जं. - छत्रपति शिवाजी टर्मिनस होली स्पेशल ट्रेन

रेलगाड़ी सं. 01083 आगमन	रेलगाड़ी सं. 01083 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01084 आगमन	रेलगाड़ी सं. 01084 प्रस्थान
–	22:35	छत्रपति शिवाजी टर्मिनस	00:40	--
04:20	04:30	लखनऊ	19:45	19:55
09:30	–	गोरखपुर जं.	--	15:30

चलने की तिथि: 01083 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से दिनांक 22.03.2024 को **और 01084 गोरखपुर जं.** से दिनांक 24.03.2024 को।
स्थान : 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव : दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल जंक्शन, खंडवा, इटारसी, भोपाल जं., बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, गोंडा और बस्ती स्टेशन।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

854/24

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

महिलाएं जनपद में मतदाता जागरूकता की अलख जगाएं: डीएम

■ अपने परिवार को लेकर मतदान करने अवश्य जाएं: मुख्य विकास अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जनपद की महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन स्थानीय आईटीआई परिसर में किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं जनपद में मतदाता जागरूकता की अलख जगाएं। जनपद में महिला मतदाताओं की संख्या में प्रदेश में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। इसलिए महिलाओ की जिम्मेदारी भी बढ़ी है। लोगों के बीच जाकर बतायें कि मतदान हमारी लोकतान्त्रिक जिम्मेदारी है। लगभग 20 हजार स्वयं सहायता समूह मतदाता जागरूकता में महत्वपूर्ण जिमेदारी निभा सकते हैं। जनपद में युवाओं, नारी शक्ति और दिव्यांगों को समर्पित बूथ प्रत्येक विधानसभा में स्थापित किये जा रहे हैं। प्रत्येक ग्राम में एक मॉडल बूथ बनाये जा रहे हैं।

जनपद के सभी 3328 बूथों के बीएलओ लोगों की मदद करेंगे। क्यू आर कोड की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वोटर वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम वोटर लिस्ट में अपना व परिवार के सदस्यों का नाम देखा जा सकता है। सी विजिल ऐप के माध्यम से अचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। ईकेवाईसी ऐप से अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि सभी बहने अपने परिवार को लेकर मतदान करने अवश्य जाएं। क्षेत्र के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि सास बहू सभी मतदान करने अवश्य जाएं। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। मतदान को लेकर महिलाएं काफी उत्साहित दिखीं।

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। जागरूकता गोष्ठी के उपरांत जिलाधिकारी के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली आईटीआई से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई। इस अवसर पर पीडी गजेन्द्र तिवारी, डीसी मनरेगा रवि प्रकाश व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिवक्ता संघर्ष समिति का हुआ गठन

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद तहसील सदर में अधिवक्ता संघर्ष समिति के गठन हेतु अधिवक्ताओं की एक बैठक का आयोजन संघर्ष समिति के मुख्य संरक्षक ब्रह्म स्वरूप शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत पचौरी के बस्ते पर आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से अधिवक्ता संघर्ष समिति का गठन करते हुए 31 सदस्य कार्यकारिणी बनाई गई बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं की एक राय से वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत पचौरी एडवोकेट को संयोजक पद पर मनोनीत किया गया वहीं दूसरी ओर तेज तर्रार अधिवक्ता हनुमंत सिंह गोरख को महासचिव का दायित्व सोपा गया। अधिवक्ता संघर्ष समिति के नव मनोनीत संयोजक उमाकांत पचोरी एडवोकेट ने कहा कि हम सदर तहसील क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को सकारात्मक सोच के साथ अधिकारियों से सामंजस्य बनाकर उनका उचित समाधान व निराकरण कराएंगे। इसके बाद सर्वसम्मति से निम्नांकित कार्यकारिणी का गठन किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्म स्वरुप शर्मा एडवोकेट को मुख्य संरक्षक व गजेंद्र सिंह बौद्ध एडवोकेट, हरी बाबू यादव एडवोकेट, तूरसनपाल सिंह नियोगी एडवोकेट, तथा राजेंद्र प्रसाद बघेल एडवोकेट को संरक्षक सदस्य बनाया गया है। वही वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत पचोरी एडवोकेट को संयोजक तथा रामकुमार मिश्र एडवोकेट को सहसंयोजक प्रथम शिशुपाल सिंह यादव एडवोकेट को सहसंयोजक द्वितीय कामता प्रसाद निषाद एडवोकेट को सहसंयोजक तृतीय बनाया गया है।

एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर हुआ प्रारंभ

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। के.के.कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सेवानिवृत क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो रिपुदमन सिंह, एवं कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो.महेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान सरवर सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य मलखान सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसमें एन.एस.एस.स्वयं सेविकाओं द्वारा सरस्वती गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात एन.एस.एस.स्वयंसेवकों द्वारा एन.एस.एस.गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी मुरली कुमार ने विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो.रिपुदमन सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा की सप्त दिवसीय शिविर के माध्यम से बच्चों में सेवा भावना विकसित होगी। वह समाज से जुड़ेंगे और उनकी कठिनाइयों से परिचित होंगे तथा उन्हें दूर करने में अपना सहयोग देंगे। उन्होंने अपने जीवन के कुछ अनुभवों को स्वयंसेवकों के साथ साझा करते हुए बताया कि एनएसएस को देश में उस समय लाया गया जब यह समझा गया कि युवाओं को गाइड करने की महती आवश्यकता है। देश में युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ अपने व्यक्तित्व में कैसे विकास कर सके। चाहे जितना बढ़ा अधिकारी हो, एमबीबीएस हो यदि वह अपने व्यवहार में अनावश्यक तनाव आदि लेता है या अनावश्यक क्रोधित होता है। तो इसका मतलब ये होता है कि उसके छात्र जीवन में वयक्तितव ले विकास में कोई कमी रह गई होगी। छात्र जीवन में वयक्तितव विकास के लिए एनएसएस से उचित मंच और कोई नही है। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर महेंद्र सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में एन.एस.एस.की स्थापना, उद्देश्य एवं समाज में इनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा समाज व राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को राष्ट्र सेवा का बेहतरीन मंच उपलब्ध करती है। के के कालेज में पिछले 10 या 15 सालो से एनएसएस की गतिविधियां ठप्प सी हो गई थी। काफी प्रयास के बाद एनएसएस को पिछले ही वर्ष शासन से के के कालेज में इस इकाई को पुनःशुरू कराया गया है इस सात दिवसीय विशेष शिविर से विधार्थी बहुत कुछ सीख कर जावेंगे। आप लोगो को स्वमसेवक का नाम दिया गया है समाज में बहुत सी बुराइयां होती है, जिनको दूर करने के लिए सरकार प्रयासरत रहती है।

सही भोजन बेहतर जीवन की थीम पर हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उ0प्र0 द्वारा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशन में स्कूल प्रबन्धन एवं/जिला प्रशासन के सहयोग से स्कूल कालेजों से ईट राइट स्कूल/ईट राइट कैम्पस योजना प्रारम्भ की गयी है। जिसके अन्तर्गत सही भोजन बेहतर जीवन की थीम पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आज ईट राइट क्रियेटीवटी चेलेंज फेज-4 के अन्तर्गत गंगा देवी इण्टर कालेज हरदोई में स्वीच, पेंटिंग, वाद-विवाद व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 14 प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया । कार्यक्रम मे प्रथम स्थान पाने वाले को 1000/-रू0, द्वितीय स्थान पाने वालें को 800/-रू0 व तृतीय स्थान पाने वालें को 700/-रू0 नगद पुरस्कार व प्रमाण-पत्र तथा मेंडल देकर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा-3 से 5 तक के छात्र-छात्राओं में हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय खड़रा की छात्रा अन्या कश्यप ने प्रथम, प्राथमिक विद्यायल रेलवेगंज के छात्र आयुष कुमार गुप्ता को द्वितीय व प्राथमिक विद्यायल रेलवेगंज के ही छात्र विशाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता में वेणी माधव इण्टर कालेज की छात्रा शिबू शर्मा ने प्रथम, गंगा देवी इण्टर कालेज के छात्र आर्दश कुमार ने द्वितीय, गंगा देवी इण्टर कालेज के ही छात्र वरूण कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-9 से 10 तक के छात्र-छात्राओं में हुई स्लोगन प्रतियोगिता में वेणी माधव इण्टर कालेज की छात्रा वैशाली शुक्ला ने प्रथम, वेणी माधव इण्टर कालेज की ही छात्रा इतिका त्रिपाठी ने द्वितीय, वेणी माधव इण्टर कालेज की ही छात्रा उन्नति पंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-11 से 12 तक के छात्र-छात्राओं में हुई स्पीच प्रतियोगिता में वेणी माधव इण्टर कालेज की छात्रा वैष्णवी शुक्ला ने प्रथम, गंगा देवी इण्टर कालेज के छात्र वैभव शुक्ला ने द्वितीय, रफी अहमद इण्टर कालेज के छात्र आयुष कटियार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय व अन्य स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य विकास अधिकारी ने सम्मानित किया तथा उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए तथा बच्चों से अपील की, कि आप उन्हीं खाद्य पदार्थो का सेवन करें जो आपके स्वास्थय के लिये बेहतर हों। सहायक आयुक्त खाद्य, सतीश कुमार द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदया व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा कहा कि सही भोजन बेहतर जीवन इस कार्यक्रम की थीम है अपने स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए पौष्टिक खाद्य पदार्थो का सेवन करें एवं अपना जीवन बेहतर बनायें। कार्यक्रम का संचालन मनीष मिश्रा द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में गंगा देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अभिराम सिंह, रफी अहमद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत सिंह, खुशीराम, सुभाष मौर्या, अनिरुद गांगवार व अनुराधा कुशवाहा मौजूद रहे।

समेकित शिक्षा के माध्यम से विकलांग बच्चों को सामान्य बनायें: बीईओ

अवधनामा संवाददाता

नंदगांव (मथुरा) परिषदीय विद्यालयों में विकलांग छात्रों को समेकित शिक्षा शिक्षा के अंतर्गत समावेशी शिक्षा के माध्यम से सामान्य छात्रों की श्रेणी में लाया जाए उक्त विचार विकलांग छात्रों के नोडल प्रधानाध्यापकों के प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला ने व्यक्त किए उन्होंने कहा कि विकलांग बच्चों का भविष्य उज्जवल सिर्फ पढ़ाई के माध्यम से ही बनाया जा सकता है। विदित है कि शासन के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं अध्यापकों को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक स्तर को सुधारने के लिए तरह तरह-तरह के प्रशिक्षण वर्तमान में डाइट से लेकर बीआरसी पर संचालित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में नंदगांव ब्लाक संसाधन केंद्र पर फरवरी माह में प्रथम चरण के प्रशिक्षण देने के उपरांत द्वितीय चरण का प्रशिक्षण ग्यारह मार्च से शुरू हुआ। पांच-दिवसीय प्रशिक्षण में समापन समारोह में समस्त एआरपी गणों जैसे कि नोडल एआरपी राजेश कुमार, वरिष्ठ एआरपी नवीन कुमार शर्मा, अन्य में दिनेश कुमार, योगेश कुमार,डा.प्रांशु शर्मा ने अपने अपने विचारों से अवगत कराया। प्रशिक्षण में संदर्भदाता प्रदीप कुमार मिश्रा एवं उमाशंकर द्वय ने प्रत्येक दिन अलग-अलग अंदाज में मूक-बधिर छात्रों को समेकित शिक्षा के माध्यम से समावेशी शिक्षा द्वारा शैक्षिक गतिविधियों के द्वारा कैसे मुख्य धारा से जोड़कर सामान्य छात्रों की श्रेणी में लाया जा सकता है इससे प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों में बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला, एआरपी राजेश कुमार, नवीन कुमार शर्मा, दिनेश कुमार, योगेश कुमार,डा.प्रांशु शर्मा, संदर्भदाता प्रदीप कुमार मिश्रा, उमाशंकर, कंप्यूटर टैक्निकल प्रभारी विनय कुमार मिश्रा, कुंजबिहारी, नवीन शर्मा,अमर शर्मा, पंकज, ओमप्रकाश, अशोक शर्मा आदि के अलावा ब्लाक के चौरासी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का जनसमूह प्रशिक्षार्थियों के रूप में था।

स्वर्णकार समाज का होली मिलन समारोह 19 मार्च को

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। अखिल भारतीय स्वर्णकार जनजागृति एसोसियेशन के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन 19 मार्च को बैकुंठ राधिका फॉर्म ,सकरवा रोड, गोवर्धन ,मथुरा में किया जा रहा है।राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 18 मार्च को सामूहिक रूप से गिरिराज जी की परिक्रमा की जाएगी। 19 मार्च को प्रातः गिरिराज जी का अभिषेक, सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन होली मिलन समारोह के अंतर्गत किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सालिग राम बटिया अध्यक्ष नगर पंचायत फरह, विशिष्ट स्थिति के रूप में डा .प्रवीण कुमार वर्मा, एसडीओ विद्युत विभाग रमेश सोनी, और प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण कुमार वर्मा भाग लेंगे।

गिरिराज जी का अभिषेक जगदीश सोनी सुनीता सोनी, राजकुमार वर्मा रंजना वर्मा, मोहनलाल वर्मा मंजू वर्मा ,प्रदीप सोनी रुपाली सोनी द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों में युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ वर्मा,राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश वर्मा,जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा,दिनेश वर्मा,हरिओम वर्मा,युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा ,पंकज स्वर्णकार,राकेश वर्मा, तोता राम वर्मा,गोपेश सोनी,विष्णु सोनी,विपिन वर्मा,मनसुख लाल,हरे कृष्ण वर्मा,शिवम वर्मा,दाऊदयाल सोनी,सूरज सोनी एवम अन्य पदाधिकारीगण जुटे हुए हैं।

अखंड हिंदू वाहिनी के जिलाध्यक्ष बने अभिषेक

इटावा। अखंड हिंदू वाहिनी के संस्थापक रूद्र त्रिपाठी और बीरू भैया ने इटावा के अभिषेक यादव उर्फ आशु को अपने संगठन में शामिल किया है और उनको इटावा जनपद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार ने

अभिषेक यादव को मनोनीत पत्र देकर शुभकामनाएं दी तथा जल्द अपनी कार्यकारिणी घोषित करने को कहा है तथा उन्होंने बधाई देते हुए उनको मानो में पत्र सौंपा।अभिषेक यादव छात्र जीवन से ही समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं पूर्व में समाजवादी पार्टी की इकाई छात्र सभा में जिला सचिव के पद पर रह चुके हैं अभिषेक यादव को अखंड हिंदू वाहिनी का जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर जिले भर के लोगों ने बधाइयां दी।

जिलाधिकारी ने गेहूं खरीद के लिए की बैठक

गेहू खरीद के लिए किसान अभी से पोर्टल पर कराए पंजीयन, गेहू खरीद के 48 घण्टे में किसानों के बैंक खातें में होगा भुगतान: डीएम

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने जनपद में किसानों से सुगमता के साथ गेहू खरीद करने के लिए शुक्रवार को अपनी कार्यालय में सभी उप जिलाधिकारी, कृषि, राजस्व व ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिक से अधिक गेहूँ खरीद कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों व जुम मीटिंग पर जुड़े सभी खण्ड विकास अधिकारी, पंचायत सहायकों को निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्र के सभी ग्राम सचिवालयों पर पंचायत सहायकों के माध्यम से पहले से सभी किसानों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान खाद्य विपणन अधिकारी प्रवीण प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि गतवर्ष 2023-24 की तुलना में इस वर्ष (2024-24) में एम एस पी में रू0 150/- की वृद्धि करते हुये एम एस पी रू0-2275/- प्रति कुन्तल कर दिया गया है। कृषकों द्वारा बोये गये रकबे में उत्पादित 100 कुन्तल तक गेहूँ को सत्यापन से मुक्त रखा गया है। इस वर्ष (2024-25) में बटाईदारों एवं पंजीकृत ट्रस्ट से भी गेहूँ क्रय करने का निर्णय लिया गया है। गेहूँ क्रय हेतु जनपद में मोबाईल क्रय केन्द्र भी स्थापित किये जायेंगे। इस बार कृषकों से उतराई/ छनाई/ सफाई मद में लेबरों को दी जाने वाली धनराशि रू0-20/- प्रति कुन्तल की प्रतिपूर्ति भी कृषकों को की जायेगी। जनपद में गेहूँ क्रय हेतु 67000 मी0टन क्रय लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कराया जाना है। गेहूँ क्रय हेतु जनपद में कुल 70 क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं। किसान अपना पंजीकरण सायबर कैफे, जन सेवा केन्द्र, किसान मित्र एप्प एवं केन्द्र प्रभारी के माध्यम से fcs.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। किसानों को उनके द्वारा विक्रय किये गये गेहूँ के मूल्य का भुगतान 48 घण्टे के अन्दर पीएफएमएस के माध्यम से उनके आधार लिंक्ड खाते में किया जायेगा। सभी किसानों से अपील है कि अपना गेहूँ राजकीय केन्द्र पर विक्रय कर सरकारी योजना का लाभ उठायें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने भारत सरकार द्वारा केंद्र पोषित डिजिटल मिशन ऑन एग्रीकल्चर घटक के अंतर्गत प्रदेश में उगाई जाने वाली फसलों के रियल टाइम सर्वेक्षण हेतु एग्री स्टॉक योजना (ई खसरा पड़ताल) की भी समीक्षा की, जिसमें अपर जिलाधिकारी, उप कृषि निदेशक, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला कृषि अधिकारी एवं ऑनलाइन माध्यम से खंड विकास अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जनपद में जनपद में कल 718 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 448 गांव में एक खसरा पड़ताल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है इन ग्रामों में 369325 घाटों के सापेक्ष 247192 घाटों का सर्वेक्षण कृषि, राजस्व एवं पंचायती राज विभाग के द्वारा अपने कर्मचारियों से कराया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि रबी फसल सर्वेक्षण का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए जिसमें राजस्व विभाग के लेखपाल कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक एवं पंचायती राज विभाग के पंचायत सहायकों को लगाया जाए।

गणित ओलंपियाड उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालें छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। आलमपुर हौज स्तिथ संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं की योग्यता परखने के लिए मैथ ओलंपियाड का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा 3 से लेकर कक्षा 8 तक के सैकड़ो छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया ! परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को संस्था के प्रधानाचार्य सिटी कॉर्डिनेटर डॉक्टर आनंद मुनि ने मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया! इस मौके पर डॉक्टर आनंद मुनि ने नन्हे-मुन्ने बच्चो को विद्यालय स्तर पर होने वाली ऐसी प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाला तथा रामानुजन जैसी महान प्रतिभाओं के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग बालिका में तृप्ति, नंदनी, अंजली, प्रिंसी, श्रष्टि, भूमि, अर्पिता, स्तुति, पवनी निम्न छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

वही जूनियर वर्ग बालक में युवराज, नितिन प्रियांशु, कृष्णा, मनीष, प्रिंस, ओम राजपूत, अनुराग यादव आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। सब जूनियर बालिका वर्ग में यशी प्रिया, टीना, निधि गोयल, दिव्यांशी, आराध्या, गुंजन आरोही, मान्या आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सब जूनियर बालक वर्ग में अभय पाल, दृश्यम, वेदांत, अभि राजपूत, आयुष गुप्ता, कुणाल यादव, तन्मय, शिवांश आदि ने बेहतरीन प्रदर्शन किया जिसके लिए संस्था के प्रधानाचार्य डॉक्टर आनंद मुनि के द्वारा बच्चों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

शंकराचार्य अभिमुक्तेश्वरआनन्द सरस्वती पहुंचे राधाकुंड

राधाकुंड (मथुरा)। गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा दिए जाने व गौ हत्या रोके जाने को लेकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज पैदल संकल्प यात्रा में परिक्रमा करते हुए राधाकुंड पहुंचे। राधाकुंड संगम पर आचार्य विष्णु शुक्ला ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। राधा गोविंद देव मंदिर बड़ी कुंज में शंकराचार्य ने ठाकुर जी के दर्शन किए। पैदल यात्रा में गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा दो के नारे लगाते हुए गौ भक्त चल रहे थे। गुरुवार को संकल्प यात्रा ने गिरिराज जी की बड़ी परिक्रमा की थी। शंकराचार्य ने कहा कि गाय पूज्यनीय है। इसमें 33 कोटि देवता वास करते हैं। भारत सरकार गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दे साथ ही गो हत्या पर कठोर क़ानून बनाए। जब इंद्र ने ब्रज और गायों पर वर्षा के माध्यम से कोप किया था तो गिरिराज जी ने गायों की रक्षा की थी।

काशीराम की जयंती पर बहुजन जागृति यात्रा निकाली गई

अवधनामा संवाददाता

■ बहुजन एकता की आवश्यकता: शायर अभिषेक जाटव

मथुरा। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा बहुजन नायक भारत में राजनीतिक क्रांति के अग्रदूत मान्यवर काशीराम साहब के जन्म दिवस के उपलक्ष में बहुजन जागृति यात्रा का आयोजन दिनेश मिस्त्री के संयोजन में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मुख्य रूप से पधारे बहुजन क्रांतिकारी नेता एवं कभी शायर भाई अभिषेक कुमार जाटव ने मनवार साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित बहुजन जागृति यात्रा का शुभारंभ किया इस मौके पर अभिषेक जाटव ने बहुजन समाज की एकता पर बल देने की अपील की साथ ही वर्तमान परिपेक्ष में बहुजनों का एक होना और राष्ट्रीय स्तर पर आवश्यक है साथ ही रविदास पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सिंह प्रेमी भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह मथुरा महानगर पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष रमेश सैनी ने संयुक्त रूप से अपने बयान में कहा कि भारत में जब तक बहुजन समाज के लोग सत्ता में स्थापित नहीं होंगे तब तक निजीकरण बेरोजगारी महंगाई आदि से मुक्ति नहीं मिल सकती लो बहुजन जागृति कृष्णा नगर बिजली घर से प्रारंभ होकर पति राम मंदिर सॉन्ग रोड अंबेडकर कॉलोनी आजाद नगर मंडी समिति चौराहा महेंद्र नगर द्वारिकेश नगर होती हुई इंद्रपुरी अंबेडकर पार्क पर सभा के रूप में विसर्जित हुई सैकड़ो की संख्या में युवा कार्यकर्ता बाबा साहब एवं बहुजन एकता के गगन विधि नारे लगाते रहे हाथों में महापुरुषों की पत्रिका एवं नीला झंडा तिरंगा झंडा लेकर निकल गई बहुजन जा कर दी यात्रा का जगह-जगह पर पुष्प बरसाकर साफ़ा बाँधकर मिष्ठान खिलाकर जलपान कराकर स्वागत किया गया। बहुजन जागृति यात्रा के सभी सहयोगियों का अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने आभार व्यक्त किया इस मौके पर विजय सिंह प्रेमी राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व रविदास पीठ राजेश कुमार राजवीर सिंह, सलीम खान, रमेश सैनी, आकाश बाबू, चित्र सेन मौर्य, राजेश, डा. राजकुमार सैनी, शैलेन्द्र कुमार, राज गब्बर, विवेक कुमार,जितेंद्र सिंह, कमलेश, रेखा,अंजू, गुड़िया, शारदा, रविता, नंदिनी, तनीषा, नथिया देवी, बंदना, आशीर्वाद आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय गौ रक्षा दल ने किया एम पी सिंह तोमर का स्वागत

इटावा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिलाध्यक्ष गौ रक्षा दल ने एमपी सिंह तोमर का आवास पर पहुंचकर फूल मालाओं से स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर एमपी सिंह तोमर ने कहा कि देश में सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी सरकार है जो वास्तव में किसानों की हितैसी है अब तक तो जो लोग भी सरकार में रहे उन्होंने सिर्फ किसानों का शोषण किया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवा ठाकुर, राहुल चौहान, चंद्रेश राजावत, संजीव भदौरिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

पर्यावरण के प्रति जागरूक किया

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाये। आवश्यक सूचनाओं का प्रेषण ससमय किया जाये। लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाये। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बच्चों के भविष्य की खातिर संस्कारित शिक्षा है जरूरी

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आज के बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार देना भी जरूरी है, तभी यह बच्चे अपने भविष्य का निर्माण करने में कामयाब हो सकेंगे। शहर के लाइनपार इलाके में इन्द्रानगर-रामनगर स्थित राजलक्ष्मी स्कूल में आयोजित शैक्षिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व सांसद व पूर्व विधायक रघुराज सिंह शाक्य ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं की शिक्षा के लिए माता सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबाराव फुले के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विशिष्ट अतिथि राजकीय प्रधानाचार्य पूरन सिंह पाल ने कहा समाज में बेटियां दो घरों को रोशन करने का काम करतीं हैं इसलिए बेटों की तरह बेटियों को भी अच्छी और उच्च शिक्षा दिलाने में कोताही न करें। नबाब सिंह कुशवाहा कोचिंग सेंटर ने कहा कोई भी समाज या राष्ट्र शिक्षा के बगैर तरक्की नहीं कर सकता, राजलक्ष्मी स्कूल भी बच्चों को संस्कारित शिक्षा देकर समाज में अच्छे आयाम स्थापित कर रहा है। स्कूल के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने शिव धनुष भंग, राष्ट्र रक्षा, होली गीत, राजस्थानी गीत, अनपढ़ नेता व कव्वाली जैसे कई नाटक प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा का जो चित्रण प्रस्तुत किया उसे उपस्थित समूह ने खूब सराहा। स्कूल के प्रबंधक संदीप कुशवाह ने कहा हमारी कोशिश है कि समाज के गरीब, उपेक्षित, वंचित व पिछड़े परिवारों के बच्चे भी शिक्षित बन सकें।

ब्राइडल लुक में अट्रैक्टिव दिखने के लिए ट्राई करें ये लेटेस्ट डिजाइन वाला चूड़ा, लुक्स में लगेंगे चार चांद

गर आपकी भी जल्द शादी होने वाली है और आप अट्रैक्टिव और यूनिक चूड़ा ढूंढ रही हैं। तो हम आपको नए चूड़ा डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप यूनिक डिजाइन के चूड़ा पहन कर अपने दिन को और भी अधिक खास बना सकती हैं।

हर लड़की अपनी शादी के दिन सबसे खास दिखना चाहती है। ऐसे में हर लड़की अपने आउटफिट से लेकर हर चीज को परफेक्ट तरीके से वियर करने के बारे में सोचती है। दुल्हन के आउटफिट में लहंगे समेत कई चीजों का खास ख्याल रखा जाता है। वहीं इसमें ज्वैलरी और चूड़ा भी शामिल है। चूड़ा हर दुल्हन को काफी ज्यादा अट्रैक्ट करता है।

ऐसे में आपको बाजार में चूड़ा के बहुत सारे डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। ऐसे में अगर आपकी भी जल्द शादी होने वाली है और आप अट्रैक्टिव और यूनिक चूड़ा ढूंढ रही हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नए चूड़ा डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं।

चूड़ा

अधिकतर दुल्हन लाल रंग का चूड़ा पहनती हैं। लेकिन अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं, तो आप लाल रंग के चूड़ा की जगह राजवाड़ी चूड़ा पहन सकती है। राजवाड़ी चूड़ा का डिजाइन काफी अलग और खूबसूरत होता है। जो शादी के दिन दुल्हन के लहंगे के साथ काफी ज्यादा अच्छा लगेगा। राजवाड़ी चूड़ा रेड, ग्रीन और गोल्डन रंग में होता है। इसमें बीड्स, स्टोन और पर्ल डिजाइन से बनाया जाता है। जिससे चूड़ा को अट्रैक्टिव लुक देता है।

राजपूती चूड़ा

हर दुल्हन के लिए राजपूती चूड़ा भी एक बेस्ट ऑप्शन है। इस चूड़ा को कई सारे रंगों के कॉम्बिनेशन से बनाया जाता है। लेकिन इस चूड़े में सबसे ज्यादा सफेद मोती का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा राजपूती चूड़ा में कलीरे स्टाइल का झुमका लगा हुआ होता है। यह चूड़ा काफी ज्यादा यूनिक होता है। ऐसे में आप हर कलर के आउटफिट के साथ इस सफेद मोतियों से सजे चूड़े को मैच करके पहना जा सकता है।

राजशाही चूड़ा

मल्टीकलर राजशाही चूड़ा भी आजकल काफी ज्यादा ट्रेंड में है। अगर आप इसमें गोल्डन और रेड कलर में चूड़ा पहनना चाहती हैं, तो आप राजशाही चूड़ा ट्राई कर सकती हैं। यह राजशाही चूड़ा में गोल्डन और लाल वर्क किया जाता है, जो इस चूड़े को बेहद यूनिक और काफी ज्यादा खूबसूरत बनाता है। अगर आपकी भी शादी होने वाली है और आप शादी वाले दिन डार्क कलर का आउटफिट पहन रही हैं, तो इस पर राजशाही चूड़ा काफी अच्छा लगेगा।

मोटापे को छिपाने और लंबी हाइट के लिए इस तरह से पहनें साड़ी, बहुत काम आएंगे ये हैक्स

हर लड़की पर साड़ी काफी अच्छी लगती है। लेकिन अगर साड़ी को सलीके से पहना गया हो। हांलाकि ज्यादातर लड़कियां चाहकर भी साड़ी नहीं पहन पाती हैं। ऐसे में आप इन टिप्स को फॉलोकर अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं।

हर लड़की पर साड़ी काफी अच्छी लगती है। लेकिन अगर साड़ी को सलीके से पहना गया हो। हांलाकि ज्यादातर लड़कियां चाहकर भी साड़ी नहीं पहन पाती हैं। क्योंकि उन्हें ऐसा लगता है कि साड़ी में उनकी हाइट काफी कम लगती है और मोटा लुक आता है। लड़कियों को ऐसा लगता है कि साड़ी उनपर अच्छी नहीं लगेगी।

इस कारण वह साड़ी पहनने में हिचकती हैं। अक्सर लड़कियों की यह शिकायक होती है कि साड़ी में उनकी हाइट कम हो जाती है। तो आज हम आपको साड़ी पहनने के कुछ आसान स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। इन आसान टिप्स को फॉलो करने से साड़ी में आपकी हाइट लंबी दिखेगी।

नाभि के ऊपर से न पहनें साड़ी

साड़ी पहनने के दौरान ध्यान रखना चाहिए कि आप नाभि से थोड़ा नीचे साड़ी पहनें। नाभि के ऊपर साड़ी पहनने से आपका लुक मोटा दिख सकता है। वहीं कमर के नीचे का हिस्सा सभी का बराबर होता है। साड़ी पहनते समय यह आसान सा ट्रिक आपके लुक को पतला दिखाने में सहायता करता है।

वर्टिकल लाइन डिजाइन वाली साड़ी

साड़ी में ज्यादा लंबा दिखने के लिए ऐसी साड़ियां पहनें, जिसमें ऊपर से नीचे की तरफ लंबी धारी वाली डिजाइन हों। इस तरह की साड़ी में आपकी हाइट ज्यादा लगेगी। चौड़ाई में बनी डिजाइन वाली साड़ी पहनने से बचना चाहिए। क्योंकि इस तरह की साड़ी में हाइट कम लगती है।

साड़ी का प्रिंट्स

आपकी बॉडी शेप के हिसाब से साड़ी के प्रिंट्स होने चाहिए। आप चाहें तो फ्लोरल प्रिंट या फिर छोटे प्रिंट वाली साड़ी पहन सकती हैं। क्योंकि इस तरह की साड़ियों में आपकी लंबाई ज्यादा लगने के साथ ही वजन भी कम लगेगा। यह प्रिंट देखने में भी काफी स्टाइलिश लगते हैं।

ब्लाउज डिजाइन

अगर आपकी हाइट कम है और साड़ी में लंबी दिखना चाहती हैं, तो आपको लंबे या फुल स्लीव्स वाले ब्लाउज नहीं पहनने चाहिए। आप साड़ी में लंबी दिखने के लिए बिना स्लीव्स वाले या फिर कोहनी के ऊपर वाले ब्लाउज पहनें। वहीं बाजुओं में अधिक चर्बी या मोटापा होने पर आपको हाफ स्लीव्स या कट स्लीव्स वाले ब्लाउज नहीं पहनने चाहिए।

होली पार्टी में जबरदस्त दिखने के लिए ये कम्फर्टेबल कपड़े जरुर पहनें, दिखेंगी फैशनेबल

होली त्योहार की तैयारियां शुरु हो चुकी है। होली पार्टी में स्टाइलिश दिखने के लिए आप भी क्या पहनें यह सोच रहे तो बिल्कुल चिंता न करें। इस लेख में हम बताएंगे कि अच्छे से होली एन्जॉय करने के लिए जरुरी है कि आप सही कपड़ो का चयन करें। ऑफिस पार्टी हो या घर पर होली की पार्टी जरुर होती है।

रंगों का त्योहार का सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। हर साल होली की सेलिब्रेशन की तैयारियां पहले से ही शुरु हो जाती है। ऑफिस पार्टी हो या घर पर होली की पार्टी जरुर होती है। जहां पर हर कोई तैयार होकर पहुंचता है और होली का जश्न मनाता है। इस साल होली का फेस्टिवल 25 मार्च को मनाया जाएगा। ऐसे में होली पार्टी के लिए सभी लोग पहले से तैयारियां शुरु कर देते है। अगर आप भी होली की पार्टी में जाने का प्लान कर रहे हैं तो जरुरी है कि आप पहले से ही अपने लिए कम्फर्टेबल कपड़ों की शॉपिंग कर लें। इसे आप अच्छे से होली पार्टी को एन्जॉय कर पाएंगे।

लूज टी-शर्ट और जींस करें वियर

आप होली में लूज टी-शर्ट और जींस को वियर कर सकती हैं। आप चाहें तो घर में रखी कोई पुरानी टी शर्ट या व्हाइट टी शर्ट को प्रिंट कराकर वियर कर सकती हैं या मार्केट से 100 रुपये में खरीद सकती हैं। इसके साथ ही घर पर रखी पुरानी जींस को पेयर कर सकती हैं। इसमें आप कम्फर्टेबल भी रहेंगी, इसके साथ ही अगर आप चाहें तो ऊपर से एक पतला स्टॉल डाल सकती हैं।

कुर्ती करें वियर

होली पार्टी में व्हाइट कलर की प्रिंटेड कुर्ती को भी प्लाजो या लूज जींस के साथ वियर कर सकती हैं। साथ में कॉन्ट्रास्ट में चुन्नी डाल सकती हैं ताकि अगर आपके ऊपर पानी पड़ जाए तो आपको अजीब न लगे। आप चाहें तो बाजार से 100 रुपये में अच्छे कॉटन के कुर्ते से सकती हैं।

शॉर्ट कुर्ती पहनें

स्टाइल के साथ-साथ आपको कम्फर्टेबल रहना है तो आप होली पार्टी में प्लाजो पैंट के साथ कुर्ती वियर कर सकती हैं। इसके साथ ही आप कॉटन के स्टॉल को पेयर करें इससे आप बेहद स्टाइलिश नजर आएंगे। इस तरह की कुर्ती होली प्रिंट में आपको बाजार में काफी सारी मिल जाएगी।

चाहिए काले, लंबे और घने बाल, बस कलौंजी का करें इस्तेमाल

कलौंजी को शहद के साथ मिक्स करके भी लगाया जा सकता है। यह हेयर ग्रोथ के साथ-साथ बालों में चमक भी लेकर आता है। इसके लिए आप थोड़ा सा कलौंजी का तेल लें और फिर उसमें एक चम्मच शहद मिक्स करें।

कलौंजी का इस्तेमाल हम सभी अपनी किचन में करते ही हैं। हालांकि, इसे कई तरह की हेल्थ प्रोब्लम्स को दूर करने में भी इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन इसके ब्यूटी बेनिफिट्स भी कम नहीं हैं। मसलन, अगर आप हेयर फॉल की समस्या से जूझ रही हैं या बालों की तेजी से ग्रोथ चाहती हैं तो कलौंजी का इस्तेमाल किया जा सकता है। कलौंजी के बीज में महत्वपूर्ण फैटी एसिड, मिनरल्स और कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। साथ ही, इसमें लिनोलिक एसिड होता है, जो बालों के रोमों को पोषण और बेहतर बनाने में मदद करता है। आप इसकी मदद से लंबे और घने बाल पा सकती हैं। बस आप इसे हेयर केयर रूटीन में कुछ इस तरह शामिल करें-

कलौंजी और नारियल तेल से बनाएं मास्क

सबसे पहले कलौंजी के बीजों को पीसकर पाउडर बना लें। अब इसे नारियल या जैतून के साथ मिक्स करें। अब तैयार पेस्ट को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इस मास्क को लगभग 30 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अपने बालों को किसी माइल्ड शैम्पू और कंडीशनर से क्लीन करें।

कलौंजी और शहद का करें इस्तेमाल

कलौंजी को शहद के साथ मिक्स करके भी लगाया जा सकता है। यह हेयर ग्रोथ के साथ-साथ बालों में चमक भी लेकर आता है। इसके लिए आप थोड़ा सा कलौंजी का तेल लें और फिर उसमें एक चम्मच शहद मिक्स करें। अब इसे अपनी स्कैल्प पर लगाएं और आधे घंटे के लिए छोड़ दें। फिर माइल्ड शैम्पू से बालों को धो लें।

कलौंजी और एलोवेरा जेल का करें इस्तेमाल

अगर आपकी स्कैल्प सेंसेटिव है तो ऐसे में आप कलौंजी और एलोवेरा जेल से बना मास्क अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आप एलोवेरा का पत्ता तोड़कर फ्रेश जेल निकाल लें। अब इसमें कलौंजी का तेल डालकर मिक्स कर लें। इस हेयर मास्क को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। करीबन आधे घंटे बाद पहले बालों को पानी से धोएं। फिर आप माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करें।

दोबारा बाल उगाने के 5 नेचुरल तरीके, हेयर्स होंगे हेल्दी

महिलाओं में बालों के झड़ने के सबसे आम कारणों में से एक है। बालों का झड़ना क्या है और बालों के झड़ने के घरेलू उपाय को जरुर ट्राई करें। प्राकृतिक रूप से बाल दोबारा उगाने की टिप्स। बालों के विकास पर ध्यान देना और बालों के झड़ने की रोकथाम के उपाय करना भी आवश्यक है। हर किसी को बाल झड़ने की समस्या रहती है, हालांकि कुछ हद तक बालों का झड़ना सामान्य और हानिरहित है। तनाव भरी लाइफ और गलत खान-पान की वजह से हमारी लाइफस्टाइल पर काफी प्रभाव पड़ता है। इसी वजह से बाल झड़ना एक आम समस्या हो जाती है, लेकिन लगातर बाल झड़ना भी ठीक नहीं होता है। बाल झड़ने की समस्या से गंजापन देखने को मिलता है। इन सबसे बचने के लिए हम आपके लिए इस लेख में लेकर आए हैं नेचुरल रुप से दोबारा बाल उगाने के ये 5 टिप्स। तो चलिए जानते हैं।

संतुलित आहार

बालों का दोबारा उगाने के लिए आहार में विटामिन, मिनरल्स और प्रोटीन जैसे हरी सब्जियां, नट्स, अंडा और मछली जैसे फूड

शामिल करें।

स्कैल्प मसाज

बालों को दोबारा नेचुरल तरीके से उगाने के लिए अपने स्कैल्प की मसाज जरुर करें। आप अपने स्कैल्प की मसाज रोजमैरी ऑयल या नारियल के तेल से कर सकते हैं। यह बालों फोलिकल्स को हेल्दी रखते हैं।

तनाव से बचे

बालों का झड़ना सबसे बड़ा कारण तनाव होता है। अगर आप अपने बालों को झड़ने से रोकना चाहते हैं तो तनाव न लें। बालों को दोबारा नेचुरल तरीके से उगाने के लिए तनाव से बचे।

हर्बल उपाय

बालों को दोबारा नेचुरल तरीके से उगाने के लिए आप एलोवेरा जेल, प्याज का जूस, अदरक का रस बालों में अप्लाई कर सकते हैं। यह बालों की रिग्रोथ करने में मदद करता है और स्कैल्प को भी हेल्दी रखता है।

करी पत्ते का इस्तेमाल

एक और लोकप्रिय प्राकृतिक उपाय जो बालों के विकास को बढ़ावा देता है वह है करी पत्ता। शोध के अनुसार, करी पत्ते में बीटा-कैरोटीन और प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है। यह बालों के विकास को बढ़ावा देता है और बालों का गिरना कम करता है। करी पत्ते में उच्च मात्रा में अमीनो एसिड भी होता है जो बालों के फाइबर को मजबूत करता है। आप घर पर ही करी पत्ते का हेयर मास्क या हेयर ऑयल बना सकते हैं। महत्वपूर्ण परिणाम देखने के लिए इसे सप्ताह में एक या दो बार स्कैल्प पर लगाएं।

बदलते मौसम में ऑयली स्किन की ऐसे करें देखभाल, मिलेगी खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा

सर्दियों के मौसम में सभी लोगों को अपनी त्वचा का खास ख्याल रखना पड़ता है। वहीं बदलते मौसम में भी स्किन को एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। क्योंकि बदलते मौसम के साथ ही स्किन को भी मौसम के लिए तैयार करना जरूरी होता है। सर्दियों के मौसम में सभी लोगों को अपनी त्वचा का खास ख्याल रखना पड़ता है। वहीं बदलते मौसम में भी स्किन को एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। क्योंकि बदलते मौसम के साथ ही स्किन को भी मौसम के लिए तैयार करना जरूरी होता है। गर्मियों में स्किन पर मुंहासे, दाग-धब्बे और टैनिंग आदि की समस्या होने लगती है। ऐसे में स्किन का ख्याल रखने के लिए आप कुछ टिप्स फॉलो कर सकती हैं। जिससे आपकी त्वचा क्लीन और एक्ने फ्री रहेगी। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बदलते मौसम में अपनी त्वचा का ख्याल रखने के लिए क्या टिप्स फॉलो करना चाहिए।

सनस्क्रीन

वैसे तो त्वचा का ख्याल रखने के लिए हर मौसम में सनस्क्रीन जरूर लगानी चाहिए। लेकिन कुछ लोग बदलते मौसम में इसका इस्तेमाल नहीं करते हैं। बता दें कि बदलते मौसम में सनस्क्रीन का जरूर अप्लाई करनी चाहिए। आपको एसपीएफ 30 सनस्क्रीन लगाना चाहिए। जो धूप से स्किन का बचाव करती है। वहीं त्वचा के दाग-धब्बों और टैनिंग को भी दूर करने में मददगार होती है।

त्वचा को करें एक्सफोलिएट

बदलते मौसम में अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट करना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि इससे स्किन पर जमे सारे डेड स्किन सेल्स निकल जाते हैं। वहीं एक्सफोलिएट करने से स्किन साफ और क्लियर होती है। स्किन को एक्सफोलिएट करने के लिए आप कॉफी या ब्राउन शुगर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा आप चाहें तो बाजार में मिलने वाले स्क्रबर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

बॉडी को रखें हाइड्रेट

हर मौसम में अपनी बॉडी को हाइड्रेट रखना चाहिए। इसके लिए आपको ढेर सारा पानी पीना चाहिए। क्योंकि शरीर को हाइड्रेट रखने से इसका फायदा आपकी त्वचा को भी मिलता है। पानी पीने से त्वचा हाइड्रेट होती है और त्वचा ग्लो करने लगती है। त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए आप मॉइश्चराइजर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप मार्केट से अपनी स्किन टाइप का मॉइश्चराइजर ले सकते हैं।

फेस मास्क

स्किन की देखभाल के लिए फेस मास्क भी अप्लाई कर सकते हैं। आप मुल्तानी मिट्टी, गुलाबजल, एलोवेरा, ग्लिसरीन या अन्य चीजों का फेस मास्क अप्लाई कर सकते हैं। इससे आपकी त्वचा हाइड्रेट रहती है और चेहरे पर ग्लो आता है।

होंठों पर भी दें ध्यान

अक्सर लोग शरीर और चेहरे पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन होठों की केयर करना भूल जाते हैं। लेकिन बदलते मौसम में आपको अपने होंठों का भी ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि बदलते मौसम में होंठ हाइड्रेट हो जाते हैं। ऐसे में आप लिप बाम या फिर मॉइश्चराइजर आदि लगा सकते हैं।

वेडिंग फक्शन में पहने लखनवी चिकनकारी साड़ी, शादी में दिखेंगी सबसे अलग और खूबसूरत

शादी में आपको जाना हैं तो यह लखनवी चिकनकारी साड़ी जरुर पहने। इन साड़ी में आप एकदम खूबसूरत लगेंगी, कई बार होता है कि शादी में जाने पहले हम सोचते हैं आखिर क्या पहनें। वेडिंग फक्शन में आप लखनवी चिकनकारी साड़ी जरुर पहन सकते हैं। इस साड़ी में आप गजब की खूबसूरत लगेंगी। इस तरह के साड़ी के डिजाइन काफी ट्रेंड में है। शादी का फक्शन होता है तो कई बार हम ये सोचते रहते हैं कि आखिर ऐसा क्या पहने जिससे सबकी नजर हम पर हो। अगर आप भी कुछ हटके वेडिंग में वियर करना चाहती हैं तो यह लेख आपके लिए है। शादी में सबसे अलग और खूबसूरत दिखना हैं तो आप लखनवी साड़ी को वियर करें। दरअसल, इस तरह के साड़ी के डिजाइन काफी ट्रेंड में है, जिन्हें आप वियर करके काफी खूबसूरत लगेंगी।

रेड कलर चिकनकारी साड़ी

किसी भी शादी फक्शन में रेड कलर काफी अच्छा लगता है। इसलिए आप रेड कलर चिकनकारी साड़ी शादी में वियर करें। ट्रेडिशनल पाने के लिए लखनवी चिकनकारी साडियां सबसे बेस्ट है। इस साड़ी को पहनकर आप एकदम हटके लगेंगी और सबकी निगाहें आप पर रहेंगी। यह साड़ी हैवी के साथ-साथ रॉयल लुक भी प्रदान करती है। अगर किसी की हाल ही में शादी हुई है तो आप इसे वियर कर सकती है। बाजार में इस तरह की साड़ी 1000 से 3000 रुपये तक आपको मिल जाएगी।

ग्रीन कलर लखनवी फ्रील साड़ी

फ्रील साड़ी का ट्रेड एक बार फिर से आ गया है, हर किसी को इस तरह की साड़ी पहनना काफी पसंद होता है। इस बार शादी फक्शन में आप ग्रीन कलर लखनवी चिकनकारी साड़ी पहन सकते हैं। इसमें आपको पल्ले और नीचे की प्लीट्स पर डिजाइन मिलेगा। इसे आप स्कर्ट स्टाइल में भी वियर कर सकती हैं। यह साड़ी बाजार में 1000 से 2000 रुपये तक मिल जाएगी।

ब्लू कलर लखनवी साड़ी

अगर आपको हैवी स्टाइल वर्क में साड़ी पसंद हैं तो आप ब्लू कलर साड़ी को पहन सकती हैं। इसमे आपको दोनों कलर के कॉन्ट्रस्ट कलर मिल जाएंगे। जिसे आप शादी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको पल्ले के साथ-साथ पूरी साड़ी में डिजाइन मिलेगा। बाजार में इस तरह की साड़ी आपको 2000 से 2500 रुपये में आराम से मिल जाएगी।

भारत सरकार के बड़ा एक्शन, ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया अकाउंट किए ब्लॉक

नई दिल्ली। भारत के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील और असभ्य कंटेंट पब्लिश करने वाले डिजिटल प्लेटफार्मों पर कार्रवाई करते हुए 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को प्रतिबंधित कर दिया है। इसके साथ ही, 19 वेबसाइट, 10 ऐप्स , और

57 संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक कर दिए गए हैं। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि इन्हें पहले कई बार चेतावनी दी गई थी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि कई कारणों से इन वेबसाइट को ब्लॉक किया गया है। अश्लीलता और असभ्यताः जिन वेबसाइट को बैन किया गया है, उनमें से अधिकतर वेबसाइट पर यौन प्रकृति के कंटेंट उपलब्ध थे। महिलाओं का अपमानजनक चित्रणः इन प्लेटफॉर्म पर कंटेंट में अक्सर महिलाओं को अधीनस्थ या शोषक भूमिकाओं में दिखाया जाता है। शोषणकारी टॉपिकः कुछ कंटेंट में वर्जित संबंधों को यौन कृत्य करते और अनुचित संदर्भों में नग्नता के साथ दिखाया जाता था।

आक्रामक प्रचारः दर्शकों को लुभाने के लिए डिजाइन किए गए ट्रेलरों, दृश्यों और लिंक के साथ ओटीटी प्लेटफार्मों ने अपने कंटें को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया का गलत और बहुत ज्यादा उपयोग किया है। इन सभी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म पर यह कार्रवाई भारत के सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के तहत की गई थी। इन विभिन्न धाराओं के तहत कंटेंट उल्लंघन करने वाला माना गया है महिलाओं का अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4ः मीडिया में महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व पर रोक लगाती है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कार्रवाई करने से पहले अन्य सरकारी विभागों और मीडिया, मनोरंजन, महिला अधिकारों और बाल अधिकारों के विशेषज्ञों के साथ परामर्श किया।

अग्रिम जमानत याचिका लंबित रहते हुए भी निचली अदालत जारी कर सकती है उद्घोषणा नोटिसः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अग्रिम जमानत याचिका के लंबित रहने से निचली अदालत द्वारा उद्घोषणा नोटिस जारी करने और किसी भगोड़ा घोषित आरोपित की संपत्तियों की कुर्की का आदेश देने पर रोक नहीं है।

अदालत

पीठ ने कहा कि उक्त शक्ति के इस्तेमाल के लिए संबंधित अदालत को बहुत सतर्क रहना होगा।

अग्रिम जमानत देने की शक्ति को विशेष शक्ति बताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि कई मामलों में यह माना गया है कि जमानत एक नियम है, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि अग्रिम जमानत एक नियम है। जस्टिस सीटी रविकुमार और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने कहा कि अग्रिम जमानत देने का सवाल प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर अदालत के सतर्क और विवेकपूर्ण निर्णय पर छोड़ दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि उक्त शक्ति के

इस्तेमाल के लिए संबंधित अदालत को बहुत सतर्क रहना होगा। गंभीर मामलों में आरोपितों को अंतरिम राहत या संरक्षण देने से न्याय में बाधा आ सकती है। जांच में सुबूतों से छेड़छाड़ की भी स्थिति पैदा हो सकती है। शीर्ष कोर्ट ने पटना हाई कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया, जिसने भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) और डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 1999 के विभिन्न प्रविधानों के तहत अपराधों के लिए दर्ज प्राथमिकी के संबंध में अपीलकर्ताओं द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।पीठ ने कहा कि निश्चित रूप से यह न्याय के हित में असाधारण मामलों में गिरफ्तारी से पूर्व जमानत देने की अदालत की शक्ति से वंचित नहीं करेगा। लेकिन, लगातार आदेशों की अवहेलना करने और भगोड़ा घोषित लोग इस तरह की राहत के हकदार नहीं हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि किसी अंतरिम आदेश के अभाव में अग्रिम जमानत के लिए याचिका के लंबित रहने से निचली अदालतों को उद्घोषणा के लिए कदम उठाने, आगे बढ़ने और कानून के अनुसार दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 83 के तहत कदम उठाने पर रोक नहीं है। सीआरपीसी की धारा 83 फरार आरोपितों की संपत्ति की कुर्की से संबंधित है।

पीठ ने कहा कि हम पहले ही व्यवस्था दे चुके हैं कि अग्रिम जमानत देने की शक्ति एक असाधारण शक्ति है। अपील खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि अपीलकर्ता का आचरण उसे अग्रिम जमानत का लाभ लेने का हकदार नहीं बनाता है।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए आज राजी हो गया है। कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 21 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी के साथ 2023 के कानून के तहत नए चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश को चयन पैनल से बाहर रखा गया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, दीपांकर दत्ता और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा ईसी के चयन के लिए एक बैठक पहले से तय की गई थी, इस तथ्य को इंगित करते हुए एक अलग आवेदन दायर करें। पीठ ने 2023 के कानून के अनुसार की गई नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि हम अंतरिम आदेश के माध्यम से किसी कानून पर रोक नहीं लगाते हैं। याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कहा कि जब कोई फैसला सुनाया जाता है तो कोई उल्लंघन नहीं हो सकता। उन्होंने तर्क दिया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम 2023 में स्पष्ट उल्लंघन हुआ है।

बता दें कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू को गुरुवार को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। इनका चयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाले पैनल द्वारा किया गया। चुनाव आयोग में दो रिक्तियां 14 फरवरी को अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे के बाद उत्पन्न हुई थीं।

ऑल इंडिया बार एसोसिएशन ने सीजेआई को लिखा पत्र, दानदाताओं के खुलासे के संबंध में किया यह अनुरोध

नई दिल्ली। चुनावी बांड योजना को लेकर ऑल इंडिया बार एसोसिएशन ने गुरुवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र

लिखा है। इस पत्र में एआईबीए ने दानदाताओं के खुलासे के संबंध में फैसले की स्वतः समीक्षा का अनुरोध किया है। एआईबीए के अध्यक्ष डॉ आदिश अग्रवाल ने कहा कि कॉर्पोरेट दानदाताओं के नाम और दान की राशि का खुलासा करने से कॉर्पोरेट उत्पीड़न के शिकार हो जाएंगे। बता दें कि आदिश अग्रवाल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष और बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के पूर्व उपाध्यक्ष भी हैं।आदिश अग्रवाल ने तर्क दिया कि अगर कॉर्पोरेट दानदाताओं के नाम और विभिन्न पार्टियों को उनके द्वारा दिए गए दान की मात्रा का खुलासा किया जाता है, तो उन पार्टियों द्वारा उन्हें अलग-थलग कर दिए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। साथ ही उन्हें और अधिक परेशान किया जाएगा। यह उनका स्वैच्छिक दान स्वीकार करते समय दिये गये वादे से मुकरना होगा। आदिश ने आगे कहा कि दान के समय, कॉर्पोरेट दानकर्ता को पूरी तरह से पता था कि दान के बाद, उसकी पहचान, दान की राशि और दान लेने वाले राजनीतिक दल का विवरण सार्वजनिक नहीं किया जाएगा और गोपनीय रखा जाएगा। गोपनीयता का यह प्रावधान संबंधित योजना में इस उद्देश्य से किया गया था कि दानदाता किसी अन्य राजनीतिक दल द्वारा उत्पीड़न का शिकार न हो, जिसे दानकर्ता ने योजना के तहत दान नहीं दिया है। इस संबंध में वरिष्ठ वकील डॉ आदिश अग्रवाल ने सीजेआई को लिखे अपने पत्र से पांच जजों की बेंच को अवगत कराया। मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने अधिवक्ता अग्रवाला से सोमवार को मामले का उल्लेख करने को कहा है। आदिश अग्रवाल ने कहा वर्तमान पत्र में मेरे द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर फैसले की समीक्षा करने की आवश्यकता है।

लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान से पहले कांग्रेस को लगा झटका, कद्दावर नेता ने पार्टी से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। असम के बारपेटा से कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। अब्दुल खालिक ने मल्लिकार्जुन

जीवनरेखा

कांग्रेस पार्टी की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है, जिसके मूल्यों और आदर्शों ने हमारे खूबसूरत राष्ट्र के लिए जीवनरेखा के रूप में काम किया है।

खरगे को खत लिखकर असम कांग्रेस के अध्यक्ष और सचिव के आचरण पर सवाल भी उठाए हैं। दो बार के विधायक और एक बार के सांसद खालिक को इस बार कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया था। पार्टी ने बारपेटा लोकसभा सीट से अपने राज्य सेवा दल प्रमुख दीप बायन को उम्मीदवार बनाया है। इस्तीफे पत्र में सांसद ने दावा किया कि पार्टी ने राज्य में एक अजीब रास्ता अपना लिया है, जहां जन-केंद्रित मुद्दे पीछे रह गए हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और एआईसीसी प्रभारी महासचिव के रवैये और दृष्टिकोण ने असम में पार्टी की संभावना को बर्बाद कर दिया है। बता दें कि कांग्रेस ने 12 मार्च को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए असम के 12 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। पार्टी 14 में से 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और एक सीट अपने सहयोगी असम जातीय परिषद (एजेपी) के लिए आरक्षित कर रही है। अब्दुल खालिक ने खरगे को लिखे पत्र में लिखा, सबसे पुरानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सदस्य के रूप में पिछले पच्चीस वर्षों में यह मेरे लिए एक शानदार यात्रा और सीख रही है। मीडिया में अपने कार्यकाल के दौरान मैं पार्टी की विचारधाराओं के कारण पार्टी की ओर आकर्षित हुआ। गांधी जी, नेहरू जी, मौलाना आजाद जी और स्वतंत्रता संग्राम के अन्य अग्रणी योद्धा, जिनके अथक और निस्वार्थ बलिदान ने देश को नए सिरे से बनाने के लिए प्रेरित किया।÷ खालिक ने कहा, यह एक गहन इतिहास और विरासत, संघर्ष और गरिमा वाली पार्टी है जिसका मैं गहराई से सम्मान करता हूं और उसे संजोता हूं। जब भी नेतृत्व की इच्छा हुई, मैंने विभिन्न पदों पर संगठन की सेवा की है। नेताओं ने असम के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी मुझ पर जिम्मेदारियों का भरोसा जताया। मैंने सौंपे गए कर्तव्यों को पूरे मन से जिम्मेदारियों के साथ निभाया। मुझे दो बार विधानसभा सदस्य और एक बार लोकसभा सदस्य के रूप में लोगों की सेवा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है, जिसके मूल्यों और आदर्शों ने हमारे खूबसूरत राष्ट्र के लिए जीवनरेखा के रूप में काम किया है। मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों, पार्टी और मेरे साथ खड़े रहने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति असीम आभार और प्यार का आभारी हूं। हालांकि, हाल ही में असम में पार्टी ने एक अजीब रास्ता अपनाया है जहां जन-केंद्रित मुद्दे पीछे रह गए हैं। लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोगों में स्वतंत्रता, स्वाभिमान और एकता की गहरी भावना होनी चाहिए।

कब और कितने चरणों में होगा लोकसभा चुनाव कल 3 बजे खत्म होगा सस्पेंस

नई दिल्ली। देश में आम चुनाव की घड़ी नजदीक आ गई है। चुनाव आयोग कल यानी शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का एलान कर देगा। दोपहर तीन बजे चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस है। तारीखों का एलान होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल जून में खत्म हो रहा है। लोकसभा चुनाव के साथ ही चार राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। चुनाव आयोग कल विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी एलान कर देगा। जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम शामिल हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा हो सकती है। बता दें कि 2019 में सात चरणों में लोकसभा चुनाव कराए गए थे। इस बार भी चुनाव 6-7 चरणों में कराए जाने की उम्मीद है। पिछली बार चुनाव 11 अप्रैल को शुरू हुए और 19 मई को खत्म हुए।

ब्रिटिश मीडिया के विदेशी सरकारी स्वामित्व पर प्रतिबंध लगाएगी सुनक सरकार

संशोधन

संसद में डिजिटल बाजार अधिनियम में संशोधन के रूप में पेश किए गए नए कानून का उद्देश्य स्वतंत्र प्रेस की रक्षा करना है।

लंदन। ब्रिटिश सरकार ने ब्रिटेन में समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के स्वामित्व पर विदेशी सरकारों पर प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा की है। यह कदम संयुक्त अरब अमीरात समर्थित फर्म, रेडबर्ड आईएमआई द्वारा डेली टेलीग्राफ और स्पेक्टेटर के प्रस्तावित अधिग्रहण के विवाद के बीच उठाया गया है। संसद में डिजिटल बाजार अधिनियम में संशोधन के रूप में पेश किए गए नए कानून का उद्देश्य स्वतंत्र प्रेस की रक्षा करना है।CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, द टेलीग्राफ और स्पेक्टेटर समाचार पत्रिका दोनों के अधिग्रहण के लिए अबू धाबी समर्थित निवेश फर्म रेडबर्ड आईएमआई की बोली को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। 168 साल पुराने प्रकाशन द टेलीग्राफ का लंबे समय से ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी से करीबी रिश्ता रहा है। ब्रिटिश के संस्कृति मंत्री स्टीफन पार्किंसन ने विदेशी राज्यों को ब्रिटिश समाचार पत्रों को नियंत्रित करने से रोकने के लिए डिजाइन किए गए मौजूदा मीडिया कानून में प्रस्तावित संशोधनों की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने इस फैसले को प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता बताई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि हम मीडिया विलय शासन में स्पष्ट रूप से संशोधन करेंगे। अबू धाबी द्वारा बहुसंख्यक वित्त पोषित और पूर्व सीएनएन कार्यकारी जेफ जकर के नेतृत्व वाली कंपनी ने इस खबर पर निराशा व्यक्त की और संकेत दिया कि वह अपने विकल्पों का पुनर्मूल्यांकन करेगी।

CAA पर अमेरिकी सिंगर ने ही अमेरिका को पढ़ाया पाठ

वॉशिंगटन। अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन ने शुक्रवार को भारत में लागू हुए नागरिकता संशोधन कानून को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर प्रशंसा की और अमेरिका को ही आईना दिखा दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अपनी आस्था की वजह से प्रताड़ित किए गए लोगों के प्रति दयालु रवैया अपनाते हुए उन्हें भारत में घर मुहैया करा रहे हैं। अमेरिकी सिंगर ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता चाहने वाले ईसाइयों, हिंदुओं, सिखों, जैन, बौद्धों के लिए यह शांति का रास्ता है। उन्होंने कहा, जब पीएम तीसरे कार्यकाल के लिए फिर चुने जाते हैं, तो अमेरिका को एक स्वर में एक बेहतर लोकतांत्रिक भागीदार बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। नागरिक संशोधन अधिनियम लोकतंत्र का एक सच्चा अधिनियम है। भारत में नागरिकता संशोधन कानून लागू हो गया है और सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है, लेकिन यह बात अमेरिका को रास नहीं आ रही है।

विश्व की निगाहें पुतिन पर टिकीं, 17 मार्च को इतिहास रचने के लिए रूस तैयार

नई दिल्ली। यूक्रेन के साथ छिड़े युद्ध के बीच व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति के रूप में एक और छह साल के कार्यकाल के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को रूसी नागरिकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बार तीन दिनों तक वोटिंग होगी, जो 15 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च तक चलेगी। सत्ता पर मजबूत पकड़ के साथ ही व्लादिमीर पुतिन की अपेक्षित चुनावी जीत ने सस्पेंस बढ़ा दिया है। हालांकि, विश्व की निगाहें इस ओर टिकी हुई हैं कि चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद उनका अगला कदम क्या होगा। माना जा रहा है कि वोटिंग संपन्न होने के बाद चुनाव नतीजे आ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि पुतिन ही अकेले चुनाव लड़ रहे हैं, बल्कि उनके प्रतिद्वंद्वियों में कम्युनिस्ट पार्टी के निकोलाई खारितोनोव, लिबरल डेमोक्रेटिक

जीत

पुतिन की अपेक्षित जीत के बाद उनके अगले कदमों पर अटकलें लगाई जा रही हैं। माना जा रहा है कि पुतिन कड़े नियमों को लागू कर सकते हैं।

पार्टी के लियोनिद स्लटस्की और न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव शामिल हैं, जबकि बोरिस नादेजिन और पूर्व टीवी पत्रकार येकातेरिना डंटसोवा को फरवरी में निर्वाचन आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया। इसके अलावा पुतिन के मुखर आलोचकों

में से एक विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की चुनाव से माहभर पहले जेल में मौत हो गई। पुतिन पिछले 24 साल से सत्ता में काबिज हैं और विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई ने उनके प्रभुत्व को और भी ज्यादा मजबूत करने का काम किया है। यूक्रेन के साथ दो साल से भी ज्यादा समय से युद्ध चल रहा है और ऐसे में रूस को पश्चिम देशों के कई प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा, फिर भी रूसी अर्थव्यवस्था पर इसका असर न के बराबर दिखाई दे रहा है, जो मॉस्को की मजबूती रणनीतिक कौशल की सफलता है। पुतिन की अपेक्षित जीत के बाद उनके अगले कदमों पर अटकलें लगाई जा रही हैं। माना जा रहा है कि पुतिन कड़े नियमों को लागू कर सकते हैं। उन्होंने पिछले साल एलजीबीटीक्यू+ समुदाय को बड़ा झटका देते हुए समलैंगिक विवाह और लिंग परिवर्तन पर प्रतिबंध लगाते हुए फैमिली वैल्यूज को बढ़ाने की बात कही थी। सनद रहे कि रूस में चुनावी तैयारियां संपन्न हो चुकी हैं और मतदान चल रहा है। ऐसे में दुनिया घरेलू और विदेशी नीतियों में संभावित बदलावों को लेकर सतर्क और आशंकित नजर आ रही है।

बच्चे की एक गलती माता-पिता को पड़ी भारी, 2021 स्कूल गोलीबारी मामले में अदालत ने सुनाई उम्र कैद की सजा

मिशिगन। अमेरिका में बढ़ती मास शूटिंग को देखते हुए अदालत ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया। दरअसल, 2021 में मिशिगन में ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल में 17 वर्षीय छात्र द्वारा गोलीबारी मामले में कोर्ट ने आरोपी शूटर समेत उसके माता-पिता (जेम्स क्रम्बली और जेनिफर) को भी दोषी ठहराया है। इस मामले में कोर्ट ने सभी आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि छात्र के मानसिक स्वास्थ्य की चिंताओं के बावजूद अपने बेटे को बंदूक का इस्तेमाल करने पर माता-पिता ने बड़ी लापरवाही दिखाई। हालांकि, जेम्स क्रम्बली के वकील ने अपनी सफाई में कहा कि माता-पिता को अपने बेटे के मानसिक बीमारी के ऐसे कोई संकेत नहीं दिखे जिससे कोई खतरा हो।

हूबहू पहले टाइटैनिक जैसा तैयार किया जाएगा टाइटैनिक II, 2345 यात्रियों के साथ यहां से होगी रवाना

खनन

69 वर्षीय क्लाइव पालमर ऑस्ट्रेलिया के 13वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। वह ऑस्ट्रेलियाई खनन कंपनी के मालिक है, जिसकी शुरुआत 1984 में हुई थी।

नई दिल्ली।112 साल बाद एक बार फिर इतिहास दोहराने जा रहा है। 1912 में डूबे टाइटैनिक जहाज की तर्ज पर एक बार फिर टाइटैनिक 2 जहाज बनाने की तैयारी हो रही है। ऑस्ट्रेलिया के अरबपति और पूर्व सांसद क्लाइव पालमर ने इसे बनाने की पूरी प्लानिंग कर ली है। इसके लिए टेंडर देने का काम भी तेजी से शुरू हो गया है। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, क्लाइव ने दावा किया है

कि टाइटैनिक- 2 पहले वाले टाइटैनिक से कई ज्यादा बेहतरीन होगी और यात्रियों को पूरी लक्जरी के साथ ट्रैवल करने का मौका मिलेगा।

दुनिया के 732वें सबसे अमीर व्यक्ति क्लाइव पामर ने इस हफ्ते सिडनी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। यहां उन्होंने कहा कि टाइटैनिक ढ्ढढ्ढ बनाने का सपना अभी भी बरकरार है। अगले साल की शुरुआत में जहाज का निर्माण कार्य शुरू करने की योजना बना रहे हैं। बता दें कि टाइटैनिक ढ्ढढ्ढ जहाज प्रोजेक्ट दो बार कैंसिल हो चुका है। हालांकि, अब क्लाइव मानते है कि अधिक पैसे होने के कारण प्लानिंग पहले से अधिक सुरक्षित और वास्तविक है। आपको बता दें कि टाइटैनिक जहाज बनाने वाली कंपनी का नाम व्हाइट स्टार लाइन थी। उसी की तर्ज पर क्लाइव ने अपनी कंपनी का नाम ब्लू स्टार लाइन रखा है। इस जहाज को हूबहू पहले टाइटैनिक जैसा तैयार किया जाएगा।

इसमें वहीं मशहूर सीढियां, स्मोकिंग रूम, थिएटर, कैसीनो, अलग-अलग क्लास के लोगों के लिए खाने का इंतजाम भी शामिल होगा। इसमें थर्ड क्लास के लोगों के लिए कैफेटेरिया भी तैयार किया जाएगा। यह जहाज 833 फीट लंबा और 105 फीट चौड़ा होगा। 9 डैक वाले इस जहाज में 835 केबिन होंगे, जिसमें 2345 यात्री ट्रैवल कर सकेंगे। इसमें फर्स्ट क्लास को 383, सेकंड क्लास को 201 और थर्ड क्लास के लिए 251 कमरे तैयार किए जाएंगे। टाइटैनिक ढ्ढढ्ढ की पहली यात्रा जून 2027 को निर्धारित की गई है और यह इंग्लैंड से न्यूयॉर्क तक चलेगी। टाइटैनिक ढ्ढढ्ढ पर यात्रा के लिए टिकट की कीमतों की घोषणा नहीं की गई है। 69 वर्षीय क्लाइव पालमर ऑस्ट्रेलिया के 13वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

वह ऑस्ट्रेलियाई खनन कंपनी के मालिक है, जिसकी शुरुआत 1984 में हुई थी। खनन व्यवसाय के अलावा, पालमर एक रियल एस्टेट निवेशक और राजनेता भी हैं। वह 2013 से 2016 तक ऑस्ट्रेलियाई संसद के सदस्य थे और विभिन्न राष्ट्रीय अभियानों में बड़े दानदाता भी रहे हैं। पालमर ने 2012 में पहली बार टाइटैनिक ढ्ढढ्ढ जहाज बनाने की घोषणा की थी।

हालांकि, धन की कमी के कारण 2015 को इस प्रोजेक्ट को बंद करना पड़ा। तीन साल बाद फिर से जहाज को बनाने की घोषणा करने के बाद इसे बंद करना पड़ा। कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण इस पर बात नहीं बन पाई।

भारत में सीएए कानून लागू होने पर अमेरिका ने जताई चिंता

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना को लेकर थोड़ा परेशान है और कहा कि वह अधिनियम के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी कर रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार पर अपने दैनिक ब्रीफिंग में मीडिया से कहा, हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं।

मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम बारीकी से निगरानी कर रहे हैं कि इस अधिनियम को कैसे लागू किया जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान और सभी समुदायों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत हैं।

बुधवार को, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए पर आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा था कि नया कानून केवल उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए है, जो अविभाजित भारत का हिस्सा थे और यह किसी के अधिकारों पर आघात नहीं करेगा।

गृह मंत्री ने एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा था, मैंने CAA

पर अलग-अलग मंचों पर लगभग 41 बार बात की है और इस पर विस्तार से बात की है कि देश के अल्पसंख्यकों को डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इसमें किसी भी नागरिक के अधिकारों को वापस लेने का कोई प्रावधान नहीं है। ष्ट का उद्देश्य सताए गए गैर-मुस्लिम प्रवासियों - जिनमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई शामिल हैं - जो बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से चले गए और 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।

इस कानून के माध्यम से उनकी पीड़ा को समाप्त किया जा सकता है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 सीएए-2019 के तहत पात्र व्यक्तियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए आवेदन करने में सक्षम बनाता है और आवेदन ऑनलाइन मोड में जमा किए जाने हैं, इसके लिए सरकार द्वारा एक वेब पोर्टल भी शुरू कर दिया गया है। केंद्र ने 11 मार्च को नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने के लिए नियमों को अधिसूचित किया।

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019, उन शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहता है, जिन्होंने तीन पड़ोसी देशों अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारण 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत में शरण मांगी थी।

ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण हम सभी का नैतिक कर्तव्य: डॉ. कायनात

- प्रतिभागियों ने ऐतिहासिक स्थलों की फोटोग्राफी को सीखा
- पांच दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। कल्चरल क्लब एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। शाही किला में ऐतिहासिक स्थलों की फोटोग्राफी विषय पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात यात्रा लेखिका एवं फोटोग्राफर डॉ. कायनात काजी ने कहा कि ऐतिहासिक स्थलों के चित्र सभी को आकर्षित करते हैं इसलिए ऐसे स्थान का चुनाव करना चाहिए जहां से सबसे सुंदर दिखाई देता हो। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक स्थलों की रक्षा करना समाज के हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। उस स्थान को गंदा कर हम अपनी विरासत को क्षतिग्रस्त और धूमिल करते हैं जिससे आने वाली पीढ़ी उसको उस रूप में नहीं देख पाएगी जिसे हमारे पूर्वजों ने दिया है।

वाराणसी के वरिष्ठ पत्रकार एवं फोटोग्राफर अनिरूद्ध पांडे ने उत्तर प्रदेश की लोक संस्कृति पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने विडियो और फोटो के माध्यम से लोक कलाओं के संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण को विस्तार से बताया। उन्होंने चुनार, गोरखपुर एवं आजमगढ़ की लोक कलाओं पर कहा कि वह कला जीवित रहती है जिसका जुड़ाव आमजन से होता है। उन्होंने बांसुरी पर बनाई गयी वृत्तचित्र नरकट की रानी को दिखाया।

प्रतिभागियों को तीन समूहों में बांटकर प्रख्यात फोटोग्राफर डॉ. कायनात काजी, प्रेस फोटोग्राफर आशीष श्रीवास्तव एवं हसन आरिफ जाफरी द्वारा फोटोग्राफी की तकनीक बताई गयी। प्रतिभागियों ने शाही किले की शानदार फोटो अपने मोबाइल और कैमरा में कैद की।विशेषज्ञों को कार्यक्रम समन्वयक प्रो. मनोज मिश्र द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

समापन सत्र संकाय भवन के कांफ्रेंस हाल में आयोजित हुआ। अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. चंदन सिंह, डॉ. अनु त्यागी, सुधाकर शुक्ल, सोनम विश्वकर्मा समेत राज कॉलेज, मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज एवं परिसर के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

मैं जनता का सेवक उनकी सेवा करना मेरा पहला कर्तव्य है: डॉ. संतोष मिश्रा

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। समाजसेवी डॉ संतोष मिश्रा राजा ने चुनाव की दृष्टिगत दर्जनों गांव के लोगों से मुलाकात कर मांगा आशीर्वाद। मिश्रा के दर्जनों गांव के भ्रमण से विपक्षी खेमों में हलचल सी मंच गई है। सूत्रों की माने तो राजा संतोष मिश्रा बसपा लोकसभा 73 के प्रत्याशी हो सकते हैं। ब्राह्मण मतदाता लोकसभा जौनपुर में ढाई लाख के ऊपर है और संतोष ब्राह्मणों व अन्य जातियों को अपने तरफ करने में कामयाब होंगे। ब्राह्मणों में उनकी छवि बेहद लोकप्रिय है।इसके साथ ही ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। यह लोगों के दुख सुख में सदैव सम्मिलित होते रहे हैं और यथाशक्ति लोगों का मदद करते रहते हैं।इसलिए जौनपुर की जनता को ऐसे प्रत्याशी तलाश है जो उनके सुख-दुख व क्षेत्र के विकास करने में मिल का पत्थर साबित होगा । मिश्रा का मानना है कि हमारे पास सब कुछ है मुझे किसी प्रकार से धन की लालसा नहीं है मैं तो जनता का सेवक और उनकी सेवा करना मेरा पहला कर्तव्य है।आप सब की सेवा के सदैव खंडा रहूंगा। अगर जनता जनार्दन का आशीर्वाद और सहयोग रहा तो जौनपुर को एक नई शिखर पर पहुंचने का प्रयास करूंगा।

खेल मंत्री द्वारा स्टेडियम में विभिन्न खेल परियोजनाओं का किया गया शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जनपद के लिए खेल के क्षेत्र में चहुंमुखी विकास के लिए राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण, उ0प्र0 द्वारा जनपद के खेल अवस्थापनाओं के विकास के लिए 2886.97 लाख की परियोजनाओं की सौगात प्रदान किया जिसका 15 मार्च 2024 को शिलापट्ट का अनावरण किया गया। शिलापट्ट अनावरण कार्यक्रम में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ''खेलो इण्डिया योजनान्तर्गत'' रू0 995.5 लाख की लागत से स्वीकृत बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल जिसमें 40म20 मी0 का एक 13म08 मी0 का एक 22म13.5 मी0 का एक इस प्रकार कुल 03 बहुउद्देशीय हाल रहेंगे, जो लिफ्ट से सुविधायुक्त होगा। राज्य योजनान्तर्गत जनपद के धावकों के लिए 865.92 लाख की लागत से स्वीकृत कृत्रिम सतह के धावनपथ के शिलापट्ट का भी अनावरण किया गया। धावन पथ में 400 मी0 के 8 लेन की सुविधा के साथ स्टीपल चेज हेतु वाटर जम्प एवं विभिन्न प्रक्षेप स्पर्धाओं के लिए केज भी सम्मिलित है। इन परियोजनाओं के साथ ही राज्य योजनान्तर्गत जनपद के पहले आधुनिक तरणताल का भी शिलापट्ट का अनावरण किया गया जिसकी लागत रू0 487.46 लाख है। तरणताल में दो तरणताल निर्मित किये जायेंगे जिसमें नौसिखिया एवं तैराक के सिखने की सुविधा एक साथ रहेगी। तरणताल में दर्शक दीर्घा, चेंज रूप एवं आपदा प्रबन्धन कक्ष का भी निर्माण किया जायेगा। इस अवसर पर खेल मंत्री ने घोषणा की कि जल्द ही जनपद में अत्याधुनिक जिम की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी जिससे खिलाड़ियों के मांसपेशियों में चोट आदि से निवृत्ति मिलेगी। उक्त जानकारी क्रीडा अधिकारी डा0 अतुल सिन्हा ने दी है।

विपक्षी दल हेगड़े के संविधान बदलने का विरोध करें: किशोर वार्ष्णेय

प्रयागराज। यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने बीजेपी सांसद अनंत हेगड़े के संविधान बदलने वाले बयान का विरोध किया है। उन्होंने इसे पीएम मोदी और भाजपा का सेट ऐजेंडा बताते कहा कि यह डा.अंबेदकर की सोच पर हमला है जो देश के लिए गंभीर खतरा है। भाजपा का आखिरी मकसद बाबा साहेब के संविधान को खत्म करना है। उन्हें लोकतंत्र, बराबरी और नागरिक अधिकार से नफरत है। मालूम हो कि हेगड़े ने कहा था कि अबकी बार 400 सीट पार चाहिए ताकि संविधान बदल सकें। वार्ष्णेय ने कहा कि सभी विपक्षी दलों को एकजुट हो देशव्यापी अभियान छेड़ भाजपा की खिलाफत करनी चाहिए। मोदी सरकार की गारंटी के मीडिया में लगातार आ रहे विज्ञापनों को चुनावी जुमला बताया। यह भी कहा कि पीएम को बीते दस साल में दी जाने वाली झूठी गारंटियों का जनता को पहले हिसाब देना चाहिए।

डा. सन्दीप पुनः बने भाविप शौर्य के अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। भारत विकास परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष और पर्यवेक्षक रवि जायसवाल तथा जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव की उपस्थिति में बदलापुर पड़ाव स्थित एक होटल में भारत विकास परिषद शौर्य की चुनाव सभा आयोजित की गयी। जिसमें सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव द्वारा वन्दे मातरम गीत गाया गया।

संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में सभी का स्वागत करते हुए अपने कार्यकाल के प्रमुख कार्यक्रमों की चर्चा की। इसके पश्चात् चुनाव अधिकारी रवि जायसवाल जी ने सभी को चुनाव प्रक्रिया के नियमों से अवगत कराया। सर्वप्रथम नियमानुसार सचिव पद के लिये प्रशान्त सिंह लकी ने डा. आनन्द प्रकाश के नाम को प्रस्तावित किया। डा. अमरनाथ पाण्डेय तथा सन्दीप चौधरी ने उनके नाम का अनुमोदन किया जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जतायी और डा. आनन्द प्रकाश सचिव पद के लिये चयनित किये गये।

संस्था के सबसे महत्वपूर्ण पद अध्यक्ष के लिये जयशंकर सिंह ने संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के नाम को प्रस्तावित किया, फिर जनार्दन पाण्डेय व सुनील सिंह ने उनके नाम का अनुमोदन किया। उनके नाम पर पूरा सभागार तालियों से गूंज गया और एक बार पुनः डा. सन्दीप पाण्डेय को संस्थाध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। सभी सदस्यों द्वारा अध्यक्ष एवं सचिव का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में सावित्री सिंह, रश्मिता सिंह, अवधेश गिरि, राजेश कुमार, डा. प्रमोद सैनी, आनन्द अस्थाना, प्रमोद मौर्य, अम्ब्रेश पाठक, हर्षित गुप्ता, सुजीत यादव, आनन्द मिश्र, आनन्द देव वर्मा, समशेर बहादुर पाल, सन्दीप चौधरी, आशुतोष राय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था उपाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया।

बीड़ी श्रमिकों की जागरूकता शिविर संपन्न

आजमगढ़। जनपद नगर में स्थित मोहल्ला पहाड़पुर में सलीम मेमोरियल में दो दिवसी श्रमिक महिलाओं की जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 100 महिला ने प्रतिभाग किया केंद्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड गोरखपुर के द्वारा आयोजित किया गया। श्रमिक शिक्षा अधिकारी एलबी शास्त्री ने बीड़ी श्रमिकों के अधिकार व कर्तव्य के बारे में विस्तृत रूप से बताया बीड़ी श्रमिकों मजदूर के अध्यक्ष कैलाश प्रसाद गौड़ ने बताया कि सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए बहुत से योजनाएं चलाई जा रही है। महिलाएं बचत कर स्वयं सहायता समूह बनाकर अपनी स्थिति को मजबूत कर सकती है व अपने रोजगार को भी शुरू कर सकती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निया गांव के प्रधान उद्देश्य यादव ने बताया कि अपनी संगठन को मजबूत कर सरकारी योजना का लाभ उठाएं कार्यक्रम में दीपक गोद पवन शर्मा प्रमोद जी लाल मोहर सुनीता, कामिनी, सुनीत प्रमिला, मंजू अनीता आदि महिलाएं उपस्थित थी।

घूरपुर में अफीम की खेती करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। यमुना नगर के घूरपुर थाना अंतर्गत अमरेहा गांव में अफीम की अवैध खेती कर रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 57 किलो 600 ग्राम कच्ची अफीम (पौधे और फल) बरामद की। पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार को सूचना प्राप्त हुई कि घूरपुर थाना अंतर्गत एक गांव में कुछ लोग अफीम की खेती कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने मौके पर जाकर खेत को सील किया। उन्होंने बताया कि एसीपी कौंधियारा, नायाब तहसीलदार (बारा) और आबकारी निरीक्षक ने मौके का निरीक्षण किया और पाया कि लगभग 20 वर्ग मीटर क्षेत्र में अफीम की खेती की जा रही है। खेत से बरामद 57 किलो 600 ग्राम कच्ची अफीम (पौधे एवं फल) की अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये है। सुश्री पांडेय ने बताया कि पुलिस ने अफीम की खेती किए जाने के संबंध में अभियुक्त मिश्री लाल और पंचराज कुशवाहा को गिरफ्तार किया है और इनके खिलाफ घूरपुर थाना में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जिले में बृहस्पतिवार को ही गंगा नगर के हंडिया थाना क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती के मामले में पुलिस ने विजय चंद्र मौर्या को गिरफ्तार किया और करीब 10 बिस्वा क्षेत्र में अफीम के लगभग 1500 पौधे और अफीम के 1718 फल (वजन 136 किलो 340 ग्राम) नष्ट किए जिनकी अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है।

सरकारी स्कूल सिरकोनी के बच्चे एक्सपोजर विजिट पर

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। राष्ट्रीय आविष्कार योजना अभियान के अंतर्गत परीक्षा में उच्च स्थान पाने वाले विकास क्षेत्र सिरकोनी के लगभग 85 बच्चे आज एक्सपोजर विजिट हेतु वाराणसी रवाना हुए।

एक्सपोजर विजिट हेतु जा रही दोनो बसों को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला , ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश नारायण सिंह एवम ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत सिंह सहित अन्य शिक्षको ने रवाना किया और एक्सपोजर विजिट पर जा रहे बच्चो, शिक्षको एवम अभिभावकों को यात्रा की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने बताया कि एक्सपोजर विजिट छात्रों को अपने विचारों को फैलाने और स्वयं, अपनी दुनिया और वैश्वीकृत दुनिया में संबंध संचालित करने के तरीके के बारे में अपनी समझ को बदलने का अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी सिरकोनी अमरेश कुमार सिंह ने कहा की एक्सपोजर विजिट बच्चे को वाह्य जगत की जानकारियों और उसके साथ तादात्म बैठाने का प्रमुख साधन है , इससे बच्चे नई जानकारियों से लैस होंगे। इस अवसर पर साजेश सिंह,ओमप्रकाश, मो0 रईस, सीमा सिंह,रितिका सिंह, भारती सिंह, अमिता यादव ,विनय उपाध्याय, प्रेमलाल, एआरपी अशोक राजभर, संजय सिंह, कुंवर दरोगा सिंह, पंकज यादव, सुनील कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

विजय बहादुर पाठक का पूर्व प्रत्याशी सत्येंद्र राय ने किया स्वागत

आजमगढ़। विधान परिषद के सदस्य विजय बहादुर पाठक और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने क्षेत्र का दौरा करते हुए जगह-जगह शिलान्यास कार्यक्रम के तहत नरोत्तमपुर महाराजगंज स्वागत और नरायनपुर ग्रामसभा, प्रतापीपुर ग्रामसभा, गोवर्धनपुर भईसहां में गोपालपुर विधानसभा के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सत्येंद्र राय के साथ किये, साथ में शिलान्यास समारोह के मुख्य व्यवस्थापक एवं कर्ताधर्ता विवेक शुक्ला गुंजन ,रग्घुपुर डिग्री कॉलेज के प्रबंधक अमित कुमार पांडेय, मुख्य व्यवस्थापक विनीत शुक्ला,महाराजगंज मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा (बबलू बाबा),फिल्म एवं रंगमंच अभिनेता और प्रमुख समाजसेवी एवं अंतर्राष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत के संयोजक अरविंद श्रीवास्तव श्चित्रांशश, नरायनपुर के एडवोकेट श्रीराम शुक्ला, गोवर्धनपुर के समाजसेवी में शशांक तिवारी, महाराजगंज से नीरज मिश्रा (गर्दा बाबा), जुड़ा खुर्द के प्रधान सुशील राय बबलू आदि बहुत ज्यादा संख्या में काफिला के साथ लोग मोजूद रहे।

सपा कार्यालय में मनाई गई कांशीराम जयंती

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में आज दलित चेतना के अग्रदूत मा कांशीराम की जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करते हुए उनके विचारों और सिद्धांतों पर चर्चा की गई।अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पूलाल निषाद ने किया।

बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष जय शंकर भारतीय ने कांशीराम को दलित चेतना का अग्रदूत बताते हुए कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर के द्वारा संविधान में दी गई ताकत का अहसास मा कांशीराम ने देश के दलितों, पिछड़ों, वंचितों में जागरूकता अभियान चलाकर कराया।

अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पूलाल निषाद ने कहा कि मा कांशीराम का यह मिशन आंदोलन बन गया। सपा नेताओं ने कहा कि वर्तमान में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पीडीए का नारा दिया है जो प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति में असरदार साबित होगा।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष गण अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, एमएलसी डॉ मान सिंह यादव, विधायक संदीप पटेल,राजू पासी,जय शंकर भारतीय, डॉ राजेश यादव, जगदीश यादव , राम अवध पाल, आर एन यादव,खींन्नी लाल पासी, नाटे चौधरी, महेन्द्र सरोज, अजीत यादव, भोला यादव,संतलाल वर्मा,भगीरथी बिन्द, नितेश तिवारी, श्यामकरण फ़ौजी आदि ने अपने विचार रखे।

आंदोलन पर आयकरकर्मी, दोपहर बाद काम किया ठप

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। आयकर कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा अपनी आठ सूत्रीय मांगो के समर्थन दिनांक 6 मार्च से चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन किया जा रहा है। दिनांक 11 मार्च से 13 मार्च तक लगातार तीन दिन तक धरना पदर्शन किया गया। फिर भी प्रशासन की तरफ से किसी प्रकार का सकारात्मक जवाब न आने पर आज भोजनावकाश के पश्चात आयकर कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने आयकर कार्यालय में काम काज ठप करा दिया। विभाग के समस्त कर्मचारियों ने अपने केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आज दोपहर बाद पूर्ण रूपेण कार्य बहिष्कार किया। भूतल पर कर्मचारियों की एक सभा हुई जिसे सम्बोधित करते हुए आयकर कर्मचारी महासंघ के जोनल सचिव योगेश्वर राय ने बताया कि आयकर कर्मचारी महासंघ के सदस्य अपनी विभागीय मांगों के न माने जाने के कारण पिछले कई महीनों से अपनी मांगो को लेकर केन्द्रीय प्रत्यक्ष बोर्ड नई दिल्ली के समक्ष क्रमानुसार विरोध पदर्शन कर रहे हैं। इसी कडी में गत दिनों इलाहाबाद सहित प्रत्येक मुख्यालय पर कर्मचारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया लेकिन केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड नई दिल्ली से अभी तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है जिसको लेकर आयकर कर्मचारियों में निराशा की भावना उत्पन्न हो रही है तथा कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। जोनल सचिव ने कर्मचारियों की आठ सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में भी बताया कि दिनांक 12 दिसम्बर 2008 से पहले से विभाग में कार्यरत डेली वेजर को नियमित किए जाने, पे एनामली एवं एम.ए.सी.पी. के मामले में कलकत्ता एवं केरला हाई कोर्ट के निर्णय को लागू किए जाने, अन्तर प्रभार स्थानान्तरण प्रक्रिया को पुन; प्रारम्भ किए जाने, खाली पदों पर पदोन्नति किए जाने तथा आयकर विभाग के आई.टी.बी.ए.पोर्टल पर कार्य के सम्बन्ध में कर्मचारियों को रोल एलाट किए जाने जैसी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर कर्मचारी आन्दोलित हैं और यदि मांगे नहीं मानी गई तो आगे भी आन्दोलन करने के लिए तैयार हैं। सभा को आयकर कर्मचारी महासंघ के शाखा अध्यक्ष श्रेयांक आनन्द , शाखा उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार गौड, शाखा सचिव नागेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव रोहित सिंह एवं कोषाध्यक्ष भावेश कुमार शुक्ला ने भी सम्बोधित किया। वक्ताओं द्वारा कहा गया कि यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी तो हम सभी आगे और कडा कदम उठाने के लिए विवश होगें। सभा के दौरान गिरीश तिवारी, ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम शर्मा ,संतोष मालवीय, राजेश कुमार गुप्ता, अरूण कुमार शुक्ला,विजय कुमार यादव, लाल बहादुर यादव, तिलक राज सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वस्थ महिला ही स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती हैं: डॉ. स्वास्ति

- महिला दिवस के रूप में मना बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका पर संवाद
- महिला दिवस के रूप में मना बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका पर संवाद

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल पर बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम आये हुवे सभी अतिथियों को तिलक लगाकर व गुलाब को फूल भेंटकर स्वागत किया गया ततपश्चात विशिष्ट अतिथि हिना देसाई के साथ ही डॉ मनीषा मिश्रा, अमितलता सिंह, अनामिका पालीवाल, विजय लक्ष्मी मिश्रा, डॉ पूनम सिंह, डॉ पूनम तिवारी, अनीता द्विवेदी, आशा सिंह, विभा पाण्डेय आदि ने दीप प्रज्वलित कर तथा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। तत्पश्चात उपस्थित मात्रशक्तियो ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया जिसमें आशा सिंह वरिष्ठ कवियत्री ने हो कामयाब आपके कदम बुलंदी पर ... सपना बनर्जी ने मत समझो लाचार मुझे मैं भारत की नारी हूँ ... सुनाकर उपस्थिति सभी को उत्साह से लबरेज कर दिया। वक्ताओं के क्रम में अनुपमा अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में नारी को ही नारी को दुश्मन बताया तथा कहा कि नारी जब नारी का सम्मान करेगी तभी महिला सशक्त होगी, डॉ मनीषा मिश्रा ने कहा कि माँ बच्चों में सर्वप्रथम भाषा का विकास करती हैं इसलिये माताओ को परिवार में भाषा मे संयम बरतना चाहिये, डॉ पूनम तिवारी ने महिलाओं को अपने अधिकार व कर्तव्यों के प्रति सचेत रहने के साथ ही अपने बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिये सतत प्रयासरत रहना चाहिए, पूनम सिंह ने मिमिक्री कर सभी लोगों को हँसा हंसाकर लोटपोट कर दिया।

मानक से अधिक ध्वनी से डीजे संचालित करने पर डीजे मय वाहन सीज

गंभीरपुर, आजमगढ़। रात्रि में मानक से अधिक ध्वनी से डी0जे0 बजाने पर डिजे संचालक कमलेश यादव पुत्र फूलचन्द यादव ग्राम गम्भीरपुर थाना गम्भीरपुर आजमगढ द्वारा समय करीब 10.52 बजे आजमगढ -जौनपुर मुख्य मार्ग पर मानक से अधिक ध्वनी से डी0जे0 बजाया जा रहा था जिसका स्थानीय लोगो द्वारा विरोध करने पर वादी मुकदमा उ0नि0 अनुपम जायसवाल चौकी प्रभारी गम्भीरपुर की तहरीर पर थाना गम्भीरपुर पर मु.अ.सं. 83,24 धारा 268,188 भादवि0 पंजीकृत किया गया।आज उ0नि0 अनुपम जायसवाल मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित डी0जे0 मय वाहन नं0 यू0पी0 50 एफ0 4226 मय को सीज किया गया।

17 मार्च को नर्सरी से नव तक सर्वोदय पब्लिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा आयोजित

आजमगढ़। सर्वोदय पब्लिक स्कूल, आजमगढ़ में 17 मार्च को दिन रविवार को कक्षा नर्सरी से नव तक के लिए प्रवेश परीक्षा प्रातः 9 बजे से आयोजित होगी।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मना कांशीराम साहब की जयंती

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत माननीय कांशीराम साहब की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जी.एस प्रियदर्शी ने मान्यवर कांशीराम के व्यक्तित्व, कृतित्व, तथा उनके संघर्षो पर अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्होंने अन्याय, अत्याचार, शोषण के विरुद्ध लड़ने वाले महापुरुषों से प्रेरणा लेकर समाज में व्याप्त राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक को एक कर आंदोलन छेड़ा और कहा कि राजनीतिक सत्ता प्राप्त किए बिना संविधान के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करने के लिए धरना प्रदर्शन व आंदोलन भी किया था। पूर्व प्रमुख सुशील आनंद ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब ने डॉक्टर अंबेडकर साहब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। नि वर्तमान जिला अध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब ने गांव-गांव साइकिल से चलकर गरीब शोषित पीड़ित समाज को जगा कर सामाजिक व राजनीतिक चेतना पैदा किया, वह कहते थे की सत्ता व्यवस्था परिवर्तन के लिए आवश्यक है।

सोलर पैनल से देश के एक करोड़ घरों को रोशन करना मोदी सरकार का लक्ष्य: राजेंद्र

अवधनामा संवाददाता

- भाजपा पिछड़ा मोर्चा ने लगाया पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का रजिस्ट्रेशन कैंप

प्रयागराज। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महानगर अध्यक्ष आनंद जायसवाल के नेतृत्व में महानगर की सभी मंडलों में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का रजिस्ट्रेशन कैंप लगाया गया। इस अवसर पर प्रीतम नगर मुंडेरा मंडी में लगे कैंप का उद्घाटन महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य लोगों के घरों के छत पर सोलर पैनल लगवा कर मुफ्त बिजली की सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से लोगों के घरों में आने वाले बिजली बिल में कमी आएगी और उनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी। इस योजना के जरिए हर घर रोशन होगा और बिजली बिलों में बचत होगी। साथ ही सोलर पैनल लग जाने से पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। इस योजना के तहत सोलर पैनल के माध्यम से एक करोड़ लोगों के घरों को रोशन करना मोदी सरकार का लक्ष्य है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके अलावा मुट्ठीगंज, कटरा, मीरापुर कीडगंज में कैंप लगाया गया। अब तक 70 कैंप पिछड़ा मोर्चा के द्वारा लगाया जा चुका है जिसमें अभी तक 10232 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जिसमें महिलाओं ने बढ़ कर हिस्सा लिया है। इस अवसर पर राजेश केसरवानी, अजय शर्मा, प्रशांत शुक्ला, सतीश प्रजापति, शत्रुघ्न जायसवाल, दिनेश सिंह, राम लखन विश्वकर्मा, घनश्याम मौर्य, विकास बाबू जायसवाल, कमलेश पाल, राकेश भारती, नाटेश्वर सिंह, अविनाश दुबे, पार्षद नीरज गुप्ता, चंद्र किशोर जायसवाल, मनोज मिश्रा, राघवेंद्र मिश्रा, आभा द्विवेदी, अजय जायसवाल, प्यारेलाल जायसवाल, रवि मिश्रा, आदि रहे।

अवधनामा

केंद्र ने एलआईसी के कर्मचारियों के लिए वेतन बढ़ोतरी को दी मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने बीमा क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 1.10 लाख से अधिक कर्मचारियों के वेतन में कुल मिलाकर 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर को 4,600 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 4,900 रुपये प्रति टन कर दिया। सरकार ने बीमा क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 1.10 लाख से अधिक कर्मचारियों के वेतन में कुल मिलाकर 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। वेतन बढ़ोतरी की मंजूरी सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारियों के लिए इसी तरह की बढ़ोतरी को मंजूरी देने के कुछ दिनों बाद आई है। एलआईसी कर्मचारियों के लिए वेतन वृद्धि एक अगस्त, 2022 से प्रभावी है। गौरतलब है कि एक अप्रैल, 2010 के बाद शामिल हुए लगभग 24,000 कर्मचारियों का एनपीएस योगदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया गया है, वेतन संशोधन के लिए सरकार को धन्यवाद देते हुए यह कहा गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में सरकार ने एक नवंबर, 2022 से बैंक कर्मचारियों के लिए 17 प्रतिशत वेतन वृद्धि पर कोई आपत्ति नहीं जताई थी। सरकार ने शुक्रवार को घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर को 4,600 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 4,900 रुपये प्रति टन कर दिया। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और जेट ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि नई दरें शनिवार से प्रभावी हैं। भारत ने पहली बार 1 जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया और उन देशों में शामिल हो गया, जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं।

भारत में 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात तक पहुँचने की क्षमता हैः इक्रियर और यूनेस्कैप

नई दिल्ली। ईकॉमर्स की भूमिका और आर्थिक विकास लाने एवं व्यापार का विस्तार करने में इसके महत्व को देखते हुए एशिया पैसिफिक क्षेत्र का बाजार 2022 में 2.9 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2030 तक 6.146 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। यूनाईटेड नेशंस इकॉनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड द पैसिफिक (यूनेस्कैप) के एक अध्ययन के मुताबिक 2023 में ऑनलाईन खरीद कुल खरीद की 19.4 प्रतिशत रही। इसी को देखते हुए इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनॉमिक रिलेशंस (इक्रियर) ने यूनेस्कैप के साथ गठबंधन में पहली एशिया पैसिफिक ई-कॉमर्स पॉलिसी समिट का सफल समापन किया।

संतोष कुमार सारंगी, एडिशनल सेक्रेटरी एवं डायरेक्टर जनरल, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी), मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ((एमओसीएंडआई), भारत सरकार ने व्यापार नियामकों के बीच एक्सपोर्ट के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखने जाने की जरूरत पर बल दिया। निजी कंपनियों, जैसे एमेज़ॉन एवं डीएचएल के साथ एमओयू करने से छोटे उद्यमों को विस्तृत सेवाएं प्रदान कर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उतरने का अवसर मिलेगा। क्रॉस-बॉर्डर ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट भारत में एक्सपोर्ट की क्षमता एवं इंटीग्रेशन के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एक व्यवस्थित मार्ग प्रदान करता है, जो नियामक अनुकूलन और बुनियादी ढांचे के विकास पर निर्भर है।

एमेज़ॉन में वीपी पेमेंट्स, एशिया पैसिफिक, मिडिल ईस्ट एवं नॉर्थ अफ्रीका और लेटिन अमेरिका, महेंद्र नेरुरकर ने कहा, ''क्रॉस-बॉर्डर भुगतान में ग्राहकों का विश्वास और सुविधा महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए यूपीआई ने पूरी प्रक्रिया को आसान बनाकर मनी ट्रांसफर में परिवर्तन ला दिया है। टेक्नोलॉजी ने कॉमर्स और पेमेंट्स का विस्तार किया है, और पारंपरिक जटिलताओं को दूर कर सभी के लिए कॉमर्स एवं भुगतान करना संभव बना दिया है। अब कई एमेज़ॉन ग्राहक सुविधाजनक प्रिपेड वॉलेट के विकल्प ज्यादा पसंद करते हैं।''

यूनाईटेड नेशंस इकॉनॉमिक एंड सोशल काउंसिल फॉर एशिया एंड पैसिफिक (यूनेस्कैप) की डायरेक्टर, ट्रेड, इन्वेस्टमेंट एवं इनोवेशन, डॉ. रूपा चंदा ने कहा, ''यह एशिया-पैसिफिक ई-कॉमर्स पॉलिसी समिट बिल्कुल उपयुक्त समय पर हुई है। सरकार, व्यवसाय एवं शिक्षा जगत के हितधारकों को साथ लाकर यह न केवल ज्ञान और सर्वोत्तम विधियों को साझा करना संभव बनाएगी, बल्कि एशिया पैसिफिक क्षेत्र में ई-कॉमर्स का बेहतर भविष्य निर्धारित करने के लिए नए परिदृश्य एवं समाधान भी प्रदान करेगी।''

रेलवे के राजस्व में एक साल में 17 हजार करोड़ की उछाल



नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने इस साल कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। राजस्व के मामले में पिछले साल की तुलना में 17 हजार करोड़ की उछाल दर्ज की गई है। 15 मार्च तक के आंकड़ों के मुताबिक इस साल अब तक 648 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की है। पिछले साल की तुलना में यह संख्या 52 करोड़ अधिक है। रेलवे में अब तक सर्वश्रेष्ठ माल ढुलाई व्यवसाय हुआ है। राजस्व सृजन और ट्रैक बिछाने के मामले में भी नए कीर्तिमान बने हैं। शुक्रवार को सरकार ने कहा, रेलवे वित्तीय वर्ष 2023-24 में माल लदान, समग्र राजस्व संग्रह और ट्रैक बिछाने के मामले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करने की राह पर है। रेल मंत्रालय के प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक 15 मार्च, 2024 को रेलवे ने 1500 मीट्रिक टन की मूल माल ढुलाई को पार कर लिया है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 1512 मीट्रिक टन माल ढुलाई हुई। यह अब तक की सबसे अच्छी माल ढुलाई थी। 15 मार्च तक के आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, भारतीय रेलवे का कुल राजस्व 2.40 लाख करोड़ रुपये रही। पिछले साल 15 मार्च को, कुल राजस्व 2.23 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। यानी एक साल में 17,000 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान यात्रियों की संख्या 648 करोड़ रही। पिछले वर्ष की समान अवधि में यात्रियों की कुल संख्या 596 करोड़ थी। यानी आंकड़ों की तुलना में 52 करोड़ अधिक यात्रियों ने यात्रा करने के लिए भारतीय रेल को चुना। ट्रैक बिछाने के मामले में भी नया रिकॉर्ड कायम हुआ है। रेल मंत्रालय ने कहा, इस वित्तीय वर्ष में 15 मार्च तक भारतीय रेलवे ने 5,100 किलोमीटर नई पटरियां बिछाने में सफलता पाई।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने महिला कार्यबल में उल्लेखनीय वृद्धि का वादा किया

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपने परिचालनों में महिलाओं की संख्या बढ़ाने और कार्यबल में विविधता लाने के लिए केंद्रित प्रयास करने की घोषणा की। यह ज्यादा समावेशी और गतिशील कार्यबल बनाने के प्रति समर्पण के तालमेल में है। कौशल भारत मिशन के बड़े लक्ष्य के प्रति योगदान करते हुए, कंपनी न सिर्फ महिलाओं के कौशल को बढ़ाने बल्कि उनके समग्र विकास के सशक्तिकरण के उद्देश्य से कई नवीन पहड्डस्रद्बद्यल भी लागू कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का जश्न मनाते हुए, टीकेएम ने अपने विनिर्माण कार्यों में 124 महिला सदस्यों और 55 अग्रणी महिलाओं को शामिल करने की घोषणा की है। ये कौशल युक्त व्यक्ति कंपनी के परिचालन में एक अभिन्न भूमिका निभायेंगे और इसके साथ कंपनी द्वारा एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की इसकी प्रतिबद्धता का पता चलेगा जो विविधता, बराबरी और समावेशीकरण के लिए जानी जायेगी। इसके अलावा, टीकेएम ने महिला सदस्यों के लिए कौशल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। इस तरह एक महत्वपूर्ण नई उपलब्धि हासिल की। इस प्रतियोगिता में कौशल श्रेणियों की एक विविध श्रृंखला थी, जो प्रतिभागियों को विभिन्न विनिर्माण प्रक्रियाओं में अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित करने में सक्षम बनाती थी। टोयोटा इंडिया के उद्योग विशेषज्ञों के एक पैनल ने समस्या समाधान, रचनात्मकता और तकनीकी कौशल जैसे मानदंडों के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

इस विकास पर टिप्पणी करते हुए, श्री जी. शंकरा, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और निदेशक, वित्त व प्रशासन ने कहा, टीकेएम में हम भारतीय ऑटो उद्योग को एक बेहद कुशल, विविधतापूर्ण और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कार्यबल से मजबूत करने में सकारात्मक कार्यबल का योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा मानना है कि लैंगिक समावेशिता का दर्शन संस्थान की सीमा से आगे तक जाता है और इसमें संपूर्ण मूल्य श्रृंखला तथा बड़े पैमाने पर समाज शामिल होता है।

एग्रीबाज़ार ने यूपी के किसानों के लिए लॉन्च किया एआई से चलने वाला जीआईएस-बेस्ड कमांड सेंटर

लखनऊः उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में एआई से चलने वाले जियोग्राफिक इनफॉर्मेशन सिस्टम्स (जीआईएस)-बेस्ड कमांड सेंटर का उद्घाटन किया। भारत के अग्रणी एग्रीटेक प्लैटफॉर्म और स्टारएग्री ग्रुप के एक सदस्य एग्रीबाज़ार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश डाइवर्सीफाइड एग्रीकल्चर सपोर्ट प्रोजेक्ट (यूपीडीएएसपी) द्वारा की जा रही फसल सर्वेक्षण परियोजना का भाग है। उत्तर प्रदेश के कृषि भूदृश्य का मानचित्रण इस कमांड सेंटर की स्थापना राज्य में डेटा से चलने वाले कृषि के नए युग की शुरूआत का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। एक विशाल भूभाग को कवर करते हुए यह परियोजना उत्तर प्रदेश के सभी 75 ज़िलों के 827 खंडों के 57,000 से ज़्यादा ग्राम पंचायतों के कृषि से जुड़े डेटा को विज़ुअलाइज़ करेगी। यह परियोजना मनोज कुमार सिंह, आईएएस, कृषि उत्पादन आयुक्त (एपीसी), उत्तर प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में विकसित की गई है। अगले तीन वर्षों के लिए एग्रीबाज़ार इस परियोजना के लिए नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगी। अपने प्रयासों में कंपनी तीन निजी कंपनियों के साथ भागीदारी करेगी। अमित मुंडावाला, को-फाउंडर एवं प्रबंध निदेशक, एग्रीबाज़ार, ने कहा, इस प्रमुख कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए हम बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहे हैं। एकत्रित किया गया विस्तृत डेटा एक वैज्ञानिक रिपोज़िटरी के रूप में काम करेगा जो भारत की कृषि मूल्य श्रृंखला की गंभीर कमियों को दूर करेगा। सूचना आधारित निर्णय प्रक्रिया के लिए सक्षम बनाकर यह आखिरकार किसानों और ग्राहकों, दोनों को ही लाभ पहुंचाएगा और भारतीय कृषि मूल्य श्रृंखला में जानकारी की अपर्याप्तता को दूर करेगा। हमने भारत के सबसे प्रमुख एकीकृत कृषि टेक्नोलॉजी प्लैटफॉर्मों में से एक प्लैटफॉर्म को विकसित किया है, जो किफायती लेकिन फिर भी कस्टमाइज्ड सॉल्यूशन्स के साथ भारतीय कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

सीएए भाजपा के लिए संवेदना का मुद्दा है, Political Gain का नहींः अमित शाह

लखनऊ। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बृहस्पतिवार को समाचार एजेंसी एएनआई पॉडकास्ट को दिए गए साक्षात्कार में उजागर किया कि, 'CAA भाजपा के लिए संवेदना का मुद्दा है, Political Gain का नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी शरणार्थियों की वेदना को समझते हैं और इसीलिए उनकी 75 वर्ष लंबी इस वेदना को चुनाव से पहले समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।' देश की जनता यह समझ चुकी है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम मोदी जी और अमित शाह के लिए अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से 31 दिसंबर, 2014 से पहले आए करोड़ों शरणार्थियों को उनके अधिकार देना, उनकी वेदना से उन्हें मुक्ति दिलाना और उनकी तीन पीढ़ियों को न्याय देने का मुद्दा है, जो कांग्रेस ने कभी नहीं दिया। इस कानून के लागू होते ही यह भी जाहिर हो चुका है कि मोदी-शाह ने शरणार्थियों की 75 साल की वेदना का अंत करने का काम किया है। नागरिकता संशोधन अधिनियम के बारे में विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे झूठ के तथ्यों का एक ही जवाब है कि मोदी सरकार सभी पात्र शरणार्थियों को नागरिकता देगी। सीएए नागरिकता देने का कानून है, नागरिकता लेने का नहीं। राहुल गांधी से लेकर ओवैसी तक और अरविंद केजरीवाल से लेकर ममता बनर्जी तक सभी विपक्षी दलों के नेता झूठ की राजनीति कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों का विरोध करने के बजाए वोटबैंक की राजनीति के लिए शरणार्थियों के खिलाफ भ्रम फैला रहे हैं। ममता बनर्जी को सीएए का विरोध करने की जगह घुसपैठ को रोकना चाहिए। दरअसल हिंदू और मुसलमानों के बीच द्वेष पैदा कर अपने वोट बैंक को साधना चाहती हैं ममता बनर्जी। भाजपा के बढ़ते विस्तार से यह मान लेना चाहिए कि वह दिन दूर नहीं है जब पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की सरकार होगी और घुसपैठ पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एंडोमीट्रियॉसिस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये एंडो रन का आयोजन

लखनऊ। पेशेंट एकेडमी फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च ने बेयर के सहयोग से आज तीसरी एंडो रन का आयोजन किया। मार्च में एंडोमीट्रियॉसिस जागरूकता माह के अवसर पर बड़े पैमाने पर आम जनता को इस बारे में जागरूक बनाने के मकसद से इस इंडो रन का आयोजन कृष्णा नर्सिंग एंड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट, लखनऊ में किया गया। इस पहल ने मरीजों, परिवारों, शोधकर्ताओं और डॉक्टरों को एकजुट कर एंडोमीट्रियॉसिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने में योगदान दिया। इसका मकसद एंडोमेट्रियोसिस के बारे में जागरूकता बढ़ाना, इस स्थिति के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा को बढ़ावा देना और इससे प्रभावित महिलाओं और परिवारों के लिए अधिक समर्थन और संसाधनों की मांग करना है। श्वेता राय, मैनेजिंग डायरेक्टर, बेयर ज़ायडस फार्मा एंड कंट्री डिवीज़न हैड, बेयर फार्मास्युटिकल्स, साउथ एशिया ने कहा ÷हमारे समाज में तकलीफदेह पीरियड्स को नॉर्मल मान लिया गया है, जिसका परिणाम यह हुआ है कि अक्सर महिलाएं अपने पीरियड्स की तकलीफों की तरफ ध्यान न देकर यह मान लेती हैं कि उन्हें हमेशा इन्हें सहना होगा। लेकिन महिलाओं को यह बताया जाना महत्वपूर्ण है कि उन्हें असुविधा और पीड़ा के बीच अंतर की समझ होनी चाहिए। बेयर फॉर हर(पहल इसी विषय को चर्चा के केंद्र में लाना चाहती है और इसके तहत खुद अपनी स्थिति का जायज़ा लेकर महिलाओं को सावधानीपूर्वक यह पता लगाना होता है कि कहीं वे एंडोमीट्रियॉसिस से पीड़िततो नहीं हैं। इस तरह, उन्हें यह समझ में आता है कि वे अपनी तकलीफों के बारे में डॉक्टरों से सलाह-मश्विरा कर सकती हैं और अपनी तकलीफ से राहत के लिए सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध समाधानों की भी जानकारी ले सकती हैं। शीघ्र डायग्नॉसिस और ट्रीटमेंट से लंबे समय तक तकलीफ सहने से बचा जा सकता है और इस तरह, समय पर इलाज के चलते सर्जिकल इंटरवेंशन से भी बचाव होता है। डॉ दीक्षा जायसवाल, प्रोजेक्ट ऑफिसर, पेशेंट एकेडमी फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च ने कहा, ÷गंभीर किस्म के लक्षणों और असहनीय पीड़ा से गुजरने वाली महिलाओं के मामले में शीघ्र डायग्नॉसिस और उपचार लेने के बारे में जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। लेकिन दुर्भाग्यवश, उनकी आवाज को अक्सर अनसुना कर दिया जाता है क्योंकि आमतौर पर घरों में और परिवारों के स्तर पर महिलाओं की हेल्थ को नजरअंदाजकिया जाता है। लेकिन शीघ्र रोग का पता लगाने और जल्द से जल्द इलाज शुरू करना महत्वपूर्ण है। साथ ही, एक ऐसा सुरक्षित तथा सहयोगी वातावरण तैयार करने की भी जरूरत है जिसमें महिलाएं खुलकर अपने अनुभवों के बारे में बातचीत कर सकते हैं जिससे आपस में एक-दूसरे को सहयोग देने का वातावरण तैयार हो सके। एंडोमीट्रियॉसिस एक सामान्य, क्रोनिक, गाइनीकोलॉजिकल अवस्था है जिससे दुनियाभर में 247 मिलियन महिलाएं तथा भारत में 42 मिलियन महिलाएं प्रभावित हैं। इस कंडीशन में कुछ टिश्यू जैसे कि गर्भाशय की परत अंदर की बजाय गर्भाशय के बाहर पनपती है। इसके कारण एंडोमीट्रियॉसिस से ग्रस्त महिलाओं को क्रोनिक पेल्विस पीड़ा, भारी मासिक धर्म, थकान, डिप्रेशन और इंफर्टिलिटी की समस्या होती है। इस कंडीशन का डायग्नॉसिस अक्सर 6 से 10 वर्ष की देरी से होता है, परिणामस्वरूप इससे ग्रस्त महिलाओं की जीवन गुणवत्ता पर काफी बुरा असर पड़ता है। डॉ. चन्द्रवती, डायरेक्टर एवं कंसल्टेंट कृष्णा मेडिकल सेंटर, लखनऊके साथ डॉ दीक्षा जायसवाल, प्रोजेक्ट ऑफिसर, पेशेंट एकेडमी फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च तथा डॉ अनुराग चौहान, वाइस प्रिंसीपल, कृष्णा नर्सिंग एंड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट, इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने एंडोमीट्रियॉसिस से पीड़ित महिलाओं के सामने पेश आने वाली समस्याओं तथा चुनौतियों के बारे में बताया तथा शीघ्र रोग का पता लगाने और इस क्षेत्र में क्लीनिकल एडवांसमेंट के महत्व पर जोर दिया।

अवैध जुआ प्रसार से भारतीय राज्यों को हो रहा भारी राजस्व घाटाः पहले इंडिया फाउंडेशन

लखनऊः नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार के नेतृत्व में पहले इंडिया फाउंडेशन ने भारत में अवैध जुए के बड़े पैमाने पर प्रसार पर प्रकाश डाला है। फाउंडेशन की हालिया रिपोर्ट लॉटरी क्षेत्र में मजबूत विनियमन की अनुपस्थिति के कारण इन राज्यों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण राजस्व घाटे को उजागर करती है। कागज-आधारित और ऑनलाइन दोनों तरह की लॉटरी, भारत भर में केवल 10 राज्यों - अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, सिक्किम और पश्चिम बंगाल - में वैध हैं। हालाँकि, कड़े विनियमन की कमी के कारण अवैध जुए के अवसर प्रदान करने वाली अपतटीय संस्थाओं का उदय हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व हानि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिणी और उत्तर-पश्चिम क्षेत्र इससे विशेष रूप से प्रभावित हैं। पहले इंडिया फाउंडेशन की रिपोर्ट भारत के लॉटरी बाजार की क्षमता पर प्रकाश डालती है, अगर देश भर में इसे ठीक से विनियमित किया जाए तो इसका वार्षिक आकार 33 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान लगाया गया है। लॉटरी बाजार के 5.1 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने का अनुमान है, जो सरकार के लिए महत्वपूर्ण राजस्व-सृजन के अवसर प्रदान करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, लॉटरी क्षेत्र का उचित विनियमन न केवल खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है बल्कि सरकारी राजस्व में लगभग 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि भी कर सकता है। ये अतिरिक्त राजस्व कई सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को वित्तपोषित कर सकता है। 25 वर्षों से चलन होने के बावजूद, भारत में लॉटरी को नियंत्रित करने वाला मौजूदा कानून खिलाड़ी सुरक्षा, जिम्मेदार गेमिंग और पारदर्शिता को बढ़ावा देने में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से कम है।

देश प्रेम का लव डोज है योद्धाः वायु वशिष्ठ

बॉलीवुड में धीरे धीरे स्टार बन रहे सिद्धार्थ मल्होत्रा, साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस राशी खन्ना और बॉलीवुड की हॉट डीवा दिशा पाटनी स्टारर एक्शन ड्रामा फिल्म योद्धा सिनेमाघर में रिलीज हो चुकी है। आइए जानते है मुझे कैसी लगी ये मूवी। शेरशाह की जबरदस्त सफलता के बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बार फिर आर्मी के किरदार में दिखे हैं, जोकि उनपे सूट करता है, धीरे धीरे अपनी एक्टिंग में निखार लाते जा रहे सिद्धार्थ ने इस बार भी निराश नहीं किया है। बात करें फिल्म की स्टोरी की तो आज कल बॉलीवुड में देश भक्ति का सुरूर छाया हुआ है जोकि इस फिल्म में भी कूट कूट कर भरा गया है। सिद्धार्थ मल्होत्रा की मूवी योद्धा कहानी है एक आर्मी ऑफिसर की जिसका नाम अरुण कत्याल। जो अपने पापा की तरह ही देश की सेवा करना चाहता है। उसकी खुद की एक टीम होती है जिसका नाम योद्धा है। यह टीम उसके ही पिता ने शुरू की थी। फिल्म के शुरुआत से ही एक्शन का डोज मिलना शुरू हो जाता है। ज्यादा स्टोरी नही बताऊंगा वरना देखने को कुछ नही बचेगा। फिल्म के शुरू में हाईजैक प्लेन के मिशन की असफतला अरुण की जिंदगी उथल पुथल मचा देती है। अरुण की पर्सनल और प्रोफेशनल दोनो जिंदगी अब मजधार में है। मूवी में दोबारा प्लेन हाईजैक की स्थिति बनती है और इस बार फिर अरुण किसी तरह उसने इन्वॉल्व होता है। कैसे होता है क्यूं होता है, क्या करता है, कुछ करता भी है या नहीं करता, इसे देखने के लिए पैसे खर्च करो थियेटर जाओ। और हां थियेटर जाना मूवी बोर नहीं करेगी, फुल ऑन एंटरटेनमेंट है। हां कुछ नया देखने को नहीं मिलेगा, पर जो भी मिलेगा पैसा वसूल होगा। लीड रोल में अरुण कात्याल बने सिद्धार्थ मल्होत्रा और उनका एक्शन इस मूवी की जान है। जो मूवी में हर कदम पर दिखता है। राशी खन्ना के पास फिल्म में ज्यादा कुछ करने को था नही। दिशा पाटनी फिल्म में हैं, पर वो सिर्फ फिल्म में हैं, उनकी जगह कोई भी हो सकता था। फिल्म में ज्यादा ट्विस्ट एंड टर्न्स नही हैं पर जो भी हैं अच्छे हैं। फिल्म के गाने कुछ खास नहीं हैं। गाने न भी होते तो फिल्म पर कोई असर नहीं पड़ता।

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में शुरू हुई तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी



लखनऊ। बिहार के गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय ने अनुसंधान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को हुई, जिसमें बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर मुख्य अतिथि रहे, जबकि उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। महामहिम राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में 'बहुआयामी अनुसंधान में महिलाओं की भूमिका' पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के उत्थान में प्रारंभ से ही महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसका पता करीब सवा सौ पहले अंग्रेजों के द्वारा कराए गए एक सर्वे से भी चलता है। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासकों ने 1896 में पहली बार सर्वे कराया था, जिसमें पता चला था कि संयुक्त बंगाल और बिहार में शैक्षिक दर 90 प्रतिशत थी, जिसमें महिलाओं और पुरुषों दोनों की शैक्षिक दर समान थी।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा, ''भारत वर्ष पूर्व से ही विश्व में शिक्षा का केंद्र रहा है। नालंदा विश्वविद्यालय और तक्षशिला विश्वविद्यालय समेत कई प्राचीनतम शैक्षणिक केंद्र भारत के गौरव रहे हैं। सबसे प्राचीन वेद ऋग्वेद में शिक्षक और शिक्षिका को आचार्य और आचार्या के रूप में उदृत किया गया है। हमारी संस्कृति प्रारंभ से ही महिला उत्थान पर केंद्रित रही है।''उन्होंने गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय की ओर से कराए जा रहे महिलाओं पर केंद्रित इस कार्यक्रम की तारीफ की।

कौशल पहल और साझेदारी हमारी आबादी को 21वीं सदी के जॉब मार्केट के लिए तैयार करेगीः धर्मेंद्र प्रधान

नई दिल्ली। भारत के कौशल प्रयासों को और अधिक मजबूत करते हुए, भारत सरकार के माननीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज देश के स्किल ईकोसिस्टम में स्पीड और स्केल लाने के लिए कई स्ट्रेटेजिक साझेदारियों की घोषणा की।प्रमुख घोषणाओं में इन्डस्ट्री पार्टनर, शिक्षाविदों और सरकारी विभागों के साथ स्ट्रेटेजिक साझेदारी, भुवनेश्वर में स्किल डेवलपमेन्ट इन्स्टीट्यूट (एसडीआई) में मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में दो सेन्टर ऑफ़ एक्सीलेन्स (सीओई) का उद्घाटन, एनआईएमआई द्वारा मॉक टेस्ट एप्लिकेशन 2.0 का शुभारंभ और आईटीआई और एनएसटीआई उम्मीदवारों के लिए चार नए युग के पाठ्यक्रमों की शुरूआत शामिल है।इसका उद्देश्य उद्योग की आवश्यकताओं और कौशल विकास पहलों के बीच गैप को पाटना है, साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि भारत का युवा कार्यबल प्रतिस्पर्धी बना रहे और उभरते ट्रेन्ड्स के अनुकूल हो।



एनसीवीईटी के चेयरमैन डॉ. निर्मलजीत सिंह कलसी, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सेक्रेटरी श्री अतुल कुमार तिवारी, डिपार्टमेंट ऑफ फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के सेक्रेटरी श्री संजीव चोपड़ा, डीजीटी-एमएसडीई की डीजी श्रीमती त्रिशालजीत सेठी, एमएसडीई की ज्वॉइन्ट सेक्रेटरी सोनल मिश्रा, एमएसडीई की ज्वाइन्ट सेक्रेटरी हेना उस्मान, एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। एमएसडीई ने अपने विभिन्न विभागों के साथ 19 एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। एक एमओयू प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) के नेतृत्व में है। राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड) द्वारा 3 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत 5 एमओयू, पीएम विश्वकर्मा के तहत एक एमओयू और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से 9 एमओयू हैं।निजी क्षेत्र और साथी मंत्रिस्तरीय विभागों के साथ ये साझेदारियाँ भारत को कुशल भारत-विकसित भारत में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, जहां युवा न केवल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों की मांगों को पूरा करने के लिए सुसज्जित होंगे बल्कि वैश्विक स्तर पर नेतृत्व और इनोवेशन भी करेंगे। जिन सरकारी संगठनों, इन्डस्ट्री प्लेयर्स और शैक्षणिक संस्थानों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए, वे नार्थ-ईस्टर्न हैन्डीक्राफ्ट्स एंड हैन्डलूम्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन (एनईएचएचडीसी),एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, जेम्स एंड ज्वैलरी प्रमोशन एक्सपोर्ट काउंसिल, दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट,नॉर्थ-ईस्ट रीजनल एग्रीकल्चरल मार्केटिंग को-ऑपरेशन (एनईआरएएमएसी) आईआईटी मंडी के लिए आईहब,नॉर्थ-ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच (एनईसीटीएआर) टैक्ट ग्रुप, मेरिल लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड, आईआईटी आईएसएम धनबाद, यूनिवर्सिटी, कोडिंग प्रो टेक्नोलॉजीज, शोभित यूनिवर्सिटी, मेरठ संस्कृति यूनिवर्सिटी मथुरा सिल्वर ओक यूनिवर्सिटी अहमदाबाद, गलगोटियास यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा हैं।

सैमसंग ने Samsung.com, सैमसंग शॉप एप और सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर मेगा ऑफर के साथ अपनी होली सेल की घोषणा की

गुरुग्राम। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी स्मार्टफोन, लैपटॉप, टैबलेट, एक्सेसरीज और वियरेबल्स, सैमसंग टीवी व अन्य डिजिटल उपकरणों समेत सैमसंग उत्पादों पर बंपर ऑफर्स और कैशबैक के साथ अपनी एक्सक्लूसिव होली सेल की शुरुआत की है। ये ऑफर Samsung.com, सैमसंग शॉप एप और सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। उपभोक्ताओं को अग्रणी बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर 22.5% तक का कैशबैक (25000 रुपये तक) मिलेगा।

होली सेल 15 मार्च से शुरू होकर 26 मार्च तक चलेगी, जिसमें गैलेक्सी एस सीरीज, गैलेक्सी ए सीरीज़ के चुनिंदा मॉडल और गैलेक्सी जेड सीरीज के प्रमुख मॉडल 60% तक की छूट पर उपलब्ध होंगे। उपभोक्ता गैलेक्सी लैपटॉप जैसे गैलेक्सी बुक4 360, गैलेक्सी बुक4 प्रो, गैलेक्सी बुक4 प्रो 360, गैलेक्सी बुक गो, गैलेक्सी बुक3 अल्ट्रा और गैलेक्सी बुक3 की खरीद पर 45% तक की छूट का भी लाभ उठा सकते हैं। गैलेक्सी टैबलेट, वियरेबल्स और एक्सेसरीज के चुनिंदा मॉडल खरीदने वाले उपभोक्ताओं को 55% तक की छूट मिल सकती है। सैमसंग टेलीविजन के प्रीमियम और लाइफस्टाइल मॉडल खरीदने वाले उपभोक्ताओं को 15250 रुपये तक के अतिरिक्त एक्सचेंज लाभ के साथ 48% तक की छूट का लाभ मिलेगा। नियो क्यूएलईडी खरीदने वाले उपभोक्ताओं को 50 सेरिफ टेलीविजन का एक निश्चित विशेष उपहार भी मिलेगा।

सेल के दौरान, रेफ्रिजरेटर जैसे सैमसंग डिजिटल उपकरण खरीदने वाले उपभोक्ताओं को चुनिंदा मॉडलों पर 49% तक की छूट मिलेगी और 15125 रुपये तक का एक्सचेंज लाभ मिल सकता है। सैमसंग विंडफ्रीTM एसी के चुनिंदा मॉडल 39% तक की छूट पर उपलब्ध होंगे। साथ ही दो या दो से अधिक एसी की खरीद पर अतिरिक्त 5% की छूट भी मिलेगी।

सीएम योगी ने किया 1878 करोड़ की 76 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास

नई परियोजनाओं से बनेगी गोरखपुर की नई पहचान

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल चुका है। सुरक्षित और समृद्ध हुआ भारत, दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर हो चुका है। दस वर्ष में यह विश्व की ग्यारहवीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मतलब देश में हर व्यक्ति की आय कई गुना बढ़ जाएगी। तब जन कल्याण की हर योजना संतृप्तिकरण के शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी।

सीएम योगी शुक्रवार को दोपहर बाद मानबेला में गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ रुपये की 76 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नई टाउनशिप राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी के साथ 25 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 51 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मंच पर नया सवेरा में कियॉस्क पाने वाले स्ट्रीट वेंडर को आवंटन प्रमाण पत्र भी वितरित किए। जबकि मंचीय कार्यक्रम से पूर्व भूमिपूजन, विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन तथा नन्हे मुन्ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जुड़ चुका है और यह संकल्प विकसित उत्तर प्रदेश से ही पूरा होगा। विकसित उत्तर प्रदेश के विकसित गोरखपुर जरूरी है। विकसित देश, प्रदेश और जनपद का मतलब है बिना भेदभाव सबको शासन की सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित होना। कहा कि जब सभी को सुविधाओं का लाभ मिलेगा तो सबके चेहरे पर खुशहाली आएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से उच्च स्वर में हमारा संकल्प विकसित भारत का उद्घोष भी कराया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। इस कार्ड में परिवार के हर व्यक्ति का विवरण होगा। यदि किसी के पास काम नहीं होगा तो सरकार उसे काम दिलाएगी। जिसके पास मकान, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं होगा, उसके पास खुद जाकर सरकार यह सुविधा उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में युवा के लिए आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। बहन, बेटियों, व्यापारियों को सुरक्षा है। सरकार विकास को आगे बढ़ाने और विरासत के संरक्षण का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट की तारीफ करते हुए कहा कि इस परियोजना से हर वर्ग को उसकी जरूरत के अनुसार आवासीय सुविधा का लाभ मिलेगा तो साथ ही यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम युवाओं की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि खेल को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार सभी जिलों में खेलो इंडिया सेंटर बना रही है तो उसी तरह प्रदेश सरकार खेलो यूपी सेंटर बना रही है। उन्होंने गोरखपुर की उपलब्धियों में खाद कारखाना, फोरलेन सड़कों, एम्स, रामगढ़ताल के साथ स्पोर्ट्स सिटी और नई टाउनशिप को जोड़ते हुए कहा कि जब यह प्रोजेक्ट पूरा होगा तो गोरखपुर की एक नई पहचान बन जाएगी।

- मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाः मुख्यमंत्री
- जल्द जारी करेंगे फेमिली आईडी कार्ड
- युवा के लिए आजीविका तो आस्था का सम्मान भी

स्मार्ट सिटी के साथ युवा भी स्मार्ट बनेंगे

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सिटी स्मार्ट बन रही है। अब हमारे युवा भी स्मार्ट बनेंगे। इसके लिए उन्होंने शहर के परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाने के लिए जीडीए के कार्यों की सराहना की। सीएम योगी ने 2014 में मानबेला में हुई नरेंद्र मोदी की जनसभा का स्मरण कराते हुए कहा कि तबकी सरकार ने खाद कारखाना परिसर में अनुमति नहीं दी। तब नागरिकों के सहयोग से इसी मैदान पर मोदी जी की ऐतिहासिक सभा हुई।

उन्होंने पूर्व की सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि समाज को जाति में बांटने वाले, शोषण करने वाले, लोगों के सामने समस्या खड़ी करते थे। उन्होंने किसानों को मुआवजा देने में आनाकानी की। जबकि हम समस्या नहीं, समाधान पर विश्वास करते हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने किया रमाडा होटल का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर बने रमाडा होटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने होटल परिसर, कमरों और वहां उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश करने के लिए साधुवाद दिया। शुक्रवार दोपहर बाद सीएम योगी ने फीता काटकर तथा लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर रमाडा होटल का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने होटल का निरीक्षण व अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए रमाडा होटल गोरखपुर के प्रबंध निदेशक राजेंद्र प्रसाद जायसवाल एवं कुनाल जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की पर्यटन नीति से उन्हें मात्र दो साल में यह होटल बनाने में बड़ी सहूलियत मिली। इस होटल के निर्माण में 75 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। सीएम योगी को होटल की सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस रमाडा होटल में 57 कमरे, दो बैंक्वेट हाल, एक रेस्टोरेंट एवं स्विमिंग पूल है। यहां150 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। रमाडा होटल गोरखनाथ मंदिर से सोनौली रोड पर स्थित होने से पर्यटकों के लिए अत्यंत सुविधाजनक होगा। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल समेत कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

युवा लेखक हाफिज अशरफ रज़ा द्वारा लिखी पुस्तक रमज़ान के मसाइल का हुआ विमोचन

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। मजलिस असहाबे कलम गोरखपुर द्वारा हिंदी में प्रकाशित रमजान के मसाइल नामक पुस्तक का विमोचन चिश्तिया मस्जिद बक्शीपुर में जुमा की नमाज के बाद मुफ्ती-ए-शहर अख्तर हुसैन मन्नानी व नायब काजी मुफ्ती मो. अजहर शम्सी द्वारा किया गया। पुस्तक में रोज़ा, सहरी, इफ़्तार, तरावीह, एतिकाफ़, शबे कद्र, ईद, चांद रात व मुक़द्दस तारीखों का उल्लेख किया गया है। पुस्तक की 1100 प्रतियां अवाम में मुफ्त बांटी जाएंगी। युवा लेखक हाफिज अशरफ रज़ा द्वारा लिखी गई पुस्तक रमज़ान के मसाइल के विमोचन के अवसर पर गोष्ठी हुई। जिसमें मुफ्ती अख्तर हुसैन व मुफ्ती मो. अजहर शम्सी ने कहा कि आधुनिक युग में रोज़े के ताल्लुक़ से इस्लामी तालीम आसान हिंदी ज़ुबान में पेश करके हाफिज अशरफ रज़ा ने बहुत ही उम्दा काम किया है। हर दौर में इस्लाम धर्म के विद्वान इस्लामी शिक्षा को आम और सादा ज़ुबान में पेश करते रहे हैं। पुस्तक में रमज़ान के रोज़ों व अन्य इबादतों के बारे में संक्षेप में ठोस प्रमाणों के आधार पर पेश किया गया है। इस पुस्तक से रोज़ेदारों को रमज़ान के रोज़े व अन्य इबादतों को अदा करने में मदद मिलेगी। इस पुस्तक को सभी को पढ़ना चाहिए। पुस्तक के लेखक हाफिज अशरफ रज़ा ने बताया कि रोज़ेदारों की सहूलियत के लिए पुस्तक लिखी गई है। हाफिज अशरफ को हाफिज नजरे आलम कादरी, मुफ्ती मेराज अहमद कादरी, मौलाना दानिश रज़ा अशरफी, मौलाना महमूद रज़ा कादरी, हाफिज आमिर हुसैन, हाफिज रहमत अली निजामी, सैयद नदीम अहमद, अली गजनफर शाह, समीर अली आदि ने मुबारकबाद पेश की।

गोरखपुर के पुरूष इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। पुरूष इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वच्छता जागरूकता रैली तथा पशु चिकित्सालय की साफ-सफाई राष्ट्रीय सेवा योजना, सेण्ट ऐण्ड्रयूज कॉलेज, गोरखपुर के पुरूष इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन मेवातीपुर, मलिन बस्ती, गोरखपुर में दिनांक 13 मार्च से 19 मार्च, 2024 तक किया गया है।

विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी जिसको डॉ0 एस0डी0 राजकुमार द्वारा हरि झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया तदोपरान्त पशु चिकित्सालय की साफ-सफाई तथा पशुओं को स्नान कराया गया एवं पशुओं तथा जीव जन्तुओं की सेवा करने की शपथ दिलायी गयी। तत्पश्चात मलिन बस्ती की साफ-सफाई की गयी। रैली कॉलेज प्रांगण, शास्त्री चैक, सेण्ट ऐण्ड्रयूज इण्टर कालेज होते हुए अपने स्थल पर वापस पहुची। उसके पश्चात वृहद पैमाने पर कालेज के बाहरी ब्राउण्ड्री वॉल की साफ-सफाई स्वयंसेवकों द्वारा की गई। प्रातः काल स्वयंसेवकों ने प्रार्थना के पश्चात शिविर स्थल की सफाई की तथा पौधों में पानी डाला। उसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 मो0 तनवीर आलम एवं डॉ0 अरविन्द कुमार सिंह द्वारा उन्हें योग प्रशिक्षण दिया गया। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा व्यक्तिगत अनुभव बाँटे। भोजनोपरान्त बौद्धिक सत्र में कालेज के भूगोल विभाग के प्रो एस दान ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित किया गया। उन्होने स्वयंसेवकों को बताया कि शिक्षा के साथ यदि सच्चाई और नैतिकता नहीं है तो शिक्षा का कोई महत्व नहीं है तथा जीवन के तीन सिद्धान्तों को भी विस्तार से बताएं। इस अवसर पर आदित्य पाण्डेय, प्रांजल गौतम, सुमित पासवान, पुनीत कुमार चैबे, विशाल, आशीष सहित वरिष्ठ स्वयंसेवक निखिल दुबे व कालेज के कुल 100 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

प्रशासक के रूप में हाटा एसडीएम ने लिया चार्ज

मथौली बाजार, कुशीनगर। करीब डेढ़ माह से नगर पंचायत मथौली का अधिशाषी अधिकारी का पद खाली चल रहा था जिससे विकास कार्य व अन्य कार्य प्रभावित हो रहा जिसको देखते हुए शासन ने उप जिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह को नगर पंचायत मथौली का चार्ज सौंपा गया। पत्र मिलते ही एसडीएम प्रशासक का चार्ज ले लिया। बता दें कि नगर पंचायत मथौली के अधिशाषी अधिकारी सीमा राय का तबादला बीते 31 जनवरी 2024 तमकुहीराज के लिए हो गया था।

डेढ़ माह से नगर पंचायत का विकास कार्य बाधित था, साथ ही जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए लोग भटक रहे थे। अधिशासी अधिकारी के तैनाती के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह ने शासन को पत्र भेजा था। जिस पर हाटा के उपजिलाधिकारी प्रभाकर सिंह को नगर पंचायत मथौली का ईओ का चार्ज सौंपा गया। लेटर मिलते ही उप जिलाधिकारी हाटा ने प्रशासक का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया।

प्रधानमंत्री आवास प्रमाण पत्र वितरण कार्य संपन्न

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत अध्यक्ष घघसरा प्रभाकर दुबे द्वारा शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिसमें भारी संख्या में लाभार्थी मौजूद थे। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए प्रभाकर दुबे ने कहा कि- देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि देश के सभी नागरिकों के सिर पर उनकी अपनी छत हो। खाने के लिए भोजन तथा पहनने के लिए वस्त्र हो। इसके लिए वह योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। गरीब, मजदूर, किसान सभी वर्गों का भला हो रहा है । अब तक लाखों लोगों को योजना का लाभ पहुँच चुका है। उक्त अवसर पर चेयरमैन प्रभाकर दुबे के अलावा अधिशाषी अधिकारी अमित नायक, अखिलेश गुप्ता, राजनाथ यादव, संतोष पाण्डेय, सुंदरम त्रिपाठी, रवि राज राजेश गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

वीर सावरकर नगर में बनेगा अंत्यष्टी स्थल

मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने कस्बे में अंत्यस्थि स्थल के शासन को प्रस्ताव भेजा था जिसपर शासन ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। जल्द ही वार्ड नंबर दस वीर सावरकर नगर में 37.55 लाख रुपए की लागत से अंत्यष्टि स्थल बनने जा रहा है। बता दें कि कस्बे में पिछले दिनों फरदहां, बारीगांव व लोहेपार घाट पर अंत्येष्टि स्थल बनाने के लिए नगर अध्यक्ष ने शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। जिस पर शासन ने मथौली कस्बा के वार्ड नंबर दस वीर सावरकर नगर (बारीगाव) में अंत्येष्टि स्थल बनाने के लिए सैंतीस लाख पचपन हजार रुपए अवमुक्त कर दिया है। जिससे छोटी गंडक नदी के बारीगांव घाट पर अंत्येष्टि स्थल का निर्माण किया जायेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह ने बताया कि शासन को तीन अंत्येष्टि स्थल के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें शासन ने वार्ड नंबर दस वीर सावरकर नगर (बारीगांव) में अंत्येष्टि स्थल के निर्माण के धन अवमुक्त कर दिया है। शेष दो अंत्येष्टि स्थल के लिए भी जल्द धन अवमुक्त हो जायेगा।

अलग अलग विवाद में एक दर्जन के खिलाफ बलवा

सहजनवा गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के भेलउर निवासी हरि शंकर पुत्र राम प्यारे 13 मार्च को रात्रि में किसी कार्य से गांव में जा रहा था। रास्ते में डधौली गांव के पास पहुंचा था की पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी गाली गलौज करते हुए,लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने जितेंद्र उर्फ डब्बू, किशन, ध्रुपराज, श्रवण, राजन के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। गीडा थाना मनीष निषाद पुत्र राम मिलन व सुरज पुत्र बबलू निवासी पेवानपुर नौसढ चौराहा जो शटरिंग का कार्य करता है। शाम को 5.30 बजे कार्य कर बाइक से घर वापस आ रहा था।अहिरौली पटखौली के पास पहुंचा था की रास्ते में एक दर्जन की संख्या में युवक मस्ती कर रहे थे। रास्ते में खड़े होने पर हार्न बजाया तो आरोपी गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो सभी डंडे, शटरिंग के हथौड़े से मारपीट कर घायल कर दिए और जान से मारने की धमकी देने हुए फरार हो गए।

माइक्रो डोनेशन के जरिए पार्टी कोष में सहयोग कर रहे कार्यकर्ता : भूपेंद्र

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश द्वारा माइक्रो डोनेशन का विशेष अभियान शुरू किया गया था जिसके क्रम में औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ नमो ऐप के जरिए पार्टी कोष में सहयोग करते हुए बताया कि आगामी 20 मार्च तक चलने वाले विशेष अभियान के तहत सभी सांगठनिक मंडलों तक यह अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि माइक्रो डोनेशन अभियान में कार्यकर्ताओं के साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भी बढ़ - चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। पार्टी की ओर से शुरू किए गए अभियान का उद्देश्य आमजन को भाजपा से जोड़ना है। आमजन नमो ऐप के माध्यम से 5 रुपया, 50 रुपया, 100 रुपया, 500 रुपया और 1000 रुपए तक का सूक्ष्म सहयोग कर सकेंगे। इसकी पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। 20 मार्च तक चलने वाले अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता पूरे जनपद भर से लोगों को भाजपा से जोड़ेंगे। प्रदेश के हर जिले में जिला स्तर पर अभियान के संचालन के लिए टीम बनाई गई है। जो मंडल स्तर तक के कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों को माइक्रो डोनेशन के माध्यम से जुड़ने की अपील करेगी। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी 28 सांगठनिक मंडलों पर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जहां हजारों नए लोगों ने भाजपा को अपना सूक्ष्म योगदान दिया है। पार्टी 20 मार्च तक नियमित इस अभियान को चलाएगी । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों ने अपने अपने मोबाइल से नमो ऐप के जरिए पार्टी कोष में सूक्ष्म सहयोग किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, गंगा कुशवाहा, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, आनंद शाही, अंकुर राय, सत्यप्रकाश पाण्डे, मनीष मल्ल, विजय बेलदार, संतोष मिश्रा उपस्थित रहे।

पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों संग किया फ्लैग मार्च

अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार मनोज कुमार वर्मा ने शुक्रवार को फ्लैग मार्च के दौरान आमजन को सुरक्षा का एहसास कराते हुए अमन और शांति का संदेश दिया।यह फ्लैग मार्च अहिरौली बाजार थाना परिसर से प्रारंभ होकर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर, खोट्टा बाजार, भैंसही बाजार,रामपुर झुरिया, तिनहवा चौराहा, अहिरौली बाजार कस्बा, टीकर बरवां बाबू मुंडेरा लाला सहित दर्जनों गांवों चौरहो भीड़ भाड़ वाली इलाकों में भ्रमण कर लोक सभा चुनाव के मद्दे नजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आमजन से अपील करते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। प्लाटून कमांडर धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा की चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरोध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी और चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए आम जनमानस का सहयोग जरूरी है। इस दौरान थाना अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, कांस्टेबल दिनेश पाण्डेय, गुड्डू राजभर, अमित कुमार, अनिल कुमार, जितेंद्र भारती सहित अर्धसैनिक बल के दर्जनों जवान मौजूद रहे।

डीएम और एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

अमेठी अवधनामा संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से कंपोजिट विद्यालय हरखपुर गौरीगंज पीएम श्री स्कूल रामगंज शाहगढ़ व प्राथमिक विद्यालय केशवपुर मुसाफिरखाना में बने मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां पर बिजली पानी रैंप शौचालय सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम व एसपी ने विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से उनकी पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने मुसाफिरखाना कस्बे का भ्रमण कर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इको टूरिज्म के तहत विकसित होगा मंझरिया देवी मंदिर स्थित ताल

अवधनामा ब्यूरो

हाटा, कुशीनगर। रामपुर सोहरौना गांव स्थित मंझरिया देवी मंदिर के पास स्थित ताल को ईको टूरिज्म प्लान के तहत विकसित करने की परियोजना को शासन और पर्यटन विभाग की मंजूरी मिल गई है।

विधायक मोहन वर्मा के प्रस्ताव पर सवा चार करोड़ रूपए की इस परियोजना के लिए पर्यटन विभाग ने प्रथम किस्त के रूप में तीन करोड़ रुपए अवमुक्त कर उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित कर दिया है। हाटा विधान सभा क्षेत्र के रामपुर सोहरौना गांव में स्थित मंझरिया देवी का स्थान क्षेत्र में धार्मिक रूप से काफी प्रसिद्ध स्थान है। मंदिर के दोनों तरफ स्थित तालों की प्राकृतिक सुन्दरता और वहा आने वाले प्रवासी पक्षियों को देखने के लिए भी काफी लोग यहां आते है। इस ताल को ईको टूरिज्म के तहत विकसित कर पर्यटक सुविधा बढ़ा कर पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानीय विधायक मोहन वर्मा ने पर्यटन विभाग को प्रस्ताव भेजा था। जिसे पर्यटन विभाग की मंजूरी मिल गई है। बृहस्पतिवार को इस संबंध में पर्यटन विभाग ने पत्र जारी करते हुए इस परियोजना के लिए तीन करोड़ रुपए जारी कर दिया। परियोजना के तहत पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए ताल के किनारे 40 मीटर घाट का सौंदर्यीकरण, घाट पर कपड़े बदलने के लिए चेंज रूम, पक्षियों के लिए बर्ड वॉच टावर, बाउंड्री वाल पाथ वे, पर्यटकों को बैठने के लिए बेंच, साइनेज, सत्संग भवन/ बहुउद्देशीय हाल, जनता के पीने के पानी के लिए कियोस्क, गेट निर्माण इत्यादि का कार्य किया जाएगा। जिससे क्षेत्र की जनता के साथ साथ कुशीनगर आने वाले बाहरी पर्यटकों के लिए भी ये झील आकर्षण का केंद्र बनेगा।

इस संबंध में विधायक मोहन वर्मा ने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद यह ग्रामीण क्षेत्र भी पर्यटन मानचित्र पर दिखाई देने लगेगा। स्थानीय लोगों को उनके क्षेत्र में ही एक सुंदर स्थान मिलेगा इससे काफी लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

गड़ेर में मखाना की हुई रोपाई मखाना उत्पादक क्षेत्र बना देवरिया

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। 15 मार्च का दिन जनपद के लिए अविस्मरणीय रहा। आज जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की पहल पर एक नई शुरूआत हुई। गड़ेर स्थित संकर्षण शाही के मत्स्यपालन केंद्र में मखाना के पौधे की रोपाई हुई। इसके साथ ही देवरिया मखाना की खेती करने वाले क्षेत्रों के राष्ट्रीय फलक में शुमार हो गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि गड़ेर में मखाना की रोपाई के साथ ही नए अध्याय की शुरुआत हुई है। जनपद मखाना की खेती करने वाले क्षेत्रों के राष्ट्रीय मानचित्र पर आ गया है। यह जनपद की आर्थिक तरक्की का आधार बनेगा। जनपद की भौगोलिक प्रोफइल में लगभग 30 हजार हेक्टेयर भूमि लो-लैंड एवं जलमग्न क्षेत्र चिन्हित है। इन क्षेत्रों के लिए मखाना की खेती वरदान सरीखी सिद्ध होगी। देवरिया की जलवायु में मिथिला जैसी उत्पादकता देने का सामर्थ्य है। जिलाधिकारी ने बताया कि आज मखाना के जिस पौध की रोपाई हुई है वह स्वर्ण वैदेही प्रजाति की है, जिसे काला हीरा नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने किसानों से व्यापक पैमाने पर मखाना की खेती प्रारंभ करने का अनुरोध किया। सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने जनपद में हो रहे अभिनव प्रयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की और मखानाकल्चर करने वाले मत्स्य पालकों को हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि इस नयी शुरुआत से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। मत्स्य विभाग के सेवानिवृत्त सहायक निदेशक एवं मखाना खेती के विशेषज्ञ डॉ डीएन पांडेय ने बताया कि गत नवंबर में तरकुलवा ब्लॉक के हरैया में प्रगतिशील मत्स्यपालक गंगा शरण श्रीवास्तव के मत्स्य पालन केंद्र पर मखाना की नर्सरी स्थापित की गई थी। नर्सरी में पौध तैयार होने के बाद उसकी रोपाई संपन्न हुई है।

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ

अमेठी अवधनामा संवाददाता। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पी के श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां पर विद्यार्थियों का न केवल शैक्षिक विकास होता है बल्कि मानसिक शारीरिक और व्यक्तित्व विकास भी होता है। यह शिविर सात दिन घर परिवार के वातावरण से दूर होकर कुछ नया सीखने तथा समाज को जागरूक करने का एक माध्यम है।कार्यक्रमाधिकारी डॉ सुधीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं जागरूक होकर घर परिवार सहित समाज को जागरूक करना है। इस विशेष शिविर का आयोजन इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है कि विद्यार्थी को साथ रहने का अवसर मिलता है। जिससे वह समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें। विशेष शिविर में कार्यक्रमाधिकारी डॉ मनीषा सिंह डॉ पवन कुमार पांडेय डॉ सीमा सिंह प्रो एस पी यादव डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह शिवम सिंह सहित अनेक ग्रामवासी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।

डीएम ने मतदान केन्द्र धरसवां व बहादुर चक का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

- मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था का लिया जायजा
- ग्रामों में योजनाओं की जमीनी क्रियान्वयन का जाना हाल
- पेयजल परियोजना का भी किया निरीक्षण

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था, मतदाता सूची की तैयारी, मतदाता पहचान पत्र वितरण, मतदान प्रतिशत इत्यादि के साथ-साथ विद्यालयों की साफ-सफाई, शिक्षकों छात्रों की उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता, एमडीएम तथा विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला अधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड चित्तौरा के मतदान केन्द्र धरसवां व बहादुर चक का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

डीएम ने ग्राम धरसवां मतदान केन्द्र पूर्व मा. विद्यालय पहुंचकर पाया कि मतदान केन्द्र पर विवरण अंकित नहीं किया गया है इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी सौरभ पाण्डेय को निर्देश दिया कि विकास खण्ड अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान केन्द्र से सम्बन्धित विवरण अंकित कराने के साथ केन्द्र के सभी कक्षों में समुचित प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ मानक के अनुरूप अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराये।

इसके पश्चात् डीएम ने बीएलओ, कोटेदार, प्रधान व अन्य सम्बन्धित के साथ मतदाता सूची का सत्यापन करते हुए बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि मृतक व शिफ्टेड, मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया जाय और अर्ह नागरिकों का नाम सूची में शामिल किया जाय। फर्म 06 भरने वाले सभी नागरिकों का डाकघर से समन्वय कर मतदाता पहचान पत्र का वितरण करायें ताकि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की समस्या न हो। डीएम ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 के मतदान प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करते हुए मौके पर ही तहसीलदार अभयराज पाण्डेय को निर्देश दिया कि सभी बीएलओ को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 का मतदान प्रतिशत मुहैया कराये। विद्यालय के शौचालय के निरीक्षण के दौरान शौचालय में जलापूर्ति न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि नियमित रूप से शौचालय में जलापूर्ति सुनिश्चित करायी जाय।

इसके पश्चात् डीएम ने जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता जल निगम कमला शंकर से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि पेयजल परियोजना को शासन के मानक व मंशानुसार पूरी क्षमता से संचालित किया जाय। इसके पश्चात् उन्होनें ग्राम का भ्रमण कर गुरूबचन, गुरदीन, मुन्नी के पेयजल कनेक्शन का निरीक्षण भी किया। भ्रमण के दौरान डीएम ने ज्योति, सुनीता, ममता, कुसुमा व अन्य महिलाओं से आंगनबाड़ी केन्द्र से पोषाहार वितरण व अन्य शासकीय योजनाओं का फीड बैक प्राप्त किया।

जनपद में 15 मार्च से होगा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण

अवधनामा संवाददाता

- दो ब्लाकों व नगर क्षेत्र की 02 दुकानों पर अन्त्योदय कार्डधारकों को मिलेगा मक्का
- अन्त्योदय कार्डधारकों को रू. 18 प्रति किलों की दर से मिलेगी चीनी

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मार्च 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 15 से 29 मार्च 2024 तक किया जायेगा। उक्त वितरण अवधि में (ब्लाक चित्तौरा एवं विशेश्वरगंज तथा नगर बहराइच की दो उचित दर दुकानों कमशः श्रीमती प्रेमा गांधी व सैफ उल्लाह को छोड़कर) शेष अन्त्योदय कार्डधारकों प्रति राशन कार्ड पर 14 कि.ग्रा. गेहूं व 21 कि.ग्रा. चावल कुल 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। ब्लाक चित्तौरा व विशेश्वरगंज तथा नगर बहराइच की 02 उचित दर दुकानों से सम्बद्ध अन्त्योदय कार्डधारकों प्रति कार्ड 14 कि.ग्रा. गेहूं, 20 कि.ग्रा. चावल व 01 कि.ग्रा. मक्का कुल 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय कार्डधारकों को रू. 18 प्रति किलो की दर से 03 किलोग्राम चीनी का वितरण भी किया जायेगा। डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि वितरण अवधि के दौरान पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं मोबाईल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। श्री तिवारी ने कार्डधारकों से अपेक्षा की है कि ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगाने के पश्चात् तत्समय ही अपना अनुमन्य खाद्यान्न विकेता से प्राप्त कर लें।

संक्षिप्त समाचार

सड़क हादसे में फौजी की हुई मौत

सुलतानपुर। लखनऊ-सुलतानपुर हाइवे पर हसनपुर गुमटी के पास सड़क हादसे में एक फौजी की मौत हों गई। जानकारी के अनुसार हसनपुर निवासी धीरेन्द्र कुमार गुप्ता फ़ौज में तैनात थे. दो मार्च को उनकी बहन की शादी थी, जिसमें वे छुट्टी पर आए थे। शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे वह अपाचे बाइक से कहीं जा रहे थे।गुमटी के पास हाईवे पर पहुंचे ही थे कि लखनऊ की तरफ से आ रही तेज रफ़्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में धीरेन्द्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए।पुलिस की मदद से धीरेन्द्र को मेडिकल कालेज पहुँचाया गया,जहां चिकित्सक ने उन्हे मृत घोषित कर दिया।धीरेंद्र की पत्नी परिषदीय विद्यालय में अध्यापिका हैं।इनकी एक बेटी भी है।धीरेन्द्र के पिता संगम लाल गुप्ता सेवनिवृत्त लेफ्टिनेण्ट कर्नल हैं।संगमलाल के दो और बेटे भी फ़ौज में हैं।इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है बंधुआ कला थाना प्रभारी निरीक्षक बंधुआकला अनिरुद्ध सिंह ने बताया की मामले की जाँच की जा रही है।

ज्ञानेन्द्र को मिला महाकवि तुलसी सम्मान

सुलतानपुर। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि को राम साहित्य समीक्षा के लिए महाकवि तुलसी सम्मान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान गाजियाबाद की चर्चित संस्था हिन्दी समर्थक मंच ने आनलाइन प्रदान किया है। पिछले दिनों मंच ने सोशल मीडिया के माध्यम से श्रीराम के आदर्शों पर काव्य रचनाएं आमंत्रित की थीं। उनमें उत्कृष्ट काव्य रचनाओं के चयन और समीक्षा हेतु शुक्रवार को युवा समीक्षक ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि को महाकवि तुलसी सम्मान आनलाइन प्रदान किया गया। ज्ञानेन्द्र के सम्मान से जनपद के शिक्षकों व साहित्यकारों में प्रसन्नता है।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

चांदा,प्रतापपुर कमैचा। विकास क्षेत्र के नवागत खंड शिक्षा अधिकारी बसंत शुक्ल का शिक्षकों ने पुष्प गुच्छक देकर जमकर स्वागत किया। बताते चलें कि नए बी. ई. ओ. ने बताया कि बच्चों के शिक्षण कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी क्योंकि बच्चे देश के भविष्य हैं। शिक्षकों द्वारा किए गए स्वागत का उन्होंने आभार भी जताया। इस मौके पर शिक्षक सुरेंद्र दुबे के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अन्य लोग भी मौजूद रहे।

आदि-अनादि काल से नारी पूज्य है: डॉ. ओमप्रकाश

ललितपुर। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशानुसार एडीजे/सचिव कुलदीप सिंह तृतीय के निर्देशन में नेहरू महाविद्यालय के कृषि छात्रावास में राष्ट्रीय सेवा योजना चतुर्थ ईकाई के तत्वाधान में लैंगिग समानता पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजवलित करके कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि वैदिक काल में महिलाओं की स्थिति समाज में काफी ऊंची थी और उन्हें अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त थी। वे धार्मिक क्रियाओं में भाग ही नहीं लेती थीं बल्कि, क्रियाएं संपन्न कराने वाले पुरोहितों और ऋषियों का दर्जा भी उन्हें प्राप्त था। उस समय महिलाएं धर्म शास्त्रार्थ इत्यादि में पुरूषों की तरह ही भाग लेती थी। लैंगिग असमानता जैसा कोई विषय नही था लेकिन आज लैंगीग असमानता का मुख्य कारण शिक्षा की कमी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए महिला सशक्तिकरण की योजनाओं के बारे में विस्तृत व्याखान दिया। पैनल अधिवक्ता शेर सिंह यादव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं को सदैव निशुल्क सहायता मिलती है। किसी भी विधिक सलाह और जानकारी के लिए 15100 पर कॉल करके मदद ले सकती है।

आर्ट ऑफ लिविंग के शिविर का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा दिव्य सत्संग जगदीश द्विवेदी के निवास पर आयोजित किया गया, जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के अलावा तमाम सत्संग प्रेमियों ने आनन्द उठाया। उक्त सत्संग में सर्वप्रथम आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता व संस्थापक आध्यात्मिक गुरुदेव श्रीश्री रविशंकरजी का पूजन किया गया। तत्पश्चात भजनों का क्रम शुरु हुआ। सर्वप्रथम सुबोध शर्मा विश्वास ने एक गीत गुरुदेव के श्रीचरणों में समर्पित किया। गीत के बोल देश के मशहूर शायर निदा फाजली ने लिखे हैं.. तू इस तरहा से मेरी जिन्दगी में शामिल है, जहां भी जा ऊं ये लगता है तेरी महफिल है। उक्त गीत को गुरुदेव को समर्पित किया गया था। सभी ने अपनी आंखें बन्द कर सुना और अपने अन्तर्मन में उतार लिया। फिर तो लगातार एक से बढ़कर एक भजन, लोकगीत प्रस्तुत किये गये। हैप्पीनैस प्रोग्राम के सम्माननीय शिक्षक राजकुमार शर्मा ने लोकगीत गाकर समां बांध दिया। उमा द्विवेदी ने बजाओ ढोल स्वागत में, मेरे घर राम आये हैं को प्रस्तुत कर मानो महफिल ही लूट ली। निधि पांडेय ने अच्युतम् केशवम् कृष्णदामोदरम् राम नारायणम् जानकी बल्लभ, गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्वेता द्विवेदी कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा की प्रस्तुति सुन सभी भावविभोर हो गये। राजकुमारी खरे ने सुप्रसिद्ध बुन्देलखण्डी भजन भोला नई माने रे नई माने, मचल गये नचवै खों गाकर सभी भजन प्रेमियों को भक्ति सरोवर में डुबो दिया।

कड़े संघर्ष के बाद सत्य की हुयी जीत: राजदीप सिंह

अवधनामा संवाददाता

- न्यायालय से निर्वाचित हुये ब्लाक प्रमुख तालबेहट ने ग्रहण की शपथ

ललितपुर। जिले की चर्चित तालबेहट ब्लाक प्रमुख सीट पर 2021 में राजदीप सिंह बुंदेला को एक वोट से हार का सामना करना पड़ा था। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के भारी बहुमत से चलते चुनावी हार राजदीप को हजम नहीं हुई और उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और अपने छह अनवेलिड की जांच के लिए याचिका दायर की थी जिसमें न्यायालय में छह अनवेलिड वोटों की रि काउंटिंग हुई जिसमें राजदीप का एक वोट वैलिड पाया गया, वोट बराबर हो गए और न्यायलय में पर्ची सिस्टम से राजदीप बुंदेला को न्यायलय से 7 मार्च को विजय प्राप्त हुई थी। आज ब्लाक सभागार में बड़ी संख्या में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्यों की उपस्थिति में ब्लाक प्रमुख पद का कार्यभार संभाला, 84 मेंबरों में से 68 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने दर्ज कराई उपस्थिति। ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को आश्वस्त किया कि सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ मिलकर गांवों का विकास करेंगे और कम समय के लिए मिले कार्यकाल में ज्यादा से ज्यादा विकास क्षेत्र में करेंगे व जनता के बीच हर दुस्ख दर्द में मौजूद रहेंगे। आज ब्लाक सभागार में सभी ब्लाक अधिकारियों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख का फूल माला पहनाकर सम्मानित किया स्वागत सत्कार किया व पद ग्रहण कार्यक्रम में चंद्रभान सिंह बुंदेला, प्रधान संगठन अध्यक्ष पितू राजा, अविनाश बुंदेला, विजय परिहार, शैलेन्द्र राजा प्रधान, मनोज संज्ञा, कैशवेंद्र बुंदेला, अभिषेक बुंदेला, जॉनीराजा , महेंद्र बुंदेला, छोटू राजा, पप्पू राजा सहित सभी सभी समर्थक, क्षेत्र पंचायत सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, लखनऊ मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना सं०	टीआरडी–6–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–24		
कार्य का नाम	लखनऊ मंडल के कंधौर गुड्स शेड के सुधार के लिए टीआरडी का कार्य		
अनुमानित लागत	₹54,97,595.92	बयाना राशि	₹1,10,000/-
कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 माह		
निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि	दिनांक 09.04.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद।		
प्रस्ताव की वैधता	निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन		
उत्तर रेलवे की वेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।		
पात्रता मानदण्ड	निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25kV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।		

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी–6–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–24 दिनांक 14.03.2024 830/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पुलिस अधीक्षक नेमातहतों की कुर्सी बदली

सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने हेतु मातहतों की कुर्सी बदल दिया है।कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर हटाए गए। उन्हे आईजीआरएस सेल भेज दिया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना सं0-05-DYCEGA-2024

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:

क्रम सं. 1:– कार्य का विवरण: गोरखपुर में उप मु.इं./गो.क्षेत्र के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न सर्विस भवनों में खिड़कियों का बदलाव का कार्य। अनुमानित लागत: ₹91,21,310.53, बयाने की राशि: ₹1,82,400.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य: 0.00, स्वीकृत पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय: 05 माह,

क्रम सं. 2:– कार्य का विवरण: गोरखपुर में–टाइप–III ब्लाक संख्या–703, 704, 705, 706, 747, 809, 695, 736, 771, 772, 742, 743, 748 और टाइप–IV आवास ब्लाक संख्या–784, 735, 606, 741, 796 के उन्नयन का कार्य। अनुमानित लागत: ₹85,30,540.62, बयाने की राशि: ₹1,70,600.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य: 0.00, स्वीकृत पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय: 08 माह, **कुल योग:** ₹1,76,51,851.15

1. ई–निविदा के खुलने की तिथि : दिनांक 09.04.2024 को 11:00 बजे। 2. ई–निविदा की बिडिंग तिथि 26.03.2024 से 09.04.2024 समय 10.59 बजे तक। 3. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंगेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इंजीनियर/ गो0क्षे0

मुजाधि/डब्लू–586

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 1021/न0पं0धौ0/मै0स्का0/2023-24, दिनांक : 15 मार्च, 2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत धौरहरा द्वारा नगर में मैन्युअल स्वच्छकार एवं अस्वच्छ शौचालय सर्वेक्षण कराया गया है जिसमें नगर सीमान्तर्गत वर्तमान समय में कोई भी मैन्युअल स्वच्छकार एवं अस्वच्छ शौचालय नही पाये गये है।

अतः किसी संस्था/एन0जी0ओ0/सिविल सोसायटी तथा जनता द्वारा नगर क्षेत्र के किसी वार्ड में मैन्युअल स्वच्छकार एवं अस्वच्छ शौचालय पाये जाते है तो इसकी सूचना कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा प्रकाशन तिथि के 7 दिवस के अन्तर प्रस्तुत कर अपना सुझाव दे सकते है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत धौरहरा
लखीमपुर-खीरी

कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक:- 404/PRO/नि0वि0/न0नि0शाह0/2023-24 दिनांक :-

ई-निविदा सूचना

नगरीय झील/तालाव/पोखर संरक्षण योजनान्तर्गत नगर निगम, शाहजहाँपुर स्थित अहमदपुर निवाजपुर में तालाब के सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु दिनांक 08/04/2024 तक दोपहर 03.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित जाती है। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य की समस्त शर्ते व नियम उक्त बेबसाइट पर उपलब्ध है जिनका अवलोकन करने उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। आमंत्रित ई-निविदा तद्दिनांक सायं 4.00 बजे से खोली जायेगी। बिना कारण बताये टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना उक्त बेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

नगर आयुक्त

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बहराइच

कार्यालय का पता निकट इन्दिरा उद्यान, कपूरथला, बहराइच

पत्रांकः1184/ग्रा0अ0वि0/ ई-निविदा/2023-24 दिनांकः 27.02.2024

ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

1. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से स्वीकृति की प्रत्याशा में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के श्रेणी ए, बी, सी, डी एवं ई में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से जिनकी निर्माण लागत निर्माण कार्य के सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. कार्य का विवरण:- (विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि)

क्रम सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाख रू. में (GST छोड़कर)	बिड सिक्योरिटी लाख रू. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	बहराइच	ग्रा.पं. भभ्भरपुर में जगतजीत सिंह के घर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य हुजूरपुर	1.91	0.04	854.00	3 माह
2	बहराइच	ग्रा.पं. रत्तापुर में मरी माता मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य हुजूरपुर	1.91	0.04	854.00	3 माह
3	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. इमलिया में ज्वाला वर्मा के घर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
4	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. इमलिया में मुकेश चौहान के घर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
5	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. इमलिया में पप्पू वर्मा के घर के पास एक अदद हाईमास्टलाइट स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
6	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. नसरापुर में रामतेज के घर के पास एक हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
7	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. नसरापुर में गुरुमूरत के घर के पास एक हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
8	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. मोहम्मदपुर में दुर्गा माता मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
9	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. बुलहा में खेमलाल वर्मा के दुर्गा मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
10	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. मोगलहा में जयमाता मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
11	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. कटघराकला के पण्डितपुरवा में रामलगन के घर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
12	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.प. कटघराकला के विशुनपुर में अविलाख के घर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
13	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. भानपुर में दुर्गेश्वरनाथ मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
14	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. भानपुर में शिव मन्दिर भवानीसिंहपुरवा के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
15	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. सुर्जनाकला में जगतराम के घर के सामने एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
16	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. सुर्जनाकला में रामकुमार मौर्या के घर के सामने एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
17	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. सुर्जनाकला में रामदेव चौहान के घर के सामने एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
1	2	3	4	5	6	7
18	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. खैरा में माँ काली मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
19	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. खैरा में ओम प्रकाश के घर के पास एक अदद हाईमास्टलाइट स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
20	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. निंदूरा में गेन रोड शिव मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
21	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.प. निंदूरा में बरसाती के घर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
22	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. गोबरहा में नन्हू के घर के सामने एक अदद हाईमास्ट लाइट स्थापना	1.91	0.04	854.00	3 माह
23	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. गोबरहा में रमेश के घर के सामने एक अदद हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
24	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. रमवापुर में रमवापुर में रमवापुर चौराहे पर सुधा सिंह के घर के पास एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
25	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. रमवापुर में रमेश के घर के सामने एक अदद हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
26	बहराइच	वि.ख. हुजूरपुर के ग्रा.पं. गौड़रिया में कंचन सिंह के घर के सामने एक अदद हाईमास्ट लाइट का स्थापना कार्य	1.91	0.04	854.00	3 माह
27	बहराइच	मोहल्ला रायपुरराजा छावनी सरकार में अमित के घर से नीरज के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	4.57	0.091	854.00	3 माह
28	बहराइच	मोहल्ला रायपुरराजा छावनी सरकार में राजेश जायसवाल के घर से डामर रोड तक सी.सी. नाला निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	9.31	0.186	854.00	3 माह
29	बहराइच	मोहल्ला रायपुरराजा छावनी सरकार में राजेश सिंह के घर से पुलिया तक नाला निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	7.52	0.150	854.00	3 माह
30	बहराइच	मोहल्ला नव्वागढ़ी में बब्लू के मकान से अजीत वर्मा के मकान तक दोनों तरफ नाली व इण्टरलाकिंग कार्य-नगर क्षेत्र	5.86	0.117	854.00	3 माह
31	बहराइच	मोहल्ला नव्वागढ़ी में बृजेश के मकान से तीरथ के मकान तक दोनों तरफ नाली व इण्टरलाकिंग कार्य-नगर क्षेत्र	7.03	0.141	854.00	3 माह
32	बहराइच	मोहल्ला नव्वागढ़ी में ए.के. शर्मा के घर से मेन रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य नगर क्षेत्र	4.71	0.094	854.00	3 माह
33	बहराइच	मोहल्ला नव्वागढ़ी में रवि के मकान से दिनेश के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य-नगर क्षेत्र	5.28	0.106	854.00	3 माह
34	बहराइच	मोहल्ला नव्वागढ़ी में गिरधारी के मकान से रोड तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	4.36	0.094	854.00	3 माह
35	बहराइच	मोहल्ला रायपुरराजा जेल रोड प्रभाकर श्रीवास्तव के मकान से बब्बू सिंह के नकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य।	5.96	0.119	854.00	3 माह
36	बहराइच	मोहल्ला फुटहा में धर्मेन्द्र वर्मा के घर से मुक्तिशरण श्रीवास्तव के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	16.53	0.331	854.00	3 माह
37	बहराइच	मोहल्ला नई बस्ती बक्शीपुरा में आजाद के मकान से पिन्टू के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	3.24	0.065	854.00	3 माह
38	बहराइच	मोहल्ला नई बस्ती बक्शीपुरा में रूद्रदेव यादव के मकान से मनन विला तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	4.79	0.096	854.00	3 माह
39	बहराइच	मोहल्ला नई बस्ती बन्शीपुरा में अवधेश मिश्रा के मकान से प्रवीन श्रीवास्तव के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	10.29	0.206	854.00	3 माह
40	बहराइच	मोहल्ला नई बस्ती बक्शीपुरा में राजेन्द्र प्रसाद के घर से विनोद के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	4.75	0.095	854.00	3 माह
1	2	3	4	5	6	7
41	बहराइच	मोहल्ला नई बस्ती बक्शीपुरा में शशिकला दूबे के मकान से डामर रोड तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	7.56	0.151	854.00	3 माह
42	बहराइच	मोहल्ला नई बस्ती बक्शीपुरा में इण्डियन इलेक्ट्रानिक शॉप से संजीव निश्रा के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	8.00	0.160	854.00	3 माह
43	बहराइच	मोहल्ला रायपुर राजा में सनी सरदार के घर से अनिल श्रीवास्तव के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	5.76	0.115	854.00	3 माह
44	बहराइच	मोहल्ला नव्वागढ़ी में शत्रोहन लाल के मकान से मुद्रिका प्रसाद मौर्या के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	4.79	0.096	854.00	3 माह
45	बहराइच	मोहल्ला नव्वागढ़ी में मनोज कुमार दूबे के मकान से रोहित त्रिपाठी के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	4.76	0.095	854.00	3 माह
46	बहराइच	मोहल्ला घसियारीपुरा में मनकामेश्वर मन्दिर से योगी के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	5.44	0.109	854.00	3 माह
47	बहराइच	मोहल्ला घसियारीपुरा में डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव के मकान से सुशील सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	15.23	0.305	854.00	3 माह
48	बहराइच	तारा गर्ल्स इण्टर कालेज, बहराइच में दो कक्ष च बरामदा निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	21.10	0.422	2354.00	3 माह
49	बहराइच	महिला स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, बहराइच में दो कक्ष व बरामदा निर्माण कार्य-नगर क्षेत्र	21.14	0.423	2354.00	3 माह
50	बहराइच	ग्रा.पं. भटपुरवा में सुखनदिया पेट्रोल पम्प के पास एक अदद हाईमास्क लाइट स्थापना कार्य।	1.91	0.040	854.00	3 माह
51	बहराइच	ग्रा.पं. शेखदहीर में परमेश यादव के घर के सामने एक अदद हाईमास्क लाइट स्थापना कार्य।	1.91	0.040	854.00	3 माह
52	बहराइच	ग्राम पंचायत गौरडिया के मजरा सिसैया में जगतपाल सिंह के घर के सामने एक अदद हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य-हुजूरपुर (द्वितीय कॉल)	1.91	0.040	854.00	3 माह
53	बहराइच	ग्राम पंचायत बड़ागांव में प्राथमिक विद्यालय परसिया से हनुमानदास साधु के घर के सामने एक अदद हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य हुजूरपुर (द्वितीय कॉल)	1.91	0.040	854.00	3 माह
54	बहराइच	ग्राम पंचायत बड़ागाँव के मजरा तुल्लातांड में राम सिंह के घर के सामने एक अदद हाईमास्क लाईट स्थापना कार्य-हुजूरपुर (द्वितीय कॉल)	1.91	0.040	854.00	3 माह

1. ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से बिड डाक्युमेन्ट उपलब्ध होने की तिथि-18.03.2024
2. ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक 27.03.2.24 अपरान्ह 12.00. बजे।
3. ई-निविदा खोलने की तिथि 28.03.2024 को अपरान्ह 12.3. बजे।
4. नियोक्ता को आईटीबी क्लॉज 10 ऑनलाइन के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं/ बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निगरानी रखें और ई-निविदा पोर्टल पर जाए।
5. विस्तृत विवरण देखने हेतु "http://etebder.up.nic.in" को खोलें तथा बिड् डाउनलोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-बहराइच
महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से

UPID-205596 Dated-15-03-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upidadv.gov.in पर उपलब्ध

रमज़ान और चन्दा का धन्धा!

अवधानामा संवाददाता

अल्लाह की ख़ातिर चन्दा के धन्धे को रोकने के लिए कुछ करिये

मौदहा हमीरपुर। रमज़ान का महीना चल रहा है उम्मीद है आप सभी रमज़ान के महीनें का भ्रमपूर्ण फायदा हासिल कर रहे होगें। रमज़ान का महीना गमख्वारी, सब्र और शुक्र का महीना है लोगों के दुःख में सहभागी होना और यथासंभव उनके दुःखो को कम करने का प्रयास करना है ।लेकिन याद रखें कि जिनकी समस्याओं और कष्टों का समाधान करना है, प्रयास करना है, वे केवल ÷मदरसे ÷ही नहीं हैं, वे आम लोग भी हैं दोस्त भी है अजीज और रिश्तेदार भी हैं। जरा सोचिए, दिमाग पर जोर डालिए और सोचिए कि क्या रोजेदार अपनी सुख-सुविधा में अपनों और पड़ोसियों समेत दूसरों की उपेक्षा नहीं कर रहे हैं! जब सवाल पूछा जाता है कि जकात किसको दी, खैरात किसको दी तो सीधा जवाब आता है; फलाने मदरसे को। इस से इन्कार नही कि मदरसों नें काफी हदतक दीन की खिदमत की है लेकिन मदरसों की कारगुजारी पर बड़ा सवाल भी उठने लगा है फिर भी जिन मदरसों का नीजामेतालीम व लेखा जोखा गनीमत है उन की मदद की जा सकती है लेकिन सब की नही क्योंकि आज मदरसों की स्थिति इतनी जटिल हो गई है कि जकात देने के बाद भी यह यकीन नहीं हो पाता है कि जिन मदरसों को पैसा दिया गया है, वे वास्तव में अस्तित्व में हैं या उनका अस्तित्व केवल कागजों पर है! बहुत से ऐसे क्षेत्रों हैं जहां सिर्फ तीन या चार प्रतिष्ठित मदरसे हैं, वहां दीन से बेनयाज कुछ मौलवी जिन्हें दीन से कोई लेना-देना नहीं, रमज़ान शुरू होने से पहले कुछ कमरे किराए पर लेलेते हैं और मदरसा या दारुल उलूम का बोर्ड लगाते हैं।और फिर जोरशोर के साथ चन्दा व जकात इकट्ठा करना शुरू करदेते हैं इस से जो सही मदरसे हैं वह भी शक के दायरे में आजातें हैं। ज़कात देने वालों की जिम्मेदारी है कि वह जिस मदरसे को जकात दे रहे है उस की तहकीकात जरूर कर रें क्योंकि अगर कोई धोखेबाज़ ज़कात का पैसा लेलेता है तो भले ही ज़कात का पैसा देने वाला यह सोचे कि उसकी ज़कात अदा हो गयी है, लेकिन उस की ज़कात नहीं अदा होती है।जिस तरह अपनें रोजे की हिफाजत करना आप की जिम्मेदारी है उसी तरह जकात सही हाथों में जाए यह तहकीक करना भी आप ही ही की जिम्मेदारी है। मुंबई में इन दिनों चन्दा खोर राजदूतों (सफीरो) की भरमार है, रमजान के एक दिन पहले जमीयत उलेमा महाराष्ट्र के एक जिम्मेदार को मुजफ्फरनगर के एक मदरसे के राजदूत(सफीर) ने सिर्फ इसलिए थप्पड़ मार दिया क्योंकि उसने कहा था कि हजरत, आज कन्फर्मेशन जारी करने का समय खत्म हो गया है, कल आना। ऐसे राजदूतों की अच्छी-खासी संख्या है जो विनम्रता से बात करना भी नहीं जानते, जो मदरसों के दस्तावेज़ मांगने पर बहस और अशिष्टता पर उतर आते हैं। सच तो यह है कि मदरसों को लेकर लंबे समय से एक सिस्टम बनाने की बात हो रही है, लेकिन अब तक कोई सिस्टम नहीं बन सका है। और यह भविष्य में कभी संभव नहीं होगा। निज़ाम का मतलब है देश भर के मदरसों की सूची, बच्चों की संख्या और आय और जरूरतों का विवरण। यदि यह सारी जानकारी उपलब्ध हो तो जकात, दान, सहायता और दान का वितरण आसान हो जाएगा। लेकिन ऐसा संभव नहीं है क्योंकि ढेरों मदरसे बंद हो जायेंगे।मदरसे रोजाना खुल रहे हैं।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ढाई सौ मदरसों ने प्रमाणीकरण के लिए देवबन्द में आवेदन किया है! जहाँ इतना बड़ा मदरसा मौजूद हो वहां पर यानी एक ही देवबंद में इतनी बड़ी संख्या में मदरसों का क्या औचित्य है! इसलिए, मदरसों की व्यवस्था महत्वपूर्ण है और जकात और सहायता देने वालों और प्रमाणपत्र जारी करने वाले संगठनों और जमातों के लिए यह जांचना महत्वपूर्ण है कि किस मदरसे को जकात दी जा रही है और किस मदरसे को प्रमाणपत्र जारी किया जा रहा है। वह असली है या नहीं, इससे संतुष्ट होने के बाद ही उसे जकात दें और सर्टिफिकेट जारी करें। अल्लाह की ख़ातिर चन्दा के धन्धे को रोकने के लिए कुछ करिये।

नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा किट वितरित किया गया

सोनभद्र। दिनांक 15.03.2024 को रूबी प्रसाद, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा सफाई कार्य की सुचारूता एवं सफाई कर्मियों के सुरक्षा हित के दृष्टिगत पालिका के सफाई कर्मियों को सफाई किट वितरित की गयी। सफाई किट में सफाई कर्मियों को फुल टीशर्ट,, लोवर, आदि दिये गये। उक्त अवसर पर अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने एवं प्रधानमंत्री के सपनों को साकार बनाने में सफाई कर्मियों को अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान है इनके बिना नगर के सफाई व्यवस्था की कल्पना भी नही की जा सकती। उत्कृष्ट सफाई कार्य करने वाले कर्मियों का मनोबल भी भविष्य में भी इसी प्रकार बढ़ाया जायेगा। इस अवसर पर पालिका के सदस्यगण सर्वश्री अनवर अली, मनोज चौबे, राकेश कुमार, सुनीता चौरसिया, भैयालाल, विनोद सोनी, महताब आलम इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

रमजान का महीना कुरान का महीना है

हिफजुर्रहमान।

मौदहा हमीरपुर। रमजान का महीना इस्लामिक महीनों में सब से महत्वपूर्ण महीना है यह महीना बहुत ही बरकतों और नेकिओं का महीना है इसको अल्लाह और कुरान का महीना भी कहते हैं यह वह महीना है जिसमें ईश्वर का पवित्र ग्रंथ कुरान देवदूत हजरत जिब्राइल अमीन के जरिए हजरत मोहम्मद (सल0) पर नाजिल(उतारा) किया गया था इसलिए इसे कुरान का महीना भी कहते हैं।अल्लाह ताला पवित्र ग्रंथ कुरान में खुद कहता है ÷रमजान का महीना वह महीना है जिस में कुरान नाजिल किया गया जो तुम इन्सानों के लिए हिदायत है और इस में मार्गदर्शन और सच व झूठ की खुली हुई निशानियां हैं जो इस महीनें को पाए तो वह रोजे रखे रोजदार कुरान की याद मनाने के लिए रोजे रखते हैं। रमजान में हर मुसलमान मर्द, औरत, आकिल बालिग पर रोजा रखना अनिवार्य है यदि कोई बीमार है या सफर में है तो उन दिनों के रोजे छोड़कर बाद में उनको पूरा करे। रोजा बुराई से बचने की ढाल है।रमजान के महीनें मे जन्नत(स्वर्ग) के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और जहन्नम (नरक) के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। जैसे ही रमजान का चांद नजर आता है शैतानों को जंजीरों से बांध दिया जाता है जन्नत के तमाम दरवाजों में से एक दरवाजे का नाम है रयान यह वह दरवाजा है जिससे केवल रोजदार ही दाखिल होंगे। रोजा रखने का मकसद सिर्फ भूख और प्यास से बचना नहीं है रोजा आंख, कान और जबान का भी होता है जिस का अर्थ यह है कि रोजदार न गलत चीज देखे न गलत बात सुने और न गलत बात करे आदि। यदि किसी रोजदार के साथ कोई झगड़े तो उस से कहे कि मै रोजे से हूं। रमजान का महीना हर साल लगभग 720 घंटे की ऐसी ट्रेनिंग है जो मुसलमानों को अपनी आनेवाली जिंदगी को भी इसी तरीके से गुजरने की सीख देती है जैसे वह रमजान के महीनें में गुनाहों से बचने की हर सम्भव कोशिश करते हैं। रोजा इंसान को ईश्वर के करीब ले जाता है।रोजा ऐसी ईबादत है जो बन्दा और अल्लाह के अलावा कोई और नही जानता। रमजान का महीना मोमिनों के लिये अल्ला का ऐसा इनाम है जिसमें एक ऐसी रात है जिसको लैलातुलकद्र यानी (कद्र वाली रात) कहते हैं इस रात में ईश्वर की ईबादत करने से 83 साल 4 महीने की इबादत से ज्यादा सवाब (पुन्न) मिलता है। यह रात रमजान के आखिरी के10 दिनों में कोई एक रात होती है इन रातों को पाने के लिए मुसलमान रातभर ईश्वर की इबादत करते हैं उससे दुआएं मांगते हैं क्योंकि यह महीना दुआओं के कबूल होने का महीना है यह महीना हमे दूसरों के साथ हमदर्दी, सब्र, शुक्र व गरीबों की मदद करना सिखाता है। रमजान के महीने में अधिकांश मुसलमान गरीबों की मदद करते है क्योंकि इस्लाम के पांच सिद्धांतों मे से एक सिद्धांत जकात भी है जो हर मालदार को अदा करना अनिवार्य है।

नव वैज्ञानिक पुरस्कार प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

अवधानामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत जनपद में आयोजित नव वैज्ञानिक पुरस्कार प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय भैंस्ता के तीन छात्रों ने जनपद में टॉप 10 की सूची में जगह बनाकर विद्यालय सहित सम्पूर्ण मौदहा ब्लाक को जनपद स्तर पर गौरवान्वित किया है। जिसपर विद्यालय परिसर ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना है।

जनपद के राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरुवार 14 मार्च को आयोजित नव वैज्ञानिक पुरस्कार प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय भैंस्ता के छात्र आर्यन यादव ने विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित सम्पूर्ण ब्लाक को जनपद स्तर पर गौरवान्वित किया है। वहीं इसी विद्यालय के छात्र राज विश्वकर्मा ने पांचवां व विपिन कुमार ने आठवां स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सदर विधायक मनोज प्रजापति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावियों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया है। वहीं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आर्यन, पांचवां स्थान प्राप्त करने वाले राज विश्वकर्मा एवं आठवें स्थान में रहे विपिन कुमार को कालेज की संकुल शिक्षक तबस्सुम सहित समस्त विद्यालय परिवार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद स्तर पर विद्यालय को गौरवान्वित करने वाले तीनों मेधावियों को शुक्रवार को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

राजकीय महाविद्यालय के छात्रों ने ग्रामीणों को बताया मतदान (वोट) का महत्व

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 के द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर शीराज खान के दिशा निर्देशों के अनुरूप आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इकाई 2 के चौथे एक दिवसीय शिविर में ग्राम सभा सूरजपुर के ग्राम वासियों को घर घर जाकर स्वयंसेवकों और सेविकाओं ने मतदान हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिल्पी राय के नेतृत्व में स्वयसेवको एवं सेविकाओं ने सड़क पर रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए ग्रामवासियों को बढचढकर मतदान में भाग लेना चाहिए। इस जागरूकता कार्यक्रम में रूबी, ईशा, आयशा ,लक्ष्मी, किरण, सृष्टि ,रचना आदि स्वयंसेवकों ने सक्रिय प्रतिभाग किया।वही राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा में संचालित एनएसएस की इकाई प्रथम का सामान्य शिविर का तीसरा दिन रहा जिसमें युवा एवं खेलमंत्रालय,भारत सरकार के तहत कार्यक्रम ÷पर्यावरण एवं जल संरक्षण÷ पर जागुरूकता अभियान चला जिसमें एनएसएस के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर संजय कुमार के निर्देशन में पर्यावरण एवं वन विभाग हमीरपुर में कैंप लगाया, वन बीट अधिकारी मनोज कुमार यादव जी ने बच्चों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के बारे में बताया कि वृक्षों की प्रजाति कितनी होती हैं।

पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर चर्चा करते हुए डॉक्टर सुजीत कुमार सिंह और डॉक्टर घनश्याम दास जी ने बच्चों को पर्यावरण के बारे में रोचक जानकारी प्रदान की । हिंदी साहित्य के विद्वान डॉक्टर सुजीत कुमार सिंह ने पर्यावरण पर आदिवासी कवयित्री की कविता के माध्यम से अपनी बार रखते हुए कविता पढ़ी,

ऑक्सीजन की कमी से बहुत सी नदिया मर गई, पर किसी ने ध्यान नहीं दिया कि उनकी लाशें तैर रही हैं मरे हुए पानी में अब भी,
नदी की लाश के ऊपर आदमी की लाश डाल देने से किसी के अपराध
पानी में घुल नहीं जाते
वे सब पानी में तैरते रहते हैं,
जैसे नदी के साथ
आदमी की लाशें तैर रही हैं,
मरे हुए पानी में अब भी,
एक दिन जब सारी नदियां मर जायेंगी ऑक्सीजन की कमी से,
तब मरी हुई नदियों में तैरती मिलेंगी
सभ्यताओं की लाशें भी,
नदियां ही जानती हैं उनके मरने के बाद आती है सभ्यताओं के मरने की बारी।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अवधानामा ब्यूरो

ब्लैक स्पॉट वाले स्थलों पर साईनेज बोर्ड लगाने का कार्य 15 दिवस केअन्दर किया जाये सुनिश्चितः जिलाधिकारी

ब्मारकुण्डी घाटी के नीचे सड़कों पर हाईमास्ट लाईट लगाने की व्यवस्था की जाये सुनिश्चितः जिलाधिकारी

सोनभद्र। जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में की बैठककी गयी, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नारायनपुर, हाथीनाला एन.एच. कीसड़कों की मरम्मत व गुणवत्ता बेहतर करने हेतु शासन को पत्राचार किया जाये। इस दौरान उन्होंने ए.सी.पी. टोल प्लाजा व पी.डब्ल्यू.डी. को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लैक स्पॉट वाले स्थलों पर साईनेज बोर्ड लगाने का कार्य 15 दिवस के अन्दर सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने ए.सी.पी. टोल प्लाजा को निर्देशित करते हुए कहा कि मारकुण्डी घाटी के नीचे सड़कों पर हाईमास्ट लाईट लगाने की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित करायी जाये, जिससे कि होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आये, इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों के किनारे स्थापित अस्पतालों की सूची बनायी जाये, जो स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित हों और उन अस्पतालों के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने में जानकारी उपलब्ध करायी जाये कि व्यक्ति की दुर्घटना होने पर समुचित ईलाज नजदीक के किस अस्पताल में प्राप्त होगा, जिससे कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय से ईलाज उपलब्ध हो सके, इस जानकारी के सम्बन्ध में एक निर्धारित दूरी पर साईनेज बोर्ड भी लगाये जाये। मानक के अनुरूप सड़क सुरक्षा का कार्य किया जाये और इसकी निरन्तर जॉच भी करायी जाये, कार्य अमल में लाया जा रहा है या नहीं इसकी पुष्टि भी समय-समय पर की जाये। उन्होंने कहा कि स्कूलों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम करने के साथ ही स्कूलों से सम्बद्ध वाहनों का फीटनेश और वाहन चालकों का परीक्षण नियमित रूप से कराने के निर्देश दियें, दुर्घटना बाहुल्य रोड के किनारे सोलर आई कैट, सोलर डोलोनेटर लगाने के साथ आबादी वाले इलाकों के राज्य मार्ग के किनारे रोड लाईट भी लगायें, उन्होंने रोड संकेतक जगह-जगह पर प्रदर्शित करने के साथ ही ब्लैक स्पॉट की जगहों की विशेष ध्यान देने पर बल दिया गया। बैठक में अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय लोक निर्माण विभाग शैलेंद्र सिंह, ए.आर.टी.ओ. धनवीर यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

साइबर क्राइम नें 6 आवेदकों के ऑनलाइन फॉड का 2,16,864/- करवाया वापस

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उनके बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड/धोखाधडी की जा रही है।

उक्त के संदर्भ मे पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को जनपद के भिन्न भिन्न स्थानों पर जाकर साइबर जागरुकता अभियान के क्रम में जनपद वासियों को हो रहे साइबर अपराध के बारे में चर्चा कर साइबर अपराध से बचाव हेतु उपायों के बारे में जानकारी साझा की जाती है तथा कभी भी साइबर अपराध जैसी घटना घटित होने पर तुरन्त साइबर अपराध बचाव टोल फ्री नं0-1930 पर कॉल कर व जनजद में स्थापित साइबर अपराध थाना से संम्पर्क कर बचाव किये जाने हेतु सुझाव दिये जाते रहते है।

इसी क्रम में साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा आवेदक उदय कुमार पुत्र पच्चू साहू निवासी ग्राम नदेहरा, थाना ललपुरा, जनपद हमीरपुर द्वारा प्रार्थना पत्र व संबंधित रिकॉर्ड प्राप्त कर तत्परता से कार्यवाही करते हुए 1,64,899/- रुपये व अन्य 05 आवेदकों के 51,975/- रुपये तथा कुल राशि 2,16,864/- रुपये (दो लाख सोलह हजार आठ सौ चौंसठ रुपये) आवेदकों के खाते में सम्पूर्ण धनराशि वापस करवाई गई, अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग एवं मोटराइज साइकिल का किया गया वितरण

सोनभद्र/विंध्याचल। एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सिंगरौली जिले के दिव्यांगजनो को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बैढन में दिनांक 14.03.2024 को मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि के कर कमलों द्वारा कृत्रिम अंग एवं मोटराइज साइकिल का वितरण किया गया। वितरण समारोह के दौरान महाप्रबंधक (मानव संसाधान) प्रबीर कुमार बिस्वास, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राकेश अरोड़ा के साथ-साथ इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एस डी सिंह ,ब्लड बैंक मेडिकल डायरेक्टर डॉ आर डी द्विवेदी , मैनेजमेंट कमेटी सदस्य जी पी सिंह अमित राज एवं सीएसआर टीम से वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) पंकज वशिष्ठ, कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल एवं टीम के अन्य सदस्य व डीडीआरसी के स्टॉफ गण उपास्थित रहे। सभी दिव्यांगजन एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा कृत्रिम अंग एवं मोटराइज साइकिल प्राप्त कर बहुत उत्साहित दिखे एवं इस पुनीत कार्यो की इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं उपस्थित सभी दिव्यांगजनो द्वारा सराहना करते हुये आभार प्रकट किया गया।

वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/ सिंगरौली। भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम कार्यालय, शाखा रीवा के साथ मिलकर वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन कर रही है। शुक्रवार से अधिकारी क्लब, सिंगरौली में आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम 15-16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देना तथा नई खरीद नीति व जेम पोर्टल के बारे में सभी विक्रेताओं को जागरूक करना है। इस दौरान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम और विशिष्ट अतिथि के रूप में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय, इंदौर के प्रभारी निदेशक डी. डी. गजभिए उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सीएमडी एनसीएल बी. साईराम ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास की अवधारणा देश की औद्योगिक प्रगति से जुड़ी हुई है एवम् वांछित जीडीपी दर को हासिल करने के लिए इन उद्यमों का विकास होना अनिवार्य है। भारी उद्योगों के विकास हेतु जरूरी इनपुट एमएसएमई से ही मिलता है। साथ ही उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के द्वारा जारी की गई दिशानिर्देशों का अक्षरशः पालन करना एनसीएल का नैतिक उत्तरदायित्व है। इस दौरान उन्होंने विश्वास जताया कि एनसीएल अपने आस पास के क्षेत्र के उद्यमों के विकास में निरंतर सहभागिता सुनिश्चित करती रहेगी।

पेयजल की व्यवस्था को लेकर बोरिंग व टेंकर की व्यवस्था को मिली सहमति

अवधानामा ब्यूरो

सभी वार्डों में विकास कार्यों के प्रस्ताव पर विचार

सोनभद्र। नगर पालिका परिषद सोनभद्र बोर्ड की बैठक शुक्रवार को पालिका के सभाकक्ष में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बोर्ड में पन्द्रहवां वित्त/आदर्श नगर योजना, पंचम राज्य वित्त व अन्य मदों में उपलब्ध धनराशि के अर्न्तगत सभी वार्डों में विकास कार्यों के प्रस्ताव पर विचार करते हुये बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त आगामी गर्मी में पेयजल की व्यवस्था के लिये नगर के अभाव ग्रस्त वार्डों में टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति कराने का प्रस्ताव तथा विभिन्न वार्डों में 5000 ली0 की टंकी बोरिंग आदि कराकर पेयजल की उपलब्धता का प्रस्ताव बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया गया। '' अध्यक्ष द्वारा नगर के अति गरीब रेवड़ी ठेला खोमचा एवं पटरी व्यवसायियों से नगर पालिका परिषद द्वारा वसूल किये जा रहे यूजर चार्ज को अनुचित बताते हुये कहा गया कि इससे गरीब लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है इस पर बोर्ड द्वारा अध्यक्ष के विचारों से सहमत होते हुये तत्काल प्रभाव से गरीब रेवड़ी ठेला खोमचा एवं पटरी व्यवसायियों से यूजर चार्ज की वसूली को बन्द कराते हुये केवल बड़े होटलों रेस्टोरेन्टों एवं अन्य बड़े व्यवसायियों से यूजर चार्ज लिये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया'' बढ़ने वाले व्यय की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक अत्यन्त सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी वार्डो के सदस्यगणों की उपस्थिति रही। अन्त में धन्यवाद देते हुये बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी। इस दौरान मनोज चौबे ,प्रियंका, विनोद सोनी, गायत्री, अनवर अली, अशोक कुमार, सुनीता चौरसिया, चंद्रप्रकाश दुबे, उषा जैन, दीपिका गुप्ता, प्रभात कुमार सिंह, राकेश कुमार, ओम प्रकाश सिंह ,नजबुन निशा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

एनटीपीसी-विंध्याचल में सम्पन्न हुई 81वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्याचल। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के प्रशासनिक भवन सीवी रमन सभागार में मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा 81वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस समिति का मुख्य कार्य परियोजना के अंतर्गत विभागों/अनुभागों मे राजभाषा अधिनियम/नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना एवं जनवरी से मार्च, 2024 की तिमाही की इस दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन करना है। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की यह बैठक परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ने राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं हिंदी मे उत्कृष्ट कार्य कर रहें कर्मचारियों को प्रोत्साहन के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर और काम हिंदी में करने के लिए कहा। बैठक के आरंभ मे सर्वप्रथम कार्यपालक (मानव संसाधन- नैगम संचार एवं राजभाषा) शिक्षा गुप्ता द्वारा परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रबीर कुमार बिस्वास, अन्य महाप्रबंधकगण अपर महाप्रबंधकगण एवं समिति के अन्य सदस्यों का अभिनंदन कर जनवरी से मार्च, 2024 तिमाही के दौरान राजभाषा अनुभाग की विशिष्ट उपलब्धियों की जानकारी व विगत बैठक के दौरान लिए गए विभिन्न निर्णयों की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। अंत में बैठक का समापन अपर महाप्रबन्धक(मानव संसाधन) राकेश अरोड़ा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

हर्बल गुलाल के स्टाल का डीएम ने किया अवलोकन

बांदा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन समूहों के द्वारा होली के त्यौहार के लिए तैयार किये गये महर्षि बामदेव जैविक गुलाल का कलेक्ट्रेट में लगे स्टाल का अवलोकन किया। जैविक गुलाल बनाने का प्रशिक्षण स्वयं सहायता समूहों को दिलाया गया था, जिसके अन्तर्गत जनपद में गठित जय मां दुर्गे स्वयं सहायता समूह और जय मां काली स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा यह हर्बल गुलाल तैयार किया गया है। यह गुलाल घरेलू उपयोग में आने वाले खाद्य पदार्थो जैसे अरारोट, आटा, खाने के रंग, एसेन्सियल आयल, पालक, चुकन्दर और हल्दी जैसी सामग्री से बनाया गया है। इसमें किसी भी प्रकार के कैमिकल का उपयोग नही किया गया है, जो व्यक्ति की त्वचा के लिए किसी तरह से हानिकारक हो।

परशुराम लक्ष्मण संवाद सुन श्रोता हुए मंत्र मुग्ध

खप्टिहाकला के रपरागंज मोहल्ले में आयोजित हुई श्रीराम लीला

अवधानामा संवाददाता

बांदा। तहसील अंतर्गत खप्टिहाकला गांव में स्थित रपरा गंज मुहल्ले में दो दिवसीय रामलीला के दूसरे दिन महाराज जनक द्वारा यह कहे जाने पर की वीर विहीन मही मैं जानी, यह धारा वीरों से खाली है इस पर लक्ष्मण उत्तेजित होकर कहा कि यह धरा हमेशा वीरों से ओतप्रोत रही है। वहीं राम सीता के विवाह में सखियों ने मंगल गीत गए तथा परशुराम की भूमिका में कानपुर से आए सर्वेश पांडे व लक्ष्मण की भूमिका में फतेहपुर से आए जीतू ने परशुराम लक्ष्मण संवाद अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लक्ष्मण ने कहा कि जिस देश का खाना पानी खाते पीते हैं उस देश के लिए सतत कुर्बान रहना चाहिए। वहीं परशुराम ने कहा जो परहित में जीता है परहित में मरता है, वह नर से नारायण बन जाता है। साथ ही कहा कि परम शांति श्मशान घाट में मिलती है। श्मशान में खामोशी में मेला लगा रहता है। बिना कफन वाले भी शमशान घाट ही आते हैं, परलोक के मार्ग में धर्म ही जीव के साथ जाता है। वहीं भगवान राम ने कहा कि मेरे छोटे भाई लक्ष्मण ने जो कटु वचन का प्रयोग किया है, उसके लिए वह क्षमा चाहते हैं। मेरी मां कौशल्या ने मुझे सौंपा था कि अपने भाई को मैं सकुशल वापस अयोध्या लेकर आऊंगा, रामजी के करुण विलाप को सुनकर परशुराम ने कहा इस धनुष की प्रत्यंचा को चढ़ाकर मेरी शंका को दूर करो। इस दौरान व्यास पीठ पर सरिस द्विवेदी फतेहपुर, तबला वादक उमाशंकर उर्फ ज्वाला सिंह आर्गन पर पुष्कर ओरन, नालवादक दीनदयाल तिवारी मौजूद रहे। वहीं पशु आश्रय स्थल के संचालक डाक्टर अनिल कुमार शर्मा, पंडित अशोक महाराज, डाक्टर अनिल कुमार त्रिपाठी, अमित द्विवेदी भोला सिंह कुलदीप तिवारी ग्राम प्रधान अलोना सुमित सविता, ग्राम प्रधान खप्टिहाकला मैना देवी निषाद ने भगवान राम और लक्ष्मण की आरती उतारी तथा कमेटी को सहयोग प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने माँ पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय का भूमिपूजन कर आधारशिला रखी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद बलरामपुर में माँ पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय का भूमिपूजन कर उसकी आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद बलरामपुर की 1488.89 करोड़ रुपये लागत की 466 विकास परियोजनाओं तथा जनपद श्रावस्ती की 260.37 करोड़ रुपये की 31 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने माँ पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय के मॉडल का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से आकांक्षात्मक जनपदों को विकसित जनपद की श्रेणी में लाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। जनपद बलरामपुर एवं श्रावस्ती का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। आदि शक्ति माँ पाटेश्वरी देवी की कृपा इस पूरे क्षेत्र पर बरसती है। प्रति वर्ष भारत और नेपाल के लाखों श्रद्धालु माँ पाटेश्वरी देवी के दर्शन हेतु देवीपाटन आते हैं।

देश को प्रधानमंत्री जी का नेतृत्व प्राप्त हुआ, उन्होंने देश की तकदीर को बदल कर रख दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद श्रावस्ती का इतिहास मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पुत्र कुश तथा लव से जुड़ा है, जिन्होंने जनपद श्रावस्ती को अपनी राजधानी बनाकर इसे एक पहचान दी थी। श्रावस्ती महात्मा बुद्ध तथा जैन तीर्थांकरों से जुड़ी है। भगवान बुद्ध ने अपने सर्वाधिक चातुर्मास श्रावस्ती में व्यतीत किए थे। श्रावस्ती के राजा के रूप में महाराज सुहेलदेव ने देश की स्वाधीनता एवं स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए विदेशी आक्रांताओं के छक्के छुड़ाने का कार्य किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में वर्ष 1949 में अयोध्या में श्रीरामलला से सम्बन्धित आंदोलन की शुरुआत आदिशक्ति मां भगवती पाटेश्वरी पीठ एवं महाराजा बलरामपुर की भूमिका में हुई थी। आज हम प्रधानमंत्री के विजन एवं नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के विराजमान होने के गौरवशाली क्षण के साक्षी बने हैं। जनपद अयोध्या में 22 जनवरी से 10 मार्च, 2024 तक लगभग 01 करोड़ श्रद्धालु ने भगवान श्रीरामलला के दर्शन कर चुके हैं। इस नव्य और भव्य अयोध्या को जनपद बलरामपुर और श्रावस्ती से भी जोड़ा जाएगा। जनपद बलरामपुर और श्रावस्ती आकांक्षात्मक जनपद से उबरकर विकास की नई बुलन्दियों को छूकर आगे बढ़ेंगे। इस धरती का महत्व यह है कि यहां पर लिया गया कोई भी संकल्प व्यर्थ नहीं जाता, वह पूरा होकर रहता है।

वरिष्ठ पत्रकार मंजू श्रीवास्तव को मिला वुमेंस अचीवर्स सम्मान

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर एमिटी विश्व विद्यालय लखनऊ कैंपस एवम हेल्प यू एजूकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम आराध्या वुमेंस अचीवर्स सम्मान 2024 दिया गया। जिसमें शहर व प्रदेश की अपने अपने क्षेत्र में कामयाब महिलाओं का सम्मान किया गया। फोटो वॉयस की संपादक मंजू श्रीवास्तव को भी पत्रकारिता के क्षेत्र में यह सम्मान दिया गया। विगत हो की मंजू श्रीवास्तव मौजूदा समय में फोटोग्राफर्स संगठन मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब की प्रभारी भी है। यह सम्मान उन्हें आईएएस बी. चंद्रकला द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर बी. चंद्रकला ने कहा कि महिलाएं आज घरों से निकल कर कामयाबी की बुलंदियाँ छू रहीं हैं। एमिटी के विंग कमांडर डॉ अनिल तिवारी ने कहा कि यदि महिलाओं को आधे अधिकार भी मिलें तो वह संसार का हर कार्य बखूबी कर सकती हैं। हेल्प यू ट्रस्ट की डॉ रुपल अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को मिले सम्मान उनकी कार्य क्षमता को और ऊंचाइयों पर ले जायेगा। एमिटी विश्व विद्यालय की प्रो मंजू अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मंजू श्रीवास्तव के अलावा सेवानिवृत आई ए एस अधिकारी अनिता भटनागर जैन,डॉ. अंकिता सिंह, नीमा पंत, डॉ. ऋचा आर्य, पंखुड़ी गिड़वानी, सहित करीब 30 महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

पांच दिवसीय होली गंजिंग कार्निवल 16 मार्च से

लखनऊ । 16 मार्च से हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर पांच दिवसीय होली गंजिंग कार्निवल शुरू होगा। लखनऊ मेट्रो त्योहारी सीजन की शुरुआत को लेकर 16 मार्च से 20 मार्च तक 5 दिवसीय होली गंजिंग कार्निवल का आयोजन कर रहा है। मेगा कार्निवल में हस्तशिल्प, बेकरी, गृह सज्जा, सिरेमिक प्लांट और प्लांट आदि की बिक्री होगी। इसमें पूरी तरह से भारत में निर्मित स्वदेशी वस्तुओं का प्रदर्शन बिक्री होगी। इस दौरान अवध लोक संगीत अवध की शाम का आयोजन 22 मार्च को दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच किया जायेगा। मानसी रघुवंशी हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर अवधी लोक संगीत की प्रस्तुति देंगी। 22 मार्च हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर एक साथ अवध संस्कृति, इतिहास और होली समारोह पर एक टॉक शो का आयोजन किया जायेगा। अवध पर चर्चा के तहत किस्सा लखनऊ का दोपहर 3 बजे होगा। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर एक सेल्फी स्टैंड भी बनाया जायेगा

डबल डेकर समेत आधा दर्जन ट्रेनें हुई निरस्त

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुरादाबाद मण्डल के दरपुर स्टेशन पर नॉनइंटरलाकिंग कार्य के चलते डबल डेकर समेत आधा दर्जन ट्रेनों को निरस्त किया गया है। वहीं कई अन्य ट्रेनों को टर्मिनेट व रिशेडयूल्ड भी किया गया है। यह जानकारी उत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी। इन ट्रेनों को किया गया निरस्त ट्रेन नम्बर 15012 चंडीगढ़ लखनऊ एक्सप्रेस 21 से 23 मार्च तक निरस्त रहेगी। इसी क्रम में 14308 बरेली प्रयागराज संगम एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, 14236 बरेल .वाराणसी एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, 12584 डबल डेकर एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, 22554 मेरठ सिटी लखनऊ राज्य रानी एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, 15044 काठगोदाम लखनऊ एक्सप्रेस 22 से 23 मार्च, 14235 वाराणसी बरेली एक्सप्रेस 21 से 23 मार्च, 14307 प्रयागराज संगम बरेली एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, 15011 लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस 20 से 22 मार्च, 12583 डबल डेकर एक्सप्रेस 22 से 24 मार्च, 15044 लखनऊ काठगोदाम एक्सप्रेस 21 से 22 मार्च तक निरस्त रहेंगी।

शार्ट टर्मिनेट व शार्ट ओरिजिनेट

ट्रेन नम्बर 04319 लखनऊ चंडीगढ़ शाहजहांपुर स्पेशल एक्सप्रेस बालामऊ जंक्शन पर 15, 16, 18, 19, 21 व 23 मार्च को शार्ट टर्मिनेट होगी। वहीं 04320 शाहजहांपुर चंडीगढ़ लखनऊ स्पेशल एक्सप्रेस 16, 17, 19 20, 22 व 24 मार्च को बालामऊ जंक्शन से शार्ट ओरिजिनेट होगी। त्रिवेणी एक्सप्रेस को किया जायेगा रि-शेडयूल्ड ट्रेन नम्बर 15074 टनकपुर सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस 22 मार्च को टनकपुर में 90 मिनट रि शेडयूल की जायेगी।